- जबलपुर, गुरुवार
- दिनांक 19 फरवरी 2026
- वर्ष 31 अंक 238
- पृष्ठ 12
- मूल्य ₹ 3.00

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


**सुविचार**

'जब तक आप किनारे को नहीं छोड़ोगे तब तक आप समुंदर को पार नहीं कर सकोगे'


2 भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न...
5 एसडीएम का चेला पांच की हजार...
7 अमेरिका के साथ दूसरे दौर की...
11 भोपाल में महिला कांग्रेस की रसोई...





# मध्यप्रदेश में आया 'ज्ञानी' बजट



**G गरीब कल्याण**



- वृद्धा पेंशन
- विकलांग पेंशन
- सामाजिक सुरक्षा
- योजना

कुल राशि-15,000+ करोड़ रु.

**Y युवा शक्ति**



- शिक्षा, कौशल
- विकास
- छात्रवृत्ति
- रोजगार मिशन

कुल राशि-32,000+ करोड़ रु.

**A अन्नदाता (किसान)**



- MSP समर्थन
- कृषि उत्पाद
- विपणन
- सहायता

कुल राशि-1,15,000+ करोड़ रु.

**N नारी शक्ति (महिला)**



- लाड़ली बहना
- लाड़ली लक्ष्मी
- पोषण मातृत्व
- सहायता

कुल राशि-31,000+ करोड़ रु.


**I इन्फ्रास्ट्रक्चर**



- सड़क, उर्जा
- सिंचाई, शहरी
- एवं ग्रामीण
- सहायता

कुल राशि-1,06,000+ करोड़ रु.

**I इंडस्ट्री**



- निवेश
- MSME सहायता
- कॉरिडोर योजना

कुल राशि-6,400+ करोड़ रु.

## लाड़ली बहनों के लिए 23,882 करोड़, 8वीं तक के बच्चों को दूध, 15 हजार शिक्षकों की भर्ती

भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने अपने दूसरे बजट (2025-26) में 'ज्ञान' यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर जोर दिया था। इससे आगे बढ़कर 2026-27 का बजट 'ज्ञानी' हो गया है, यानी इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री भी जुड़ गए हैं। इन छह सेक्टर्स पर ही बजट के 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होने हैं। इसमें भी सबसे ज्यादा खर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर, किसान और महिलाओं पर होगा। प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को डॉ. मोहन यादव सरकार का तीसरा बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2026-27 का ये बजट 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए का है। सरकार ने पहली बार रोलिंग बजट पेश किया है यानी इसमें 2026-27 के बजट अनुमान के साथ वित्तीय वर्ष 2027-28 और 2028-29 के बजट का भी अनुमान शामिल है। 4.38 लाख करोड़ रुपये के इस महाबजट में 1,06,156 करोड़ रुपये से अधिक पूंजीगत व्यय का प्रावधान रखा गया है, जबकि 44.42 करोड़ रुपये का राजस्व आधिक्य अनुमानित है। राज्य सरकार अपने करों से 1,17,667 करोड़ रुपये जुटाएगी। वहीं केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में 1,12,137 करोड़ और केंद्रीय सहायता अनुदान के रूप में 54,505 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में न तो कोई नया टैक्स लगाया गया है और न ही मौजूदा करों में वृद्धि की गई है। सरकार ने 1 लाख किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराने की घोषणा की है। साथ ही युवाओं के लिए 15 हजार शिक्षकों की भर्ती का ऐलान किया गया है। सड़क मरम्मत के लिए 12,690 करोड़ रुपये और जल जीवन मिशन के लिए 4,454 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। लाड़ली बहना योजना के लिए 23,882 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो बजट की सबसे बड़ी सामाजिक घोषणाओं में शामिल है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में प्रदेश का संकल्प है। कुल मिलाकर, यह बजट बिना कर वृद्धि के अधोसंरचना विस्तार, कृषि सशक्तीकरण, युवा रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के संतुलित मॉडल को आगे बढ़ाने वाला दस्तावेज माना जा रहा है।




### पहली बार डिजिटल बजट

प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर रहा जब बजट पूरी तरह डिजिटल स्वरूप में प्रस्तुत किया गया। बजट भाषण से पहले विपक्ष के ओमकार सिंह मरकाम ने आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन इसके बाद कार्यवाही सुचारु रूप से चली। करीब डेढ़ घंटे के भाषण में वित्त मंत्री ने महिलाओं, किसानों और युवाओं को केंद्र में रखा।

### रोलिंग बजट प्रस्तुत करने वाला देश का पहला राज्य: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का यह बजट 'ज्ञानी' के मार्गदर्शी सिद्धान्त पर तैयार किया गया है। जिसमें गरीब कल्याण, युवा शक्ति के कौशल विकास एवं रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण, अन्नदाता की आय में वृद्धि, नारी सशक्तिकरण, आधारभूत सुविधाओं का विकास एवं प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने का संकल्प है। 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए के बजट में विकास के लिए पर्याप्त धन राशि रखी गई है, यह विकास और जनकल्याण के संकल्प की पूर्ति का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट समृद्ध मध्यप्रदेश, सम्पन्न मध्यप्रदेश, सुखद मध्यप्रदेश, सांस्कृतिक मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने वाला है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी प्रदेश की जनता पर किसी नए कर बोझ नहीं डाला गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने रोलिंग बजट को अपनाते हुए वार्षिक बजट को दीर्घकालिक दृष्टि से जोड़ा गया है। रोलिंग बजट प्रस्तुत करने वाला संभवत: मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है।

### बजट में किसे क्या मिला

- जी रामजी योजना के लिए 10,428 करोड़ रुपये।
- पीएम जनमन योजना के लिए 900 करोड़ रुपये।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए 40,062 करोड़ रुपये।
- श्रम विभाग के लिए 1,335 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
- शिक्षा विभाग के लिए 31,953 करोड़ रुपये।
- स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 24,144 करोड़ रुपये।
- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए कुल 1.15 लाख करोड़ रुपये।
- पशुपालन के लिए 2,364 करोड़ रुपये।
- किसान ऋण हेतु 25 हजार करोड़, 720 करोड़ ब्याज अनुदान हेतु।
- भावांतर योजना के तहत 337 करोड़ रुपये का भुगतान।
- एक लाख सोलर सिंचाई पंप वितरित किए जाएंगे।
- उज्जैन में एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए 1,000 करोड़ रुपये।
- इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए 2,360 करोड़ रुपये।
- जबलपुर में 350 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर निर्माण।
- मजरा-टोला सड़क योजना के लिए 21,630 करोड़ रुपये।
- मेट्रो रेल परियोजना के लिए 650 करोड़ रुपये।

### ग्रामीण और सामाजिक योजनाएं

- ग्रामीण आबादी भूमि मालिकाना अधिकार योजना के लिए 3,800 करोड़ रुपये।
- यशोदा दुग्ध प्रधान योजना हेतु 700 करोड़ रुपये। 8वीं तक के बच्चों को टेट्रा पैक में दूध।
- केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए 1,000 करोड़ रुपये।
- मुख्यमंत्री संबल योजना हेतु 950 करोड़ रुपये।
- छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 और कॉलेज) के लिए 813 करोड़ रुपये।
- आयुष्मान भारत योजना के लिए 863 करोड़ रुपये।
- मेधावी विद्यार्थी योजना और वेदांत पीठ स्थापना के लिए 750-750 करोड़ रुपये।

## बजट में सिर्फ बातों के बताशे : कमलनाथ

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का आज का बजट जनता से विश्वासघात वाला बजट है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित का मुद्दा पूरी तरह सफाचट है। नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपया प्रति क्विंटल, किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपया प्रति क्विंटल, लाड़ली बहन योजना में महिलाओं को प्रति महीने 3 हजार रुपया और घरेलू गैस सिलेंडर 450 रुपये में देने के वादे किए थे, वह सारे वादे ढाई साल बाद भी वित्त मंत्री के बजट भाषण से गायब दिखाई दिए। प्रदेश के किसानों, नारी शक्ति, नौजवानों और सभी वर्गों से किए गए चुनावी वादों को बजट में कोई स्थान नहीं दिया गया। साफ समझ में आता है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के हित को ध्यान में नहीं रख रही है और केंद्र सरकार की कठपुतली के रूप में प्रदेश की जनता के हित को केंद्र के हाथों में गिरवी रख दिया है।



## गुल्लक लेकर पहुंचे कांग्रेस नेता

इससे पहले आज विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व विधानसभा परिसर में कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। गुल्लक लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस नेता। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार कर्ज लेकर घी पी रही है। यह जनता की तिजोरी है, जनता के लिए है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रही है और वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं कर रही। सरकार ने खजाना खाली कर दिया है।






## प्रधानमंत्री मोदी और सुंदर पिचाई की मुलाकात

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के तीसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से मुलाकात की। मोदी ने कहा कि भारत में एआई तेजी से बढ़ रहा है और गूगल जैसे ग्लोबल टेक प्लेयर्स के साथ मिलकर काम करने से इसके अवसर और बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में बताया कि सुंदर पिचाई से भारत की एआई में हो रही प्रगति, भारतीय स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स के टैलेंट और गूगल के साथ आगे काम करने के अवसर पर बात की। पीएम मोदी के एक्स पोस्ट के बाद गूगल सीईओ ने भी पोस्ट किया। सुंदर पिचाई ने कहा है कि पीएम मोदी से मिलना एक अच्छा अनुभव था। हमने भारत के हेल्थ, एग्रिकल्चर और लैंगवेज सपोर्ट लेकर दूसरे सेक्टर्स में एआई को इन्फ्यूज करने पर बातचीत की है।

## चीनी रोबोट को अपना बताने पर एआई समिट से 'गलगोटिया यूनिवर्सिटी' बाहर

### कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज खराब की

**नई दिल्ली।** चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम 'ओरियन' है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी एआई के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद कई टेक एक्सपर्ट्स और यूजर्स ने दावा किया कि यह असल में चीनी कंपनी 'यूनिट्री' का 'गो-2' मॉडल है, जो बाजार में 2-3 लाख रुपए में उपलब्ध है। वहीं एक अन्य वीडियो में यूनिवर्सिटी जिस ड्रोन को कैंपस में शुरुआत से तैयार करने का दावा कर रही हैं, उसे यूजर्स ने 40 हजार रुपये वाला रेडीमेड 'स्ट्राइककर वी3 एआरएफ' मॉडल बताया है।



## राज्यसभा की 37 सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें 12 एनडीए के पास हैं, 25 पर विपक्ष का कब्जा है। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6 और पश्चिम बंगाल-बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। शरद पवार, रामदास अठावले, कणिमोझी, तिरुचि शिवा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी।

## घटना को अंजाम देने पायलट का इस्तेमाल हुआ होगा

### बारामती प्लेन हादसे पर रोहित पवार ने खड़े किए कई सवाल

मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र के बारामती प्लेन क्रैश हादसे को साजिश करार देते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां काम तो कर रही हैं, लेकिन गति इतनी धीमी है कि संदेह बढ़ रहा है। रोहित पवार ने केंद्र सरकार की जांच पर भी उंगली उठाई और डिजिटल सबूतों की मांग की। पवार ने आशंका जताई कि पायलट का इस्तेमाल कर इस घटना को अंजाम दिया गया होगा और अब कागजों में हेरफेर की जा सकती है। रोहित पवार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुछ दिन पहले हमने मुंबई और दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। पीसी के बाद जांच संस्थाएं काम कर रही हैं। हमें समाधान है, लेकिन जिस गति से कर रही हैं, उस पर हमारा सवाल है। अब नेता भी पत्र दे रहे हैं और जांच की मांग कर रहे हैं। फ्यूल टैंक पर सवाल उठाते हुए रोहित पवार ने कहा कि विमान का फ्यूल टैंक पूरा भरा हुआ था। फ्यूल टैंक पूरा भरने की जरूरत क्या थी? विंग्स में टैंक थे, वो भी भरे हुए थे। उन्होंने संदेह जताया कि पायलट का इस्तेमाल कर इस घटना को अंजाम दिया गया होगा। विमान को जानबूझकर नीचे गिराया गया। रोहित ने ब्लैक बॉक्स के जलने की थ्योरी को भी चुनौती दी और कहा कि जानकारों के मुताबिक ब्लैक बॉक्स तभी खराब हो सकता है जब वह 1100 डिग्री सेल्सियस पर एक घंटे तक जले, जबकि वह पानी में एक महीने तक रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि विमान के केबल, जिनका मेल्टिंग पॉइंट कम होता है, वो नहीं जले तो ब्लैक बॉक्स कैसे खराब हो गया। इससे संदेह और बढ़ता है।



### फाइल के लिए आया था फोन

रोहित पवार ने दावा किया कि अब नेता भी पत्र लिखकर जांच की मांग कर रहे हैं। उन्हें शाम 7 बजकर कुछ मिनट पर फाइल के लिए फोन आया था। उन्होंने कहा कि जहाज की बॉडी एल्युमीनियम और बाहरी भाग टाइटेनियम से बना होता है, ऐसे में तकनीकी खामियों को छिपाना मुश्किल है। इस पूरे मामले के पीछे कौन है और इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें जांच एजेंसियों के काम से समाधान तो है, लेकिन जिस धीमी गति से काम हो रहा है वह संदेहास्पद है।

# भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न, संगठन को मजबूत बनाने पर हुआ मंथन

## नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी कमल प्रताप सिंह का प्रथम जिला आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा जिला संगठन के जिला प्रभारी कमल प्रताप सिंह की नियुक्ति होने के बाद डिंडोरी प्रथम जिला आगमन पर जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण जनप्रतिनिधि ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सर्व प्रथम अतिथियो ने भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय , डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में जिले के भाजपा संगठन प्रभारी कमल प्रताप सिंह जी ने जिले के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता गण मण्डल अध्यक्षो व प्रभारियों से वन टू वन चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संगठन को मजबूत करने आया हूं- कमल प्रताप जिला संगठन प्रभारी कमल प्रताप ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं




यहाँ संगठन को मजबूत करने और आप सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग आया हूं। मेरा महीने में तीन , चार बार जिले का प्रवास रहेगा, ताकि समन्वय बढ़े और कमजोर बूथ की कर्मियो को दूर किया जा सके। प्रत्येक कार्य की समीक्षा हो बूथ स्तर पर काम की समीक्षा के लिए मंडल अध्यक्ष और जिला प्रभारी की उपस्थिति अनिवार्य होना चाहिए। संगठन की जिम्मेदारी को पूरी ताकत और ईमानदारी से निभाने का समय है। हम मिलकर मंडल स्तर तक जाकर कमजोर बूथ और शक्ति केंद्रों को मजबूत करने का काम करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं शाहपुरा क्षेत्र के लाडले विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था से तीसरी और फिर पहली अर्थव्यवस्था बनेगा। ये सपना पूरा करने वाले हम सब कार्यकर्ता होंगे। साथ ही बूथ स्तर की समिति का सत्यापन जल्द से जल्द हो भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने भाजपा का मजबूत संगठन की बात करते हुए जिला का संपूर्ण व्रत रखा और आजीवन सहयोग की राशि जल्द से जल्द एकत्रित करने को कहा साथ ही जिला भाजपा के सभी कार्यक्रमो की रूपरेखा रखी तथा आगामी होने वाले कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी कार्यक्रमो को जमीनी स्तर पर उतारने का आव्हान किया। मंच का संचालन जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने किया पंजीयन करता दीपका भारद्वाज , रजनी मंदे का सहयोग रहा ये रहे मंचासीन- इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय मंत्री शहपुरा क्षेत्र के लाडले विधायक ओमप्रकाश धुर्वे भाजपा संगठन के जिला प्रभारी कमल प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया पूर्व महामंत्री राजेंद्र पाठक पूर्व विधायक डी सी उरेती जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारी, बद्री प्रसाद साहू उपाअध्यक्ष श्री मती इंद्रा धुर्वे इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, भाजपा जिला उपाअध्यक्ष राजेंद्र दुबे संतोष साहू, शोभित मरावी, महेश धूमकेतु, कार्यालय मंत्री पवन शर्मा जिला मंत्री नरबदिया मरकाम , सपना जैन, मालती तिवारी, गणेश सोनवानी, गजेंद्र करचाम ललिता धुर्वे, आई टी संयोजक राहुल पांडे जिला पंचायत उपाअध्यक्ष अंजू व्यवहार, जिला पंचायत सदस्य प्रीटम मरावी हेमवती राजपूत हीरा परस्ते सह कोशा अध्यक्ष अरविन्द तिवारी स्वेता जैन, परसराम नागेश राकेश परस्ते जितेंद्र चंदेल मंडल अध्यक्ष आशीष वेस, सुदामा बर्मन, अनिल साहू, शिवराम राजपूत, हीरेंद्र मरावी आकाश नामदेव धनेश धन्यजय राजेंद्र तिवारी सुरेश नायक रोहित मरकाम दिलीप झरिया रामस्वरूप साहू आत्म सिंह धुर्वे बाबू लाल बंजारा व आपेक्षित श्रेणी के सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई 12वीं की बोर्ड परीक्षा, कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कक्षा 12वीं की रसायन शास्त्र, इतिहास, एपीसी एवं व्यवसायिक अध्ययन विषयों की बोर्ड परीक्षा जिले के सभी 65 परीक्षा केंद्रों में सुचारू रूप से एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिले में कुल 6492 छात्र-छात्राएं परीक्षा हेतु सम्मिलित थे, जिनमें से 6327 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 165 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं तथा सुरक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन कराया गया।

इस दौरान कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का जायजा लिया तथा केंद्राध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने परीक्षा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को शेष परीक्षाएं भी इसी प्रकार सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# अमरपुर अलोनी में आरसेटी का जूट उत्पाद प्रशिक्षण बैच संपन्न



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनी में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), डिंडोरी द्वारा संचालित जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक एस. एस. समद ने कहा कि जूट उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के लिए आय संवर्धन का बेहतर माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सीखे हुए कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर परीक्षक आनंद सिंह एवं श्रीमती आरती अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन किया तथा उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अलोनी के सरपंच गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने भी उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं और ऐसे कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण में डोमेन स्किल ट्रेनर कु. सुधा साकेत एवं फैकल्टी सदस्य श्री ओम जी मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जूट से विभिन्न उपयोगी एवं बाजारोन्मुख उत्पाद बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

# आदतन अपराधी पर चला जिला बदर का डंडा, 24 घंटे में इलाका छोड़ने का आदेश

## लगातार आपराधिक गतिविधियों, बाउंड ओवर और नए मामलों के बावजूद सुधार नहीं होने पर जिला दण्डाधिकारी का सख्त आदेश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शानू उर्फ अनुज चौहान को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर कर दिया है। यह आदेश जिला दण्डाधिकारी अंजू पवन भदौरिया द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था अधिनियम 1990 की धारा 5 (क), (ख) एवं (ग) के अंतर्गत पारित किया गया। जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में प्रचलित दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 03/2024 में पारित आदेश के अनुसार अनावेदक शानू उर्फ अनुज चौहान, उम्र 26 वर्ष, निवासी आम्बेडकर वार्ड नर्मदागंज, थाना कोतवाली डिण्डौरी को डिण्डौरी जिला सहित समीपवर्ती राजस्व जिलों मण्डला, जबलपुर, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल तथा छत्तीसगढ़ के गोरेला-पेन्ड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले की सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि अनावेदक वर्ष 2016 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध




मारपीट, गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी, अवैध वसूली, लूट एवं अपहरण जैसे आरोपों में कई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इसके अतिरिक्त उसके विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 107, 110 एवं 151 के अंतर्गत अनेक प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी की गईं, जिनमें न्यायालय द्वारा उसे बाउंड ओवर किया गया, किंतु उसके आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ।

न्यायालय द्वारा दिनांक 04 जुलाई 2024 को अनावेदक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। इसके जवाब में अनावेदक ने स्वयं को दोषसिद्ध न किए जाने, गरीब होने तथा परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी का हवाला देते हुए जिला बदर की कार्यवाही का विरोध किया। वहीं पुलिस की ओर से प्रस्तुत प्रतिउत्तर में बताया गया कि न्यायालयीन कार्यवाही लंबित रहने के दौरान भी अनावेदक नए आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह कानून के भय से मुक्त होकर निरंतर अपराध कर रहा है। प्रकरण के समस्त अभिलेखों, पुलिस प्रतिवेदन, जवाब-प्रतिउत्तर एवं विधिक स्थितियों पर विचार के पश्चात न्यायालय ने यह निष्कर्ष निकाला कि अनावेदक की गतिविधियों से आमजन में भय का वातावरण निर्मित हो रहा है तथा क्षेत्र की शांति व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। न्यायालय ने यह भी कहा कि केवल दोषसिद्ध न होना अथवा आर्थिक स्थिति को आधार बनाकर समाजविरोधी गतिविधियों को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

आदेश के अनुसार अनावेदक को आदेश की प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर निर्दिष्ट जिलों की सीमा से बाहर जाना होगा। आदेश की अवधि में बिना अनुमति निष्कासित क्षेत्रों में प्रवेश करने पर उसके विरुद्ध अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही न्यायालयीन पेशियों के दौरान उसे पहले थाना कोतवाली डिण्डौरी में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। जिला प्रशासन ने आदेश की प्रतिलिपि संबंधित जिलों के कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों एवं जिला जनसम्पर्क अधिकारी को भेज दी है, ताकि आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# विश्वविद्यालय में बजट परिचर्चा 2026 का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)

विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा को च्च्बजट परिचर्चा 2026च्च का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम शंकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अर्थशास्त्री प्रो. रक्षा सिंह, पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. सुनीता वाथरे, शहडोल के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सुशील सिंघल तथा



विश्वविद्यालय परिसर की परिसर प्रभारी एवं विधि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. गीता सराफ विशिष्ट रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। विषय विशेषज्ञ प्रो. सुनीता वाथरे ने केंद्रीय बजट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा क्षेत्र में किए गए प्रावधानों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में बढ़ा हुआ आवंटन आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, कुशल मानव संसाधन के विकास तथा महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करेगा, जिससे उत्पादन, रोजगार एवं निर्यात में वृद्धि संभव होगी। प्रो. रक्षा सिंह ने बजट का समग्र एवं तथ्यपरक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए पर्यटन, नवीकरणीय ऊर्जा, वस्त्र, चमड़ा तथा बंदरगाह क्षेत्रों में प्रस्तावित प्रावधानों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह बजट तात्कालिक लाभ की अपेक्षा दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक सुदृढ़ आधार सिद्ध होगा। वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सुशील सिंघल ने बजट के राजकोषीय पक्ष, कर संरचना तथा आय-व्यय संतुलन पर अपने विचार रखते हुए इसे समावेशी एवं संतुलित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। अर्थशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र अभिनय पांडे द्वारा कैपेक्स के बुनियादी ढांचा विकास (सड़क, रेलवे, स्कूल, अस्पताल) करना ताकि भविष्य में उत्पादन या दक्षता बढ़े। यह नियमित परिचालन खर्च नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश है।

# देश भर के जाने माने चिकित्सा विशेषज्ञों का शहडोल में होगा जमावड़ा

## रोटरी राहत नि :शुल्क शिविर में लीलावती, बाम्बे हॉस्पिटल सहित कई संस्थाओं के डॉक्टर होंगे शामिल

शहडोल (स्वतंत्र मत)



आगामी मार्च महीने में आयोजित होने वाले रोटरी राहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में देश के जाने-माने संस्थाओं के चिकित्सा विशेषज्ञों का जमावड़ा होगा। रोटरी क्लब शहडोल, मण्डला मैकल एवं जबलपुर, राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन, चिरायु मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल व स्वास्थ्य विभाग मप्र शासन द्वारा 13, 14 व 15 मार्च को शहडोल के पॉलिटेक्निकल ग्राउंड में आयोजित इस शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक आएंगे। आयोजक संस्था के पदाधिकारियों के अनुसार शिविर में मुंबई के लीलावती तथा बाम्बे हास्पिटल, मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम, मनिपाल हास्पिटल दिल्ली, चिरायु अस्पताल भोपाल, जबलपुर रिसर्च सेंटर, आपोलो जबलपुर के साथ जिला चिकित्सालय शहडोल व मेडिकल कॉलेज के विषय विशेषज्ञ चिकित्सक अपने सेवाएं देंगे।

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के प्रयासों से शहडोल संभाग में दूसरी बार आयोजित हो रहे शिविर में आधुनिक तकनीकों द्वारा रोगों का इलाज व आपरेशन नि:शुल्क रूप से किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में हृदय रोग, कैंसर, बांझपन का परीक्षण, हड्डी, बच्चेदानी, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, कटे फटे होंठ, नाक कान गला, मोतियांबद व आंख के अन्य रोग, लेप्रोस्कोपिक पद्धति से पथरी एवं पेट, हार्निया, दांतों का इलाज के साथ नशा मुक्ति के सलाह दिए जाएंगे। शिविर स्थल पर ही डिजिटल एक्सरे, सोनोग्राफी, ईको, ईसीजी, आंख की जांच, डायबिटीज की जांच, फेफड़ों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया जाएगा। शिविर की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर शुरु हो चुका है। शिविर को लेकर स्थानीय संस्थाओं एवं चिकित्सा संस्थाओं जैसे आदित्य हास्पिटल, अमृता, श्रीराम हास्पिटल आदि का सहयोग मिल रहा है।

# जांच पर स्ट्रीट लाइट घोटाले का हुआ खुलासा, दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

## कागज में पूर्ण दिखाकर सरपंच, सचिव, उपयंत्री और एसडीओ ने मिलकर लूटा पंचायत का खजाना

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत ब्यौहारी मे करोड़ो का स्ट्रीट लाईट घोटाला हुआ है जिसमे सरपंच, सचिव, उपयंत्री और एसडीओ लोक निर्माण विभाग (इलेट्रिक विभाग ) उप संभाग शहडोल ने मिलकर इस खेल को अंजाम दिया है। जिसका जीता जागता सबूत ग्राम पंचायत समान मे देखने को मिला है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आये वो काफी चौकाने वाले है। कागज मे समाग्री लगाया जाना दिखाकर 37 लाख के शासकीय राशि का बंदर बांट किया गया है।

**सहायक यंत्री के जांच मे खुलासा**- ग्राम पंचायत समान मे हुए स्ट्रीट लाईट घोटाला संबंधी समाचार की जांच तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी द्वारा सहायक यंत्री पूर्व विद्युत वितरण केंद्र ब्यौहारी से करायी गयी जिसमे स्टीमेट के आधार पर 16 समाग्री लगना था किन्तु मौके पर 7 समाग्री ही लगी पायी गयी और सरपंच सचिव द्वारा जो बिल बाउचर पेश किया गया उसमे भिन्नता पाया गया है। जिस समाग्री का बिल जांच मे दिया गया है वह लगा ही नहीं है मात्र कागज मे समाग्री दिखा कर राशि का आहरण करना पाया गया है।



**घूस की लगे बीमारी तो भाड़ मे जाये जिम्मेदारी**- ताज्जुब की बात है कि मौके मे समाग्री लगा ही नहीं तो फिर कार्य पूर्णत: का प्रमाण पत्र उपयंत्री और एसडीओ पीडब्लूडी इलेट्रिक विभाग उप संभाग शहडोल ने कैसे जारी कर दिया कंही गांधी के फेर मे तो यह फर्जीवाडा नहीं किया गया हकीकत चाहे जो भी हो लेकिन सहायक यंत्री पूर्व विद्युत वितरण कम्पनी ब्यौहारी ने जांच पर जो खुलासा किया है वो किसी चौकाने वाली बात से कम नहीं है।

**सरपंच ने अभी तक नहीं जमा की अधिरोपित राशि**-जांच के दौरान सहायक यंत्री ने पाया कि सरपंच द्वारा स्ट्रीट लाईट लगवाने हेतु बिजली विभाग बाणसागर से कोई अनुमति नहीं ली गयी थी। निम्न दाब वाले विद्युत के पोलो मे नियमविरुद्ध तरीके से अवैधानिक रूप से स्ट्रीट लाईट का उपयोग किया जा रहा था जिस पर हुए क्षति पूर्ति की वसूली के लिये सरपंच के खिलाफ 5 लाख से अधिक की राशि अधिरोपित की गयी थी किन्तु अभी तक सरपंच द्वारा राशि जमा नहीं किया गया है।

**भंडार क्रय रजिस्टर गायब**- भ्रष्टचार की इस बहती गंगा में डुबकी लगाने वालों ने सबूत मिटानें में भी कोई कसर नही छोडी। जांच कै दारान भंडार रजिस्टर नदारद पाया गया। जाहिर है अगर रजिस्टर सामने आता तो झूठ की कलई पहले ही खुल जाती। बिना बिल-वाउचर के भुगतान कर देना यह बताता है कि यह खेल विना। ऊपर तक सांढ़-गांढ के मुमकिन नहीं है।

### इनका कहना है

अभी आगे कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उसे मै अभी पढ़ नहीं पाया हूँ। शीघ्र ही कार्यवाही होंगी।

**भगीरथ लहरे**
**एसडीएम ब्यौहारी**

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अधिवक्ता हित में लागू किये जाने की नितांत आवश्यकता : एडवोकेट मयूर मिश्रा

**बुढार (स्वतंत्रमत)**। अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की पुरजोर मांग उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एड. मयूर मिश्रा ने की है। अधिवक्ता मयूर मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में अधिवक्ताओं को अपने पेशेगत दायित्वों के निर्वहन के दौरान कई प्रकार की चुनौतियों और खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे न्याय व्यवस्था प्रभावित की आशंकाये उत्पन्न हो रही है, वहीं अधिवक्ताओं को धमकी, मारपीट, झूठे प्रकरण और दबाव जैसी परिस्थितियों से भी गुजरना पड़ता है। उच्च न्यायालय जबलपुर के अधिवक्ता मयूर मिश्रा ने कहा कि यदि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू होता है तो वकीलों पर हमला गंभीर अपराध की श्रेणी में आने लगेगा और दोषियों पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई संभव होगी। एड. मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता न्याय प्रणाली का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। यदि वे भयमुक्त होकर कार्य नहीं कर पाएंगे तो न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी और आम नागरिक को समय पर न्याय मिलना कठिन हो जायेगा। उन्होंने कहाकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं विभिन्न राज्य बार काउंसिल लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु पृथक कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने भी विभिन्न मामलों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को न्याय व्यवस्था की मजबूती से जोड़ा है। एडवोकेट मयूर मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार चिकित्सकों एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष सुरक्षा कानून हैं, उसी प्रकार अधिवक्ताओं के लिए भी संस्थागत सुरक्षा आवश्यक है, ऐसी स्थिति में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना नितांत आवश्यक है, जिससे अधिवक्ताओं के जान-माल की सुरक्षा और पेशे की गरिमा के साथ ही निष्पक्ष न्याय प्रणाली को मजबूती मिलेगी।


# सीधे तौर पर कुछ नहीं, बजट से जबलपुर को मिलेगा अप्रत्यक्ष फायदा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मप्र विधानसभा में बुधवार को प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्त वर्ष 2026-27 का 4.65 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह सरकार का तीसरा रोलिंग बजट है, जिसमें 3 साल का रोडमैप बताया गया है। पिछले साल की तरह इस बार भी बजट भाषण में जबलपुर शहर का नाम सीधेतौर पर नहीं लिया गया। न तो कोई बड़ा प्रोजेक्ट घोषित हुआ और न ही शहर के नाम से अलग से राशि तय की गई। हालांकि, राज्य स्तर की कई योजनाओं से जबलपुर संभाग को अप्रत्यक्ष रूप से फायदा मिलने की बात कही जा रही है।**



**मप्र के वित्त मंत्री ने पेश किया वर्ष 2026-27 का बजट, जनप्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रियाएं**

### विकसित मप्र की दिशा में ऐतिहासिक बजट



मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को प्रदेश के समग्र विकास का दूरदर्शी एवं परिणामोन्मुखी दस्तावेज है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास संकल्प के मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेज़ी से प्रगति कर रहा है।

**राकेश सिंह, मंत्री मप्र शासन**


### मप्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध



इस बजट में अब तक का सर्वाधिक 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो राज्य के समग्र विकास के प्रति मप्र सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। प्रदेश के नौनिहाल हेतु 24, 662 सक्षम आंगनबाड़ी का निर्माण किया जाएगा। लगातार तीसरी बार सरकार ने कोई भी टैक्स नहीं बढ़ाया है।

**सुमित्रा वाल्मीक, राज्यसभा सांसद**

### मप्र के विकास की ऊंची उड़ान भरने के पंख बनेंगे



प्रस्तुत बजट में हर वर्ग के लिए स्पष्ट खाका तय है जिससे यह बजट आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जो बजट प्रस्तुत किया है वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि मध्य प्रदेश अग्रिम पायदान पर पहुंचने के लिए तैयार है।

**आशीष दुबे, लोकसभा सांसद**

### विकसित मध्यप्रदेश के विजन का बजट



मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपना बड़ा बजट पेश कर दिया है। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में लगातार छठी बार बजट भाषण पढ़ा। करीब 4.38 लाख करोड़ रुपए का यह बजट पिछले बजट से 11 प्रतिशत अधिक है ।

**डॉ. अभिलाष पाण्डेय, विधायक**

### समग्र विकास व सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र



प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हर समाज, वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, यह इस बार के प्रदेश बजट में हमें देखने मिला है, मध्यप्रदेश सरकार का बजट समग्र विकास व सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र है।

**रत्नेश सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष**

### विकसित भविष्य की ओर मजबूत कदम



यह बजट विकास और जनकल्याण का संतुलित एवं दूरदर्शी दस्तावेज है, जिससे जबलपुर सहित समूचे महाकौशल क्षेत्र को नई ऊर्जा और गति प्राप्त होगी। अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास, सड़क एवं पेयजल योजनाओं के लिए बढ़ाए गए प्रावधान शहर के नियोजित विस्तार और मूलभूत सुविधाओं की मजबूती सुनिश्चित करेंगे।

**प्रभात साहू, पूर्व महापौर**

### उद्योग व्यापार के लिए उम्मीद से कम



मप्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट व्यापार एवं एमएसएमई क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष प्रोत्साहन उपायों की अपेक्षा अधूरा प्रतीत हो रहा है। बजट में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि क्षेत्र में किए गए बड़े प्रावधान राज्य की आर्थिक गतिविधियों को गति देने वाले हैं।

**हिमांशु खरे, उपाध्यक्ष फेडरेशन ऑफ मप्र चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**

### कृषि कल्याण वर्ष में किसानों का बजट



मप्र सरकार द्वारा वर्ष 26-27 के घोषित बजट में कृषि तथा सम्बद्ध क्षेत्र के लिए आबंटन में विगत वर्ष की तुलना में 2.8 गुने की बृद्धि तथा प्रदेश के एक लाख किसानों को सोलर पम्प देने की योजना, आदि किसानों के लिए सरकार द्वारा इस वर्ष घोषित कृषक कल्याण वर्ष में बेहद महत्वपूर्ण है।

**इंजी. केके अग्रवाल, अध्यक्ष भारत कृषक समाज**



## मप्र के हिस्से की बिजली मिलना और सौर ऊर्जा निकासी हुई सुलभ

### एमपी ट्रांसको ने 500 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफॉर्मर किया ऊर्जीकृत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने मंदसौर 400 केवी सबस्टेशन में 400/220 के वी वोल्टेज लेवल के 500 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर को स्थापित कर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत कर दिया है। यह उपलब्धि प्रदेश मे बिजली आपूर्ति को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह प्रोजेक्ट एमपी ट्रांसको की कार्यकुशलता और उपभोक्ता हित में प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल क्षेत्र की ऊर्जा मांगों को भरोसेमंद समर्थन मिलेगा बल्कि आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश की बिजली व्यवस्था और अधिक मजबूत व विश्वसनीय बनेगी। सेंट्रल ग्रिड से मध्यप्रदेश के हिस्से का पावर और सौर ऊर्जा उत्पादन में तेजी के साथ चंबल पंपिंग परियोजनाओं की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अधिक क्षमता वाले पावर ट्रांसफॉर्मर की आवश्यकता थी। नया 500 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर इन सभी आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा मे एक कदम है।

### सोलर पावर निकासी होगी सुलभ

एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल ने जानकारी दी किइस परियोजना के पूरा होने से विभिन्न 220 केवी सबस्टेशनों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उच्च क्षमता वाला यह पावर ट्रांसफार्मर सोलर पावर की बड़े पैमाने पर निकासी को और सुलभ बनाएगा। साथ ही सिंचाई परियोजना के पंपिंग सब.स्टेशनों को भी इससे बिजली उपलब्ध होगी। पावरग्रिड के नीमच सबस्टेशन से अब मध्य प्रदेश को उसके हिस्से की पूरी बिजली नियमित रूप से मिलने के अलावा क्षेत्र में पावर ग्रिड द्वारा निर्माणाधीन 765 केवी सबस्टेशन से भविष्य में प्रदेश को अपने हिस्से की बिजली और अधिक सहजता से उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। मंदसौर में इस 500 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से मध्य प्रदेश राज्य की ट्रांसपोर्टेशन कैपेसिटी (पारेषण क्षमता) बढ़कर अब 88736 एमवीए की हो गई है जिसमें एमपी ट्रांसको का हिस्सा 84023 एम वी ए का है मध्य प्रदेश राज्य द्वारा प्रदेश में 439 एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब स्टेशनों द्वारा विद्युत पारेषण किया जा रहा है जिसमें एमपी ट्रांसको के 417 सबस्टेशन शामिल है मध्य प्रदेश राज्य के ट्रांसमिशन नेटवर्क में 1091 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है जिसमें एमपी ट्रांसको के 1043 पावर ट्रांसफार्मर है।

## बकायादारों के विरूद्ध जेडीए सीईओ की सख्त कार्यवाही

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्राधिकरण के भूखण्ड आवंटित कराकर, राशि जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों के विरूद्ध जेडीए सीईओ द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुये 3 भूखण्डों के आवंटन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुये जमा अमानत राशि राजसात कर ली गई है। संपदाधिकारी रीति सोनवे द्वारा बताया गया कि जेडीए सीईओ द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में यह संज्ञान में आया कि प्राधिकरण की यो. क्र.-11द्वि.च. के अंतर्गत भूखण्ड क्रमांक 56 प्रतिपाल सिंह सौंधी को, यो.क्र.-5/14 के अंतर्गत भूखण्ड क्रमांक जे-13 राजेश गोस्वामी को एवं यो.क्र.-5/14 के अंतर्गत भूखण्ड क्रमांक जे-14 जय राजावत (डायरेक्टर जय रियल स्टेट) को उच्चतम ऑफरकर्ता होने से आवंटित किये गये थे, किन्तु अनेको नोटिस दिये जाने के बाद भी इनके द्वारा आवंटन की राशि प्राधिकरण कोष में जमा नहीं कराई गई, जिस कारणवश जेडीए सीईओ दीपक वैद्य के निर्देश पर उक्त तीनों भूखण्डों का आवंटन निरस्त कर अमानत राशि राजसात कर ली गई है। इस संबंध में जेडीए सीईओ दीपक वैद्य द्वारा अवगत कराया गया कि यह देखने में आ रहा है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा जेडीए से भूखण्ड आवंटन कराकर, राशि समय पर जमा नहीं की जाती है और इस अवधि के दौरान अन्य व्यक्तियों से अधिक दामों पर भूखण्ड का सौदा कर लिया जाता है, जिससे वास्तविक हितग्राहियों को भूखण्ड नहीं मिल पाते है। समीक्षा के दौरान उक्त तीनों भूखण्डधारियों द्वारा भी काफी नोटिसों के बाद भी राशि जमा नहीं करने पर आवंटन निरस्त किये गये है। अब इन भूखण्डों को पुन: ऑफर के माध्यम से विक्रय किया जायेगा। आपने आवंटितियों से अपील की है कि वे क्रय की गई सम्पत्ति की राशि यथासमय प्राधिकरण कोष में जमा करावें, अन्यथा जेडीए आगे भी ऐसे हितग्राहियों के आवंटन निरस्तीकरण के लिये बाध्य होगा।

### लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के लिए शिविर का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लंबित सीएम हैल्प लाईन शिकायत निवारण के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कप्तान, एएसपी आयुष गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इस दौरान शिकायतकर्ताओं की 98 शिकायतों को सुना गया, मौके पर 46 शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निवारण किया गया, शेष शिकायतों में जांच आवश्यक होने से पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा सम्बंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## महिलाओं को वितरित की गई पोषण आहार किट



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गन कैरिज फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से विजन जबलपुर संस्था के माध्यम से बुधवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा भिटौनी में टीबी रोग से ग्रस्त मरीजों एवं एनीमिक महिलाओं को पोषण आहार किट वितरण किए गए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीबीएमओ डॉ सीके अतेरोलिया एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित जैन द्वारा मरीजों को पोषण आहार किट वितरित किया गया तथा इस अवसर पर आप लोगों ने इस आयोजन के लिए गन कैरिज फैक्ट्री को धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर केंद्र के समस्त स्टाफ भी उपस्थित थे। गन कैरिज फैक्ट्री की ओर से सौरव कोस्टा, सत्येन्द्र तिवारी, नीलेश मिश्रा, विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, एस के बैनर्जी, अनूप मजूमदार, अरुण दुबे, यशवन्त राव, टीबी विभाग से सुश्री श्वेता दीक्षित सीनियर सुपरवाइजर संतोष कुमार डहेरिया आर के एस के काउंसलर, मो शाहिद उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगी, एवं समाज के वशिष्ठ नागरिक राजेंद्र जैन बंधु उपस्थित रहे। मरीजों को छय रोग ,एनीमिया से बचने तथा पोषण आहार के विषय में संपूर्ण जानकारी भी इस अवसर पर प्रदान की गई।

## हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे आहार

### आहार दान सेवा समिति की अनोखी पहल



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नर सेवा को ही नारायण सेवा मानने वाली अपनापन आहार दान सेवा समिति संस्कारधानी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में निरंतर सेवा की नई इबारत लिख रही है। समिति द्वारा विगत 3 वर्षों से अस्पताल परिसर में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों और जरूरतमंदों के लिए समिति द्वारा नि:शुल्क भोजन वितरण का कार्य पूरी निष्ठा के साथ किया जा रहा है। संस्था के मदन मोहन कुशवाहा (गट्टू) ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा भाव को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पूर्व में जहां सप्ताह में केवल 3 दिन भोजन वितरित किया जाता था, वहीं अब इसे बढ़ाकर सप्ताह में 4 दिन (बुधवार से शनिवार तक) कर दिया गया है। समिति का लक्ष्य है कि अस्पताल आने वाला कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## प्रेम दिवस पर प्रेमिका की हत्या

### सिमरिया-रैगंवा गांव क्षेत्र में हुई युवती की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिमरिया-रैगंवा गांव में खेत के पास मिली मृतक युवती की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतका की पहचान 18 वर्षीय तनु चक्रवर्ती निवासी गढ़ा के रूप में हुई। इस मामले में युवती के प्रेमी और मुख्य आरोपी ईशु गौंड निवासी तिलवारा ने पुलिस को बताया कि तनु लगातार ईशु पर शादी करने का दबाव बना रही थी। ईशु इसके लिए तैयार नहीं था। वैंलेंटाइन डे के दिन यानी 14 फरवरी की शाम उसने तनु को फोन कर कहा कि वह शादी के लिए तैयार है। इसके बाद वह उसे बाइक से सिमरिया गांव ले गया, जहां पहले से उसके दोस्त पंकज बरमन, अंकित श्वास और एक अन्य मौजूद थे। सुनसान जगह पर ले जाकर आरोपियों ने पत्थर से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी।

**खेत के पास मिला था खून से सना शव**-रविवार सुबह खेत के पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने खून से सना शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवती का चेहरा और सिर पत्थर से बुरी तरह कुचला गया था। शव के पास उसकी व्हाइट चप्पल भी मिली थी। युवती लहंगा और चुन्री पहने हुई थी।शव की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिजन थाने पहुंचे। कपड़ों के आधार पर शक जताया गया। इसके बाद मरचुरी पहुंचकर माता-पिता ने शव की शिनाख्त की। परिजनों ने बताया कि तनु का तिलवारा निवासी ईशु से प्रेम संबंध था और दोनों लंबे समय से संपर्क में थे। युवती शादी के इरादे से घर से निकली थी। उसने अपने हाथों पर मेहंदी से 'ईशु-तनु' भी लिख रखा था।



**पुलिस ने खंगाले कई सीसीटीवी**-पहले पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला। बाद में कॉल डिटेल और तकनीकी जांच के आधार पर ईशु और उसके साथियों पर शक गहराया। पूछताछ में साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में ईशु गौंड, पंकज बरमन और अंकित श्वास को गिरफ्तार कर लिया है।

एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, हत्या पूरी तरह सुनियोजित थी और इसका मकसद शादी के दबाव से छुटकारा पाना था।

**गढ़ा थाने के एएसआई पटेल सस्पेंड**-इस मामले में गढ़ा थाने में पदस्थ एएसआई राजेश पटेल को पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने सस्पेंड कर दिया है। जांच के दौरान पाया गया कि युवती ने अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए गढ़ा थाने के चक्कर भी काटे थे। इसके बावजूद उसकी शिकायत को एएसआई ने गंभीरता से नहीं लिया। लिहाजा, इसे एसएसपी ने बड़ी लापरवाही मानते हुए निलंबन की कार्यवाही की है।

### पमरे के 3 कर्मचारी हॉकी प्रतियोगिता के लिए अम्पायर नामित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रांची झारखंड में आयोजित होने वाली 83वीं अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी (पुरुष) जबलपुर मंडल के आरिफ अली को तकनीकी अधिकारी, हसन अली एवं अभिषेक श्रीवास, को एम्पायर नामित किया गया है। अंतर रेल हॉकी प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। इस उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, कुशाल सिंह, अध्यक्ष पमरे खेलकूद संघ, जीपी शिव नारायण, महासचिव, राजीव कुमार यादव आदि ने बधाइयां प्रेषित की है।



### प्रोजेक्ट अमृत के तहत नदी, तालाबों की सफाई करेंगे संत निरंकारी मंडल के सेवादार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 22 फरवरी प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाएगा। जबलपुर में प्रोजेक्ट अमृत अभियान में सेवादारों व साध संगत पांच टीमों में अपनी एरिया अनुसार बंटकर प्रात: 08 से 11 बजे तक गौरीघाट में मां नर्मदा के तटपर जबलपुर व धनपुरी, तिलवारा घाट पर गढ़ा क्षेत्र के सेवादार व साध संगत, हनुमान ताल पर लालमाटी एवं जबलपुर के सेवादार व साध संगत, पनागर के सेवादार व साध संगत, मानेगांव तालाब लालमाटी एवं जबलपुर के सेवादार व साध संगत प्रत्येक स्थानों पर 100 सेअधिक सेवादार व साध संगत पांच टीमों में बंटकर अपनी सेवाएँ देंगे

## व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की भूमिका विषय पर जिनसार में सेमीनार का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर इन्स्टीटयूट ऑफ नर्सिंग साइंस एवं रिसर्च (जिनसार) की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा छा-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन महाविद्यालय सभागार में प्राचार्य डॉ प्रिन्सी साजी के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो डॉ अनूप तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में एनएसएस के रानी दुर्गावती विवि के समन्वयक डॉ शोभाराम मेहरा उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभमें प्राचार्यों द्वारा अतिथियो का स्वागत किया गया।




**एकता की भावना का होता है विकास**-प्राचार्या डॉ प्रिन्सी साजी ने बताया कि एनएसएस के द्वारा छात्र-छात्रायें समूह में कार्य करना सीखते है। तथा उनमें अनुशासन एवं एकता की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनूप तिवारी ने दी। मुख्य वक्ता डॉ मेहरा ने अपने उद्‌बोधन में एनएसएस द्वारा छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों से छात्रों को अवगत कराया। उन्हे बताया के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों से जुड़कर छात्राये उसका लाभ उठा सकते है। वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास से सम्बन्धित अनेक योजनाये चलाई जा रही है। एनएसएस के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, यातायात के नियमो के सम्बन्ध में समाज को जागरूक किया जा सकता है। सरकार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवको को प्रतिवर्ष पुरस्कृत किया जाता है। मंच का संचालन अर्निका जोसेफ तथा अरविन्द यादव एवं आभार प्रर्दशन प्रो सुरभि केहरी ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रो आराधना धन्यवाद सहित सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

# नल-जल योजना के ठेकेदारों को चेतावनी, एफडी होंगी राजसात

## कलेक्टर मृणाल मीना ने की जल जीवन मिशन एवं जल निगम की नलजल योजना की समीक्षा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर मृणाल मीना ने जब बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के अधिकारी एवं ठेकेदारों की बैठक ली तो जिले में प्रगतिरत नल-जल योजना के ठेकेदार को अंतिम चेतावनी दी गई हैं कि वह अपना कार्य समय सीमा में पूर्ण करें अन्यथा जमा एफडी राजसात, ठेकेदारों की मशीने पुलिस अभिरक्षा में थाना में रखने की चेतावनी दी हैं। इस दौरान उन्होंने पूर्ण हो चुकी नलजल योजनाओं में शत प्रतिशत एफएचटीसी कनेक्शन (नल कनेक्शन) 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिये। कलेक्टर मृणाल मीना की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर डी.पी. बर्मन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके, सभी सहायक यंत्री, जल निगम के अधिकारी एवं नलजल योजना का कार्य करने वाले ठेकेदार उपस्थित थे।





### नल कलेक्शन पर जिला का प्रदेश में चौथे स्थान...

बैठक में नलजल योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन देने में 99.24 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है और नल कनेक्शन देने में बालाघाट जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर है। जल जीवन मिशन के अंतर्ग 897 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है और इनमें से 655 नलजल योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस दौरान बताया गया कि पूर्ण हो चुकी नलजल योजनाओं में 1041 नल कनेक्शन दिया जाना शेष है। नल जल योजना का शेष कार्य पूर्ण नही करने पर 12 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने का प्रस्ताव मुख्य अभियंता को भेजा गया है।

### ठेकेदार की होंगी एफडी राजसात

कलेक्टर मृणाल मीना ने 1041 नल कनेक्शन देने का कार्य 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। नलजल योजना का कार्य अधूरा रहने एवं पिछले 4-5 माह से नलजल योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपस्थित नही होने के कारण मेसर्स एव्ही कंस्ट्रक्शन्स रीवा की एफडी केश कराने एवं उसे राजसात करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार मिश्रा कंस्ट्रक्शन रीवा एवं मेसर्स मुकेश मानेश्वर बालाघाट की एफडी बैंक से केश कराकर राजसात करने के निर्देश दिये गए। अपर कलेक्टर श्री बर्मन को इन ठेकेदारों की एफडी बैंक से केश कराने की कार्यवाही करने कहा गया। समीक्षा बैठक में पाया गया कि मेसर्स मिश्रा कंस्ट्रक्शन रीवा द्वारा नलजल योजना का कार्य पूर्ण करने में उदासीनता बरती जा रही है। इसी प्रकार मेसर्स मुकेश मानेश्वर द्वारा पिछले 5-6 माह से नलजल योजना का कार्य नही किया जा रहा है।

**ठेकेदार को अंतिम चेतावनी.**-इस दौरान मेसर्स परिहार एसोसिएट्स रीवा, वीणा इंटरप्राईजेस बैहर, तारा मशीनरी दाहिया, आशीष जायसवाल, नीरज ट्रेडिंग नागपुर, हर्ष कंस्ट्रक्शन, वंदना इंटरप्राईजेस, गणेश कार्पोरेशन अलीराजपुर, अक्षत इंफ्रास्ट्रक्चर परसवाडा, माही कंस्ट्रक्शन, रमेश इंजिनीयरींग शहडोल, एपी कंस्ट्रक्शन मुरैना को एफएचटीसी कनेक्शन देने का कार्य 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि समय सीमा में नल कनेक्शन देने का कार्य नही किया जाएगा तो उनकी सारी मशीनरी जब्त कर थाने में खड़ी करा दी जाएगी।

**पानी की टेस्टिंग करने के निर्देश...**

बैठक में जल निगम की भटेरा नलजल योजना में खराब पानी दिये जाने की शिकायत का उल्लेख करते हुए जल निगम के अधिकारी को पानी की टेस्टिंग कराकर इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गए।

### इनका कहना हैं

जल जीवन मिशन और जल निगम की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें सबंधित नलजल योजना के कार्य करनी वाली फर्म को निर्देशित किया गया हैं कि समय सीमा में कार्य पूर्ण करे अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। वहीं जल निमग के अधिकारी को निर्देश दिया गया हैं कि पानी की टेस्टिंग पर विशेष ध्यान देवे।

**मृणाल मीना, कलेक्टर बालाघाट**

# राईस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग करने सहमति दी



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** बालाघाट जिला मध्यप्रदेश का सर्वाधिक धान उत्पादक जिला है और समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की कस्टम मिलिंग के उपरांत चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उचित मूल्य दुकानों को गरीब और कमजोर वर्ग को प्रदाय करने के लिए उपलब्ध कराया जाता हैं। कलेक्टर मृणाल मीना ने बालाघाट जिले में धान की कस्टम मिलिंग के व्यवस्थित संचालन के लिए 18 फरवरी को राईस मिलर्स के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की। बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक हरिश कोरी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार, राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद ठाकरे एवं राईस मिलर्स उपस्थित थे। कलेक्टर मृणाल मीना ने राईस मिलर्स से चर्चा के दौरान कहा कि धान की कस्टम मिलिंग से तैयार होने वाला चावल गरीब एवं कमजोर वर्ग के खाने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। अत- राईस मिलर्स इसमें किसी भी तरह से अनैतिक लाभ लेने का प्रयास न करें। राईस मिलर्स के लिए धान की कस्टम मिलिंग एक तरह से गरीब लोगो की सेवा के समान है। बालाघाट जिले में धान उपार्जन एवं धान की कस्टम मिलिंग से जिले की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। राईस मिलर्स को धान की कस्टम मिलिंग में जो कुछ भी समस्या आएगी उनका शासन के नियमों के तहत निराकरण करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। अत: राईस मिलर्स धान की कस्टम मिलिंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। बैठक में राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद ठाकरे ने धान की कस्टम मिलिंग में आने वाली समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया और अपेक्षा की कि उनका यथोचित हल निकाला जाएगा। उन्होंने गत वर्ष की कस्टम मिलिंग के भुगतान एवं अन्य सहायता के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग शीघ्र ही शुरू की जाएगी और इसके लिए मिलर्स द्वारा अनुबंध किया जाएगा। बैठक में 38 राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध करने की सहमति प्रदान की गई और अन्य मिलर्स द्वारा भी शीघ्र ही अनुबंध किया जाएगा।

# बालाघाट जिले में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई पहल

## पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी उपसंचालक का पदभार डॉ. आर.एस. नगपुरे ने संभाला

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट जिले के पशु चिकित्सा विभाग में हाल ही में हुए बदलाव के बाद नए प्रभारी उपसंचालक डॉ. आर. एस. नगपुरे ने पदभार संभाला है। डॉ. एन. डी. पूरी के रिटायरमेंट के बाद 3 फरवरी को उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली। पदभार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद ही उन्होंने किसानों और दूध उत्पादकों के हित में महत्वपूर्ण बयान दिया है।

मीडिया से चर्चा के दौरान डॉ. नागपुरे ने कहा कि जिले के किसान भाइयों को प्राथमिकता दी जाएगी। उनका मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ पशुपालकों तक पहुंचाना है। उन्होंने विशेष रूप से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना पर जोर दिया। यह योजना प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं-पशुपालकों को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई है।



डॉ. नागपुरे ने बताया कि कामधेनु योजना के तहत किसान 25 दुधारू पशुओं की एक डेयरी इकाई स्थापित कर सकते हैं। इसमें 25 गायों वाली इकाई के लिए लगभग 36 लाख रुपये और 25 भैंसों वाली इकाई के लिए करीब 42 लाख रुपये तक की परियोजना लागत स्वीकृत है। योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा अनुदान (सब्सिडी) प्रदान किया जाता हैं। एक हितग्राही अधिकतम 8 इकाइयां (200 पशु तक) स्थापित कर सकता है, लेकिन प्रत्येक इकाई के लिए कम से कम 3.50 एकड़ कृषि भूमि आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। विशेष प्राथमिकता उन पशुपालकों को मिलेगी जो पहले से दुग्ध संघों या सहकारी संस्थाओं को नियमित दूध सप्लाई कर रहे हैं। आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इच्छुक किसानों को डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण भी अनिवार्य रूप से लेना होगा।

डॉ. नागपुरे ने किसानों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे न केवल दूध उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी आय दोगुनी-तिगुनी हो सकती है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने जिले के सभी विकास खंड स्तरीय पशु चिकित्सा संस्थाओं से संपर्क करने की सलाह दी। यह योजना मध्य प्रदेश को दूध उत्पादन में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग किसानों की हरसंभव मदद के लिए तैयार है।

# लालबर्रा में किसान कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं और आगामी रणनीतियों को लेकर किसान कांग्रेस लालबर्रा के तत्वावधान में बुधवार, 18 फरवरी को कृष्णा लॉन (रेस्ट हाउस के सामने) में एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में न केवल संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया, बल्कि नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत कर भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान किसान कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।

# छात्रा से दुष्कर्म, शिक्षक पर अपराध पंजीबद्ध

कटंगी(स्वतंत्र मत)

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम गजपुर के सरकारी स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक पर कक्षा दसवीं की छात्रा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी शिक्षक फरार हैं। वहीं घटना के सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक को जिला मुख्यालय कार्यालय में अटैच करने के आदेश जारी किए है किंतु आरोपी शिक्षक ने डीईओ कार्यालय में भी अपनी उपस्थित दर्ज नहीं की है। आरोपी शिक्षक डॉ सिद्धांत गड़पाल है जो ग्राम उमरी का निवासी है और पिता की मौत के बाद शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति पर गजपुर हाईस्कूल में वर्ष 2021 से शिक्षक के पद पर पदस्थ होकर सेवारत हैं। घटना के बाद यानी 12 फरवरी से शिक्षक स्कूल नहीं आया है। शिक्षक ने सोशल मीडिया वाट्सएप के जरिए 12 फरवरी से अवकाश के लिए आवेदन किया था। घटना के बाद सोमवार के दि गजपुर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने उन्हें कार्यमुक्त कर दिया है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक डॉ सिद्धांत गड़पाल के भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74, 75 (1), 332 (सी), 351 (2), पॉक्सो एक्ट की धारा 21/12 की कार्रवाई कर अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी शिक्षक गजपुर के स्कूल में पदस्थ है और इसी गांव में गणेश क्लिनिक के नाम से अपना क्लिनिक भी संचालित कर रहा था। जिसमें अब ताला लटका हुआ है। बताया जाता है कि आरोपी शिक्षक के द्वारा छात्रा को प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया गया। वहीं जब छात्रा ने शिक्षक के इस कुकृत्य का विरोध किया तो शिक्षक ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद गजपुर और पीड़ित छात्रा जिस गांव की निवासी है वहां के ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश है। ग्रामीणजन आरोपी शिक्षक को सबक सिखाने की मंशा से स्कूल में भी दबिश दे चुकी थे लेकिन शिक्षक स्कूल में नहीं था तो ग्रामीण उल्टे पांव वापस हो गए।

# जिला जेल में बंदियों के सुधार कार्यक्रम अंतर्गत श्रीमद भागवत कथा का हो रहा आयोजन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जेल में भागवत कथा सुनने में थोड़ा अजीब सा लगता है लेकिन उमरिया के जिला जेल में अधीक्षक सारस जी के आने के बाद से इतनी सारी गतिविधियां शुरू की जिससे बंदियों के शारिरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से सुधार हुआ बल्कि बंदियों को संगीत, खिलौने, मोमबत्ती सहित इतने सारे प्रशिक्षण देकर उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बेहतरीन कार्य किया गया है। जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि जेल में परिरुध्द बंदियों को सजा के दौरान सुधार, आत्म-चिंतन, हृदय परिवर्तन कर समाज के मुख्य धारा से जोडने के लिए अच्छा नागरिक बनकर घर परिवार एवं समाज में जाक्र अच्छा कार्य एवं आचरण में सुधार लाकर कानून प्रिय नागरिक बनाने के उद्देश्य से श्रीमद भागवत महापुराण कथा का साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ जिला जेल उमरिया में प्रारम्भ है। बुधवार 18 फरवरी को कथा का प्रथम



दिवस है। कथा व्यास परंमपूज्य महाराज स्वामी सच्चिदानंद जी द्वारा कथा प्रवचन किया गया। उन्होने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का उद्देश्य बंदियों के उज्वल भविष्य के लिए हो रहा है। उनका मन सत्संग में लगे अच्छे मार्ग पर चलें। आपराधिक विचारधारा से मुक्त होकर समाज के मूल धारा से जुड़े। जेल से रिहा होने के बाद अपने- अपने घर जा कर आध्यात्मिक जीवन जियें। जेल में रहकर अपना समय सत्संग विचार करें। भगवान का भजन एवं योग करे। जेल एक आपराधिक घर नहीं है। आपराधिक विचारों, बुरी आदतों से मुक्त होकर एक नेक इंसान बने। भय मुक्त होकर जियें। भागवत धर्म यही है। आज की कथा में भगवान श्री कृष्ण का मधुरा जेल में जन्म से जुड़ी कथाओं का प्रवचन किया गया। श्रीमद भागवत कथा बंदियों ने तन्मयता से सुना। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक डी. के. सारस एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री मती रंजना सिंह बघेल तथा जेल में ड्यूटीरत अधिकारीध्कर्मचारी प्रहरी उपस्थित रहे। जेलर ध् उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को ने बंदियों को उनमें आ रहे सुधार के लिए शुभकामनाएं दिये।

# मंगठार कालोनी से नौवीं का छात्र लापता


**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपीईबी कॉलोनी मंगठार से कक्षा 9वीं का एक नाबालिग आदिवासी छात्र बीते एक सप्ताह से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम सिंहपमर थाना नौरोजाबाद निवासी गंगाराम बैगा उम्र 26 वर्ष हाल निवास क्वार्टर नंबर डी-190 एमपीईबी कॉलोनी मंगठार,संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। उनके साथ उनके चाचा का बेटा नीरज बैगा पिता छोटेलाल बैगा रहकर पढ़ाई कर रहा था। नीरज विद्याभारती सरस्वती हाई स्कूल, एमपीईबी कॉलोनी में कक्षा 9वीं का छात्र है।बताया गया है कि 10 फरवरी की सुबह लगभग 9.30 बजे नीरज रोज की तरह स्कूल के लिए घर से निकला, लेकिन उसके बाद से वह वापस नहीं लौटा।परिजनों ने रिश्तेदारी और परिचितों में काफी तलाश की, किंतु उसका कोई सुराग नहीं लग सका। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया हो। मामले की गंभीरता को देखते हुए पाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नीरज बैगा के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल थाना पाली या नजदीकी पुलिस को सूचित करें।



# सीईओ जिला पंचायत ने पंचायत सचिवों को किया निलंबित

उमरिया (स्वतंत्रमत)

सीईओ जिला पंचायत ने इतुआ प्रसाद यादव, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत पिपरिया तथा लल्लाराम प्रजापति पंचायत सचिव ग्राम पंचायत मुंगवानी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के भाग-दो, निलंबन, 4 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित निलंबित किया है। पंचायत सचिवों को निलंबन अवधि में शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जावेगा। विदित हो कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया से प्राप्त पत्र द्वारा लेख किया गया कि ग्राम पंचायत पिपरिया में पदस्थ इतुआ प्रसाद यादव तथा लल्लाराम प्रजापति पंचायत सचिव मुंगवानी के द्वारा लंबित मुख्यमंत्री हेल्प लाईन की (23) शिकायतो का निराकरण एक माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी किसी भी शिकायत का निराकरण नही किया गया है। इसके अतिरिक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की हितग्राही मूलक योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास (जनमन), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुमोदित लेबर बजट अनुसार मानव दिवस का सृजन एवं अन्य कार्यों में व्यापक लापरवाही बरती जा रही है। इस हेतु लिखित एवं मौखिक निर्देश दिए जाने के पश्चात भी समुचित कार्यवाही नहीं की गई। कार्यालय उमरिया द्वारा भी पंचायत सचिवो को मुख्यमंत्री हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे किन्तु निरंतर निर्देश के पश्चात भी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गई। दिनांक 12 फरवरी 2026 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्राप्त लक्ष्य अनुसार माह मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति एवं मुख्यमंत्री हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का निराकरण हेतु चतुर्थ त्रैमास की समीक्षा बैठक में भी निर्देशित किया गया था कि जिन ग्राम पंचायतो में मुख्मंत्री हेल्पलाईन की शिकायते अत्यधिक संख्यों में लंबित है।



# तीन दिन से क्लास के बाहर बाल खोलकर नाच रहीं छात्राएं, गांव में दहशत

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के जनपद पंचायत करकेली में आने वाले ग्राम कल्दा स्थित हाईस्कूल में तीन दिनों से हड़कंप मचा हुआ है। स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं अजीबोगरीब हरकत कर रही हैं, जिससे अभिभावक भी सकते में हैं। दरअसल, बीते तीन दिन पहले दो छात्राओं पर भूत प्रेत का साया मंडराने लगा। अचानक क्लास में बैठी छात्राएं बाहर नाचने-कूदने लगीं। छात्राओं को ऐसा करते देख स्कूल प्रबंधन सकते में आ गया। तुरंत अभिभावकों को खबर दी गई। दावा किया जा रहा है कि परिजनों ने झाड़फूंक करवाई, जिससे छात्राएं ठीक हो गईं। वहीं, दूसरे दिन भी कुछ छात्राओं के वही हाल रहे। उनकी भी झाड़ फूंक करवाई गई लेकिन तीसरे दिन 10-11 छात्राओं की वही स्थिति हुई। इसी बीच किसी ने वीडियो बना लिया, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दूसरी

**उमरिया के ग्राम कल्दा स्थित हाईस्कूल में हड़कंप**



तरफ छात्राओं के अभिभावक तत्काल अपनी बच्चियों को किसी साधन से लेकर पहाड़ के ऊपर बसे गांव महोबा दादर मंदिर ले गए, जहां पंडा द्वारा झाड़ फूंक करने पर सभी छात्राएं ठीक हो गईं। इस मामले में हाई स्कूल कल्दा के प्रभारी प्राचार्य सूरज लाल मराबी ने बताया कि पहले दिन दो बच्चियों को ऐसा हुआ। उनके अभिभावक झाड़फूंक करवा दिए थे, वो ठीक हो गईं। दूसरे दिन तीन-चार बच्चियों के साथ ऐसा हुआ तो उनकी भी झाड़फूंक करवाई गई। तीसरे दिन 10-11 बच्चियों के साथ ऐसा हुआ है, तब सभी लोगों को ग्राम महोबा दादर पंडा के पास ले जाया गया है। फिलहाल सभी ठीक हो गई हैं, हो सकता है कोई साया इनके ऊपर हो।

वही जब मामले की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को मिली तो उनके द्वारा विद्यालय का भ्रमण कर बच्चियों को अस्पताल ले जाया गया। अब ये अंधविश्वास है या कुछ और जल्दबाजी में कहा नहीं जा सकता है लेकिन 3 दिनो के बाद खबर की जानकारी जिला मुख्यालय तक पहुँचना ये सोचनीय विषय है। इससे ये जाहिर होता है कि स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक कितने गैरजिम्मेदार है..! हलाकि अभी सभी छात्राये स्वास्थ्य है.!

## कौशल समिति की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** योजना भवन में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आईटीआई प्राचार्य श्रीमती मनीषा भूरिया द्वारा कौशल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जिले में चल रही कौशल उन्नयन योजनाओं को गति देने पर जोर दिया।

## आज नैनपुर से रवाना होगी ट्रेन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना सचिन जैन ने बताया है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए रामेश्वरम मदुरै जाने वाली विशेष ट्रेन 19 फरवरी को नैनपुर से शाम 4:30 बजे रवाना होगी। प्राप्त नवीन निर्देशों के अनुसार यात्रा में शामिल सभी यात्रियों को अपने व्यय से नैनपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 2:30 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है।

## 2.0 का सांसद ने किया शुभारंभ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नारायणगंज में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र नागरिक तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचे और कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए बनाई गई हैं।

## एसडीएम पहुंचे परीक्षा केन्द्र

मण्डला(स्वतंत्रमत)। नैनपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित दसवी बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण एसडीएम आशुतोष महादेव ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण, उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा तथा परीक्षार्थियों की सुविधाओं का जायजा लिया।

## समिति का हुआ गठन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल मोहगांव ने ग्राम उमरिया में हनुमान प्रतिमा की स्थापना मंदिर में कराते हुए। रामधुन, हवन पूजन आरती भंडारा एवं समिति का गठन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रामगोपाल यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, जिला महामंत्री प्रवीण भाई यादव,जिला हनुमान चालीसा केंद्र प्रभारी अनिल मिश्रा, रमन यादव ब्लॉक अध्यक्ष, निरंजन आर्मो तहसील महामंत्री, संतोष यादव एवं बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हज यात्रियों का टीकाकरण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला हज कमेटी मण्डला हज वेलफेयर सोसायटी एवं स्वास्थ विभाग के आपसी समन्वय से हज के मुकद्दस सफर के जाने वाले आजमीने हज को टीकाकरण, पोलियो ड्राप पिलाये जाने का कार्य सम्पन्न हुआ। इस विशेष अभियान मे हज कमेटी ऑफ इण्डिया से प्राप्त गाईड लाईन के अनुसार वेक्सीन लागाई गई। स्थानीय जिला चिकित्सालय के मीटिंग हाल के डॉ.मोहसिन मंसूरी, नर्सिंग ऑफिसर मनीशा यादव, आमोद श्रीवास, शरद मेश्राम, प्रकाष कुडापे एवं अन्य स्टाफ का सक्रीय योगदान रहा।

## लोकायुक्त जबलपुर ने पीड़ित किसान की शिकायत पर मारा छापा

# एसडीएम का चेला पांच की हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

मण्डला(स्वतंत्रमत)

लंबे समय से अनुविभागीय निवास राजस्व कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना चल रहा है। यहां पर बिना लेन-देन के कोई भी काम नही हो रहे है किसान मजदूर जरूरतमंद जो कि दूर दराज के गांव से यहां पर आते रहते हैं जहां पर बिना लिए दिए कोई काम नही होता है। आरोप है कि पदस्थ एसडीएम की कार्यप्रणाली ठीक नही है जिसके चलते उनके चेले चापाटी भयमुक्त होकर सरेआम रिश्वतखोरी कर रहे हैं। ऐसे अनेक मामले सामने आ चुकें है लेकिन यह मामला काफी गंभीर बताया जाता है। केवल एक शब्द की गड़बड़ी सुधारने के लिए 10 हजार की रिश्वत कहा तक उचित है? अब यह चर्चा में आ गया है लोगों का कहना है कि ऐसे कितने प्रकरण होंगे जिन पर त्रुटि सुधार नामांतरण बटवारा सीमांकन फौती कटना जैसे प्रकरणों की संख्या और उन पर कमाई का आकंड़ा महीनों के लाखों पार कर देता होगा। यह पैसा कहां कहां, किस-किस की जेब में जाता होगा यह सब जांच का विषय है एसडीएम के चहेते बाबू के रिश्वत लेते पकड़े जाने से हलचल तो मची है लेकिन अब तक पदस्थ अमला जहां का तहां दिखाई दे रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए योगेश देशमुख के निर्देश एवं मनोज सिंह के मार्गदर्शन में लोकायुक्त जबलपुर इकाई ने बुधवार को मंडला जिले के निवास तहसील में ट्रैप






कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 (रीडर) को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है और आम जनता में यह संदेश गया है कि अब नाम सुधार जैसे साधारण कार्यों के लिए भी रिश्वत मांगने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक गेंदलाल सर्वटे पिता मूलचंद सर्वटे, उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम दरगड़, तहसील निवास जिला मंडला ने लोकायुक्त जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदक ने बताया कि उसके पिता की कृषि भूमि के खसरे में नाम त्रुटिवश मूलचंद के स्थान पर फूलचंद दर्ज हो गया था। इस त्रुटि को सुधारने के लिए उसने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। आरोप है कि उक्त नाम सुधार की प्रक्रिया आगे बढ़ाने और खसरे में सही नाम दर्ज करवाने के एवज में कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 (रीडर) काशीराम मरावी उम्र 60 वर्ष ने 10,000 रुपये रिश्वत मांग की। आवेदक ने जब इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई तो आरोपी ने कथित रूप से 5,000 रुपये अग्रिम देने पर काम करने की बात कही। लगातार दबाव और मांग से परेशान होकर आवेदक ने लोकायुक्त से संपर्क किया। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद लोकायुक्त टीम ने मामले को सत्य पाया और ट्रैप की योजना बनाई। पूरी कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। 18 फरवरी को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने आवेदक को ट्रैप राशि 5,000 रुपये उपलब्ध कराई। नोटों पर आवश्यक रासायनिक प्रक्रिया की गई और आवेदक को निर्देश दिए गए कि आरोपी द्वारा मांगे जाने पर ही राशि दे। दोपहर के समय आवेदक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील निवास पहुंचा। जैसे ही आरोपी काशीराम मरावी ने 5 हजार रुपये की राशि स्वीकार की बाहर मौजूद लोकायुक्त टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्यालय परिसर में हुई इस कार्रवाई से वहां मौजूद कर्मचारियों और आम नागरिकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रैप के दौरान आरोपी के हाथ धुलवाए गए जिनमें रासायनिक परीक्षण में सकारात्मक परिणाम मिला। इसके बाद पंचनामा तैयार कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में ट्रैप दल का नेतृत्व टी.एल.ओ. निरीक्षक शशिकला मर्सकोले ने किया। दल में निरीक्षक जितेन्द्र यादव, उप निरीक्षक शिशिर पांडेय सहित लोकायुक्त जबलपुर की विशेष टीम शामिल रही। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राजस्व कार्यालयों में नाम सुधार, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा, खसरा-खतौनी जैसे कार्यों में अक्सर आम लोगों को अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं और कई बार कर्मचारियों द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। ऐसे में लोकायुक्त की यह कार्रवाई आम जनता के लिए राहत भरी मानी जा रही है। आवेदक गेंदलाल सर्वटे ने लोकायुक्त टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो उसे मजबूरी में रिश्वत देनी पड़ती। उसने कहा कि एक किसान परिवार के लिए 10 हजार रुपये की रकम बहुत बड़ी होती है। उसने अन्य नागरिकों से भी अपील की कि यदि कोई भी शासकीय कर्मचारी अवैध रूप से पैसे की मांग करे तो सीधे लोकायुक्त से शिकायत करें। पिछले कुछ समय से लोकायुक्त की टीम द्वारा राजस्व, पंचायत, शिक्षा और अन्य विभागों में ट्रैप कार्रवाई की संख्या में वृद्धि देखी गई है जिससे भ्रष्ट कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) के तहत यदि कोई लोक सेवक अपने पद का दुरुपयोग कर रिश्वत मांगता या स्वीकार करता है तो उसे कठोर सजा का प्रावधान है। धारा 7 के अंतर्गत रिश्वत मांगने या स्वीकार करने पर कारावास और जुर्माना दोनों का प्रावधान है। वहीं धारा 13(1)(बी) एवं 13(2) में आपराधिक दुराचार की स्थिति में कठोर दंड का प्रावधान है।

## पुलिस ने शराब के साथ पकड़ी लग्जरी कार

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में नशे से दूरी है जरूरी ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 17 फरवरी की रात्रि प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मोहगांव पुलिस द्वारा ग्राम इंद्रा माल क्षेत्र में रेड कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी निशांत करमंडे के कब्जे से कुल 12 कार्टून में भरी देशी एवं अंग्रेजी शराब (कुल 106.92 लीटर) बरामद की गई। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त ईनोवा क्रिस्टा कार क्रमांक एमपी/18बीबी/2251 को भी जप्त किया गया। प्राथमिक पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी अपने सहयोगी अभिषेक गोड़ निवासी कटरा मंडला के साथ उक्त अवैध



शराब बिक्री हेतु ला रहा था। रेड कार्रवाई के दौरान सह-अभियुक्त अभिषेक गोड़ अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। आरोपी निशांत करमंडे (झारिया) पिता स्व. रामकुमार झारिया उम्र 21 वर्ष, निवासी राम मंदिर के पास रामनगर थाना महाराजपुर जिला मंडला वहीं फरार आरोपी अभिषेक गोड़ निवासी कटरा मंडला जिसकी तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में कुल 106.92 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 67 हजार 620 बताई गई। साथ ही ईनोवा क्रिस्टा कार को भी जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक वेदराम हनोते, उप निरीक्षक मनोज कुमार गौतम, उप निरीक्षक नंदश्याम धुर्वे, उप निरीक्षक वंदना शर्मा, प्रधान आरक्षक प्रीतम उईके, आरक्षक हेमंत मरावी, शिव परस्ते, चालक आरक्षक रेवा मरावी की भूमिका रही।

## 72 घंटे में पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

मण्डला(स्वतंत्रमत)

थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा 72 घंटे के अंदर ग्राम कटंगी के दो चोरियो के मामले का पर्दाफाश किया है। जानकारी अनुसार 12 फरवरी को प्रार्थी चंद्रकांत बड़गैया पिता खूबीधर बड़गेया उम्र 70 वर्ष ग्राम कटंगी थाना बीजाडांडी में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 11 फरवरी के दिन दहाडे अज्ञात चोर द्वारा मेरे घर का ताला तोडकर पेटी के अंदर रखे हुये सोने चांदी के जेवर कीमती 90,000 रूपये तथा । लाख नगद रूपया कुल मशरूका 190000 रूपये चोरी कर लिये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बीजाडांडी में अपराध क्रमांक 33/2026 धारा 305 (ए) 331 (3) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपी मय माल-मशरूका



की तलाश करने निर्देशित किये गये एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निवास के मार्गदर्शन में थाना बीजाडांडी द्वारा टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की तलाश पता साजी हेतु ग्राम में जनसंपर्क एवं मुखबिर मामुर कर पता तलाश प्रारंभ किया। 15 फरवरी को जागेन्द्र बड़गैया पिता प्रभाकांत बडगैया उम्र 40 वर्ष निवासी कटंगी द्वारा स्वयं की मोटर साईकिल चोरी होने की रिपोर्ट पर अप क्र. 37/2026 धारा 305 (ए), 331(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस को संदेह होने पर सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी जागेन्द्र बडगैया द्वारा चन्द्रकांत बडगैया के घर चोरी करना तथा चोरी के अपराध से बचने के लिये स्वयं द्वारा अपनी मोटर साईकिल को चोरी करने षडयंत्र रचकर पुलिस को गुमराह करना स्वीकार किया गया। मामले का खुलासा होते ही आरोपी जागेन्द्र बड़गैया के कब्जे से अप क्र. 33/2026 का माल सोने चांदी के जेवर कीमती 90000 रूपये तथा। लाख नगद रूपया कुल मशरूका 1,90,000 रूपये तथा अप क्र. 37/2026 के मामले की मोटर साईकिल कीमती 10,000 रूपये की जप्ती कि गयी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अनीता कुडापे, उनि आर के झारिया, सउनि अक्षय यादव, सउनि छवि सूर्यवंशी, सउनि मुरारी लाल धुर्वे, प्र.आर. 267 जय पाण्डे, प्र.आर. 64 रवीन्द्र मरावी, आर 244 पंचम धुर्वे, आर 608 महेन्द्र माकों, आर. 207 भोजराम मरकाम, म.आर. 711 आरती मल्लाह, चा.आर. 208 विजय छिरा, अनुराग गौर, अभिलाष झारिया तथा फिंगर प्रिंट टीम व डॉग स्कॉट टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# इकलौते मुख्य मार्ग का रेलवे समपार बना जी का जंजाल

### बढ़ती गाड़ियों की संख्या के साथ हमेशा बंद रहता है फाटक

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** नगर के मध्य में बना रेलवे समपार अब नगर में आवागमन के लिहाज से जी का जंजाल बनाता जा रहा है। ब्राडगेज के साथ लगातार बढ़ती रेल यत्रीगाडियो की संख्या और माल गाड़ियों की लगातार आवाजाही से अधिकतर समय मे बंद रहने वाले समपार ने नगर के न केवल यातायात को प्रभावित कर रखा बल्कि यहां हर आधे घण्टे में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं। इसके अलावा रेलवे की लचर व्यवस्था का खामियाजा भी यहां कई बार आम राहगीर भुगतते हैं। कई बार यहां राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है । समपार बन्द होने के बाद खुलने में आने वाली तकनीकी कमी और खराबी के कारण रेलवे फाटक काफी समय तक बंद ही रहता है। ऐसी दिक्कत हमेशा देखी जाती है कि फाटक बंद हो जाता हे तो खुलने का नाम ही नही लेता । जब गेट मेन चाबी लेकर फाटक के पास तक जाएगा चाबी घुमाएगा और यह प्रक्रिया उसे दोनों ही गेट में करनी होगी



तब जाकर वह दोनों गेट खोलने में सक्षम हो पाता है । लिहाजा ट्रेन निकलने के बाद 10 मिनट तक और राहगीरों को फाटक में खड़े रहना पड़ता है । कई बार तो देखने मे आता है कि गेट का एक हिस्सा खुल गया मगर दूसरे हिस्से को गेटमैन काफी मशक्कत के बाद खुल पाता है । ऐसी स्थिति में लोग भयभीत होते भी देखे जाते हैं । आधा खुला गेट कहीं दुर्घटना को जन्म न दे दे यह चिंता वहां खड़े लोगो को बनी रहती है । नगर का इकलौता मुख्य मार्ग लगातार आवाजाही के कारण व्यस्त रहता है । जिससे यहां लंबी कतार दोनों छोरों में लग जाती है । फाटक बंद रहने की स्थिति में मानो यह मार्ग थम सा जाता है । रेलवे गेट मुख्य मार्ग में होने के कारण यात्रियों को हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।स्कूल टाइम में बच्चों को जाते समय और छूटते समय अधिकतर जाम में फसा देखा गया है । तो वहीं कभी कभी तो सीरियस पेशेंटो को लेकर एंबुलेंस खड़ी हो जाती हे। सर्विस वाले कर्मचारी समय से ऑफिस नही पहुंच पाते। नगर की जनता इन सब समस्याओं को देखते हुए रेलवे विभाग के उच्चाधिकारियों से और जनप्रतिनिधियों से मांग करती है की ओवर ब्रिज का काम यहां जल्द से जल्द शुरू किया जाए। जिससे आने वाले समय में जब लम्बी दूरी की ट्रेनें इस रूट में चलेंगी तो और भी अधिक यात्रियों को समस्या का सामना करना न पड़े ।

# ट्रेनों के समय में आंशिक संशोधन का सुझाव

### अपनी सुविधाओं में और विस्तार के लिए लालायित है नैनपुर जंक्शन

नैनपुर (स्वतंत्र मत )

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण रेल जंक्शन नैनपुर अपनी सुविधाओ और विस्तार के लिए लालायित है। अमृत भारत योजना के तहत इसका विस्तार तो किया जा रहा है। मगर एक स्तरीय जंक्शन बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं को अमलीजामा पहनाने की मूल आवश्यकता है। इसके अलावा कुछ यत्रीगाडियो के समय मे आंशिक परिवर्तन कर अंचल के यात्रियों का सफर और आसान किया जा सकता है। अब इस बाबद कुछ रेल एक्टिविस्टों ने सुझाव और परामर्श रेल विभाग को प्रेषित करने की पहल की है। जिसमे बालाघाट सिवनी के पूर्व सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने संज्ञान में लेकर रेलवे व सड़क विकास पर भविष्य की कार्य योजना से जुड़ी एक रूपरेखा तैयार की है। नैनपुर जंक्शन एक स्तरीय रेलवे स्टेशनो के विभिन्न पहलुओं में अभी काफी पीछे है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं के साथ नैनपुर जंक्शन को विश्वस्तरीय जं बनाया जा सकता है। वर्तमान में प्लेटफार्म में डोरमेट्री एवं रिटायरिंग रूम कमी है । यहां पर कैरिज एवं वैगन पूरी वर्कशॉप की स्थापन किया जाना आवश्यक है। पिट लाइन कोचिंग डिपो रेक पॉइंट से लगा कर नही बल्कि कुछ दूरी में वार्ड नं 8 की दिशा में तालाब की ओर बनाया जाना ज्यादा उचित है। प्लेटफार्म नम्बर 5 में ट्रैक डालने के साथ ही अब रेक पॉइंट के ऊपर हाई लेवल पैसेंजर प्लेटफार्म बनाया जाए। इसके अलावा 6,7,8 नंबर नए प्लेटफॉर्म बनाने की महती आवश्यकता है। नैनपुर का रेलवे समपार फाटक पूर्णत: खत्म कर ओवर ब्रिज निर्माण तत्काल किया जाना चाहिए। इसके अलावा वर्तमान रेलगाड़ियों के समय परिवर्तन के साथ कुछ सुधार की जरूरत है। जिसके तहत गाड़ी संख्या 58826 नैनपुर छिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेन जो वर्तमान में




सुबह 5 बजे नैनपुर से चलकर छिंदवाड़ा 8.30 पर पहुँचती है। इसे 1.15 मिनट बाद 6.15 मिनट पर रवाना किया जाए। जिससे गाड़ी संख्या 51710 मंडला नैनपुर जबलपुर पैसेंजर ट्रेन से कनेक्टिविटी बन सके। इससे मंडला से यात्री सुबह सीधे छिंदवाड़ा की ओर सफर्वकर सकेंगे। जबलपुर मंडला फोर्ट जबलपुर प्रतिदिन 2 पैसेंजर ट्रेनें चलती है। जिनका जबलपुर से नैनपुर फिर नैनपुर से मंडला और इसी प्रकार वापसी में भी, कुल 4 बार एक ही ट्रेन का नंबर बदलता है जिससे यात्रियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रहती है। दोनो तरफ से सिर्फ एक-एक सीधा नंबर अलॉट हो। जिससे यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचाया जा सके। छिंदवाड़ा मंडला छिंदवाड़ा एक पैसेंजर ट्रेन चलती है जिसका नंबर छिंदवाड़ा से नैनपुर फिर नैनपुर से छिंदवाड़ा और इसी प्रकार वापसी में भी, कुल 4 बार एक ही ट्रेन का नंबर बदलता है जिससे यात्रियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रहती है। दोनो तरफ से सिर्फ एक-एक सीधा नंबर अलॉट हो। जिससे यह यत्रीगाडी मण्डला से छिन्दवाड़ा तक केवल एक ही नंबर और नाम से जानी जाए। नैनपुर जं से छिंदवाड़ा जं एवं छिंदवाड़ा जं से नैनपुर जं प्रतिदिन नई पैसेंजर ट्रेन दोपहर में दोनो तरफ से एक ही समय मे शुरू की जाए। गाड़ी संख्या 15205/15206 लखनऊ जबलपुर लकनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस का विस्तार नैनपुर जं तक किया जाना व हफ्ते के 3 दिन संचालन करना 15 दिसंबर 2022 से रेलवे बोर्ड में लंबित है । इसकी शीघ्र स्वीकृति मिले। क्योकि यह गाड़ी जबलपुर में 15 घंटे खड़ी रहती है। रेलगाड़ी सं. 12139 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुंबई-नागपुर सेवाग्राम एक्सप्रेस का विस्तार वाया सिवनी नैनपुर तक किये जाने एवं अन्य मामलों की विस्तृत जांच के लिए संबंधित निदेशालय को रेल मंत्री द्वारा 6 अगस्त 2025 को निर्देश दिए गए है । इसकी भी स्वीकृति जल्द दिलाई जाए।

## नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा मंडला पहुंचे और पड़ाव श्रीराम मंदिर कछवाहा भवन में जिला कार्यकारिणी का समाज के सर्वगुण विकास सांस्कृतिक परंपराओं की संरक्षण और सामाजिक एकता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया है और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को समाज के उत्थान के लिए कार्य करने कि शपथ दिलाई। वही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज हित के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करने से ही समाज का विकास संभव है। क्योंकि विभिन्न राजनीति दल ने कुशवाहा समाज को बांट कर अपना हित साध कर कार्य करते हैं। इसलिए कुशवाहा कछवाहा अपनी ताकत को समझ कर एकजुट हो। समाज को लेकर चलें तभी समाज के मान-सम्मान की रक्षा होगी।



कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान लवकुश के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया यहां पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, शशिशंकर कछवाहा, शिवराज कछवाहा, कोमल कछवाहा, महेश कछवाहा, गोपाल कुशवाहा, ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, चमरू कछवाहा, सुखचैन कछवाहा, डिलन कछवाहा, काशी प्रसाद कछवाहा, भांगीलाल कछवाहा, फूंदी कछवाहा एवं कछवाहा समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक लोग मौजूद रहे सभी सामाजिक वरिष्टों का साल श्रीफल सें सम्मान किया गया। इसी मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारी की घोषणा की गई जिसमें प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश के जिला अध्यक्ष दुष्यंत कछवाहा, उपाध्यक्ष हरपाल कछवाहा एवं प्रमोद कछवाहा पौड़ी, कोषाध्यक्ष उमेश कछवाहा, सचिव अजय कछवाहा,सहसचिव सुरेश कछवाहा, जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन कुशवाहा, संगठन मंत्री मुकुल कछवाहा, संगठन मंत्री भालू कछवाहा, महिला जिला अध्यक्ष शारदा कछवाहा जिला महामंत्री हेमलता कछवाहा, युवा जिला अध्यक्ष सौरभ कछवाहा, महामंत्री सनित कछवाहा,एवं मुकुल कछवाहा, अभय कछवाहा, सुनील कछवाहा, यूवराज कछवाहा, धनराज कछवाहा, सयूज कछवाहा को बनाया गया इस मौके पर कछवाहा समाज के सभी वरिष्ठ लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियो का तिलक बंधन एवं माला पहनाकर सभी को बधाई दी।

संपादकीय

## एआई का महाकुंभ

राजधानी दिल्ली में एआई का जो पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन सजा है, उसका महत्व महाकुंभ सरीखा है। इस महाकुंभ में 100 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 135 देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं। 20 फरवरी तक 3250 से अधिक वक्ता बोलेंगे और करीब 500 सत्र आयोजित किए जाएंगे। किसी नई प्रौद्योगिकी पर विमर्श और चिंतन-मनन के लिए यह सर्वोच्च मंच है, लिहाजा महाकुंभ जैसा महत्व है। सभी हिस्सेदार, भागीदार व्यक्ति या देश एआई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और एक पथ तय करेंगे कि एआई किस तरह मानवोपयोगी साबित हो सकता है? इतनी व्यापक चर्चा तब भी नहीं हुई, जब कम्प्यूटर हमारे बीच आया था और देश भय, खौफ में थे कि यह मानव का विकल्प साबित हो सकता है। ऐसा नहीं हुआ और आज कम्प्यूटर हमारे कामकाज का बुनियादी हथियार है।

आज का समय और दौर कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि एआई का है। आगामी तीन सालों में एआई का विस्तार हजार गुना होगा और जिंदगी बिल्कुल बदल जाएगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन, प्रशासन और नीति-निर्माण, इतिहास, संस्कृति, विज्ञान से लेकर आम आदमी और कर्मचारी तक एआई का दखल होगा और ये क्षेत्र एआई से ही संचालित होंगे। भारत एआई के बड़े और स्थापित देशों की रेस में शामिल नहीं है, लेकिन एआई की प्रतिभाएं देश में 33 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। करीब 69 फीसदी कंपनियां इस साल एआई में निवेश बढ़ाएंगी और 80 फीसदी कंपनियां इस नए हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। करीब 92 फीसदी कर्मचारी एआई का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। भारत में एआई के तीन आधिकारिक सूत्र घोषित किए गए हैं-लोग (पीपुल), ग्रह (प्लैनेट), प्रगति (प्रोग्रेस)। यकीनन इनमें नैतिकता और मानवता का भाव अधिक है। बहरहाल ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया (सोल), फ्रांस (पेरिस) के बाद एआई का यह शिखर सम्मेलन भारत की राजधानी दिल्ली में जारी है। करीब 3 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। दरअसल बुनियादी चिंता एआई चिप्स, रोजगार और परिवर्तन के बाद की दुनिया को लेकर है। भारत में एआई को 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि इससे मुंह के कैंसर की 86 फीसदी तक सटीक पहचान हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, मद्रास 100 से अधिक भारतीय बोलियों (अवधी, ब्रज, हरियाणवी) पर काम कर रहा है। मकसद है कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को उनकी स्थानीय बोली-भाषा में ही शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। आईआईटी, रोपड़ ने एआई आधारित ऑटोमैटिक 'मौसम स्टेशन' तैयार किया है। इन्हें हजारों खेतों-गांवों में लगाया जा सकता है। करीब 15,000 रुपए की कीमत वाला यह उपकरण सिंचाई, फसल योजना और कीट-नियंत्रण आदि की सटीक सलाह देगा। बिहार और उप्र में इसका पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा है। एआई के क्षेत्र में हमने 5 बड़े कदम उठाए हैं, जो निर्णायक साबित हो रहे हैं। सर्वम एआई, परम-2, ज्ञानी, सॉकेट और गान-ये पांच बड़े प्रयास किए गए हैं। इनके जरिए हमारी सभ्यता, संस्कृति, इतिहास के प्राचीन अतीत को भी खंगाला जा सकता है और हम देख भी सकते हैं। फिर भी अमरीका और चीन की तुलना में भारत में एआई अभी 'शिशु अवस्था' में है।

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है।

बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो।

ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं-बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है-यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है।




यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। किंतु चुनावी विमर्श में यह पीड़ा गौण हो जाती है, और केंद्र में आ जाता है-धर्म, पहचान और भय।

ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं; भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। सी.बी.आई. और ई.डी. की कार्रवाइयों को ममता राजनीतिक प्रतिशोध बताती हैं, जबकि भाजपा उन्हें कानून का पालन। इस टकराव ने प्रशासनिक संवाद को भी राजनीतिक संघर्ष में बदल दिया है। परिणाम यह है कि विकास का एजेंडा आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या धर्म-आधारित ध्रूवीकरण स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकता है? इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा तो देता है, पर दीर्घकालिक शासन-क्षमता की कसौटी पर उसे विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव केवल कौन किसका प्रतिनिधि है तक सीमित रह गया, तो कौन क्या करेगा का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा।

बंगाल की आत्मा बहुलतावाद में रही है-रामकृष्ण परमहंस से लेकर रवींद्रनाथ तक, यह भूमि विविध आस्थाओं और विचारों का संगम रही है। यहां दुर्गा पूजा और मुहर्रम दोनों सामाजिक उत्सव का रूप लेते रहे हैं। यदि राजनीति इस सामाजिक ताने-बाने को चुनावी अंकगणित में बदल देगी, तो समाज की संवेदनशीलता पर चोट पहुंचेगी। दूसरी ओर, यदि धार्मिक प्रतीकों का उपयोग सांस्कृतिक आत्मगौरव के साथ विकास-प्रतिबद्धता को जोड़ने में किया जाए, तो वह सकारात्मक भी हो सकता है। इस चुनाव में भाजपा की रणनीति हिंदू मतों का अधिकतम ध्रूवीकरण है; ममता की रणनीति हिंदू पहचान को बंगाली अस्मिता के साथ समाहित कर अल्पसंख्यकों के विश्वास को बनाए रखना है। मुस्लिम दलों की सक्रियता तृणमूल के लिए चुनौती है, पर वह भाजपा के लिए अवसर भी है। यह त्रिकोणीय-संभावना चुनाव को जटिल बनाती है। परंतु अंततः लोकतंत्र की परिपक्वता मतदाता तय करता है। यदि बंगाल का मतदाता विकास, रोजगार और सुशासन को प्राथमिकता देता है, तो राजनीतिक दलों को अपना विमर्श बदलना होगा। यदि वह पहचान की राजनीति को स्वीकार करता है, तो वही भविष्य की दिशा बनेगी। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन जीतेगा; प्रश्न यह है कि जीत का एजेंडा क्या होगा?

क्या धर्म के आधार पर लड़ा गया चुनाव सार्थक मूल्य स्थापित कर पाएगा? या यह राज्य को और अधिक वैचारिक खाइयों में धकेल देगा? बंगाल की धरती ने अनेक बार भारत को नई वैचारिक दिशा दी है। आज फिर अवसर है-या तो वह धर्म बनाम धर्म की बहस में उलझे, या धर्म को नैतिकता और विकास की प्रेरणा बनाकर नई राजनीति की राह खोले। चुनाव परिणाम चाहे जो हो, असली कसौटी यही होगी कि क्या बंगाल अपनी आर्थिक ऊर्जा, सांस्कृतिक उदारता और सामाजिक समरसता को पुनः प्राप्त कर पाता है। यदि नहीं, तो धर्म की ध्वजा चाहे जितनी ऊंची फहराई जाए, विकास का शून्य अंततः सबको दिखाई देगा।

# क्या एआई के क्षेत्र में दुनिया को पछाड़ पाएगा भारत?



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहे वैश्विक एआई सम्मेलन में दो दिन से चल रहे विचार मंथन से एक बात उभर कर आई है कि एआई के समक्ष खड़ी चुनौतियों के हल के लिए दुनिया भारत की ओर निहार रही है। देखना होगा कि सम्मेलन के अंत में दिल्ली डिक्लेरेशन से क्या निकल कर आता है। लेकिन यहां एक ओर बात की आवश्यकता महसूस हुई कि भारत को यदि इस क्षेत्र में नेतृत्व हासिल करना है तो बड़े निवेश और सरल तथा प्रभावी नीतियों की भी जरूरत है।

देखा जाए तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई अब केवल नई तकनीक का आकर्षण नहीं रही, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, उद्योग, ऊर्जा, नीति और वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र बन चुकी है। दुनिया के बड़े देश इसे रणनीतिक साधन की तरह देख रहे हैं। डाटा, कंप्यूटिंग शक्ति और उन्नत चिप आज के दौर का नया तेल बन चुके हैं। ऐसे समय में भारत के सामने मूल प्रश्न यह है कि वह एआई की दौड़ में केवल उपभोक्ता बन कर रहेगा या निर्माता और नेता की भूमिका निभाएगा। भारत ने पहले भी तकनीकी मोड़ पर सही फैसले लेकर इतिहास बदला है। नब्बे के दशक में सूचना तकनीक और सॉफ्टवेयर सेवाओं पर जोर देने से लाखों रोजगार बने, भारतीय कंपनियां दुनिया भर में छा गईं और देश को नई पहचान मिली। आज एक वैसा ही मोड़ फिर सामने है, लेकिन इस बार दांव कहीं बड़ा है। एआई न केवल सेवाओं को, बल्कि कारखानों, आपूर्ति श्रृंखलाओं, दवा उद्योग, परिवहन और ऊर्जा व्यवस्था तक को बदल सकती है।

यह समझना जरूरी है कि एआई एक ही तरह की चीज नहीं है। उपभोक्ता एआई, जैसे चैट टूल या मनोरंजन आधारित अनुप्रयोग, तेजी से लोकप्रिय होते हैं, पर इन पर अक्सर कुछ ही बड़ी कंपनियों का दबदबा हो जाता है। इसके विपरीत औद्योगिक एआई हर क्षेत्र के लिए अलग समाधान मांगती है। हर उद्योग का अपना डाटा, अपनी समस्या और अपना कामकाज होता है। इसलिए क्षेत्र विशेष मॉडल बनते हैं। यही भारत की ताकत बन सकती है, क्योंकि यहां उद्योगों की विविधता और पैमाना दोनों मौजूद हैं।

उदाहरण के लिए दो पहिया वाहन उद्योग को लें। भारत दुनिया के सबसे बड़े दो पहिया बाजारों में है। यह क्षेत्र रोजगार, शहरीकरण और आय वृद्धि से जुड़ा है। अब इलेक्ट्रिक दो पहिया का चलन भी बढ़ रहा है। ऐसे में एआई आधारित मांग अनुमान, डिजाइन सुधार, गुणवत्ता जांच और आपूर्ति प्रबंधन से भारी लाभ हो सकता है। मशीन लर्निंग सिस्टम खराबी का पहले ही संकेत दे सकते हैं। इससे ठहराव घटता है, लागत कम होती है और उत्पादन तेज होता है।

दवा उद्योग में भी अवसर विशाल हैं। भारत जेनेरिक दवाओं का बड़ा उत्पादक है, पर गुणवत्ता बनाए रखना चुनौती रहता है। एआई आधारित विजन सिस्टम उत्पादन के दौरान सूक्ष्म दोष पकड़ सकते हैं। डाटा विश्लेषण से प्रक्रिया स्थिर रखी जा सकती है। रोबोटिक ऑटोमेशन दोहराव वाले काम सुरक्षित और सटीक तरीके से कर सकता है। इससे भारत की विश्वसनीयता बढ़ेगी और ऊंचे मूल्य वाले बाजार खुलेंगे।

लेकिन एआई की ताकत केवल सॉफ्टवेयर से नहीं आती, इसके लिए भारी कंप्यूटिंग शक्ति चाहिए, जो उन्नत चिप यानी जीपीयू से मिलती है। ये चिप बहुत महंगी होती हैं। एक उन्नत जीपीयू की कीमत लाखों रुपये तक जा सकती है। भारत ने हजारों जीपीयू लगाए हैं और डाटा केंद्र तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष डाटा केंद्रों ने बिजली ग्रिड से भारी मात्रा में बिजली ली, जो किसी बड़े शहर की मांग के बराबर बैठती है। आने वाले वर्षों में यह मांग कई गुना बढ़ सकती है। यह भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का संकेत है, पर साथ ही ऊर्जा चुनौती का भी। अगर भारत को एआई में अग्रणी बनना है तो केवल कुछ हजार जीपीयू काफी नहीं होंगे। अमेरिका आज भी इस क्षेत्र में आगे है। उसके पास विशाल डाटा केंद्र क्षमता है और वह उन्नत जीपीयू की आपूर्ति पर नियंत्रण रखता है। इसी कारण वह तकनीकी बढ़त बनाए हुए है। चीन को रोकने की रणनीति में भी चिप आपूर्ति अहम रही है।

चीन ने भी इस दौड़ को बहुत पहले समझ लिया था। उसने चिप निर्माण में भारी निवेश किया। उसकी बड़ी तकनीकी कंपनियां अपने एआई चिप बना रही हैं। भले वे अभी सबसे उन्नत स्तर पर न हों, पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं। अमेरिका में भी बड़ी तकनीकी कंपनियां खुद चिप डिजाइन में उतर चुकी हैं। ऐसे माहौल में यदि भारत केवल पुराने स्तर की चिप बनाता रह गया तो वह पीछे छूट सकता है।

तो क्या समाधान है? क्या हमें अपनी आकांक्षा घटा लेनी चाहिए? कुछ लोग कहते हैं कि भारत की प्रति व्यक्ति बिजली खपत अभी विकसित देशों से कम है। जैसे जैसे लोग समृद्ध होंगे, उन्हें घरों में अधिक बिजली चाहिए होगी। अगर एआई के कारण बिजली महंगी हुई तो जीवन स्तर प्रभावित हो सकता है। यह चिंता सही है, पर इसका मतलब यह नहीं कि हम पीछे हट जाएं। दरअसल जरूरत बड़े सोच की है। भारत को एक साथ दो मोर्चों पर काम करना होगा। पहला, घरेलू चिप निर्माण और डिजाइन को बढ़ावा देना। इसके लिए नीति समर्थन, निवेश और कौशल विकास जरूरी है। दूसरा, ऊर्जा ढांचा मजबूत करना। नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, बेहतर ग्रिड और भंडारण तकनीक पर जोर देना होगा ताकि डाटा केंद्रों की मांग पूरी हो सके।

इसके साथ ही एआई का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे। मध्यम और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। इसके लिए साझा प्लेटफॉर्म, क्लाउड ढांचा और क्षेत्र विशेष समाधान जरूरी हैं। सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों को मिल कर काम करना होगा। शोध संस्थान मॉडल विकसित करें, उद्योग वास्तविक समस्याएं और डाटा दें, और सरकार नियम, प्रोत्साहन तथा अवसंरचना दे। भारत को ऐसे नेतृत्व की भी जरूरत है जो अलग अलग पक्षों को जोड़ सके और भरोसा बना सके। एआई को नौकरी छीनने वाली नहीं, बल्कि नई क्षमता देने वाली तकनीक के रूप में समझाना होगा। कौशल प्रशिक्षण, पुन- प्रशिक्षण और शिक्षा सुधार पर जोर देना होगा।

बहरहाल, अब सवाल यह है कि एआई की दिशा कौन तय करेगा? अगर भारत ने समय रहते साहसिक फैसले लिए, चिप निर्माण, ऊर्जा ढांचा और औद्योगिक एआई पर जोर दिया, तो वह केवल तकनीक का बाजार नहीं रहेगा, बल्कि दिशा देने वाला देश बन सकता है। आईटी क्रांति ने भारत को विश्व मंच पर जगह दी थी। एआई और उन्नत कंप्यूटिंग भारत को आर्थिक शक्ति और तकनीकी आत्मनिर्भरता के नए दौर में पहुंचा सकती है। अवसर हमारे सामने है। अब निर्णय और क्रियान्वयन हमारी जिम्मेदारी है।

# इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक का कन्फ्यूजन? एडमिशन से पहले समझें दोनों में सबसे बड़ा अंतर

दिव्यांशी भदौरिया

ज्यादातर छात्रों का सपना होता है इंजीनियर बनने का। ऐसे में हर साल लाखों छात्र 12वीं पास करने के बाद इंजीनियर बनना चाहते हैं। हालांकि, इंजीनियरिंग में भी छात्रों के बीच क्चश्व और क्चञ्जद्गष्द्ध कोर्स को लेकर सबसे ज्यादा कन्फ्यूजन रहती है। वैसे इन दोनो ही कोर्स में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। गौरतलब है कि दोनों ही कोर्स के पाठ्यक्रम का स्वरुप एक दूसरे से पूरी तरह अलग होता है। दरअसल, बीई कोर्स में थ्योरी और बीटेक कोर्स में प्रैक्टिकल पर ज्यादा जोर दिया जाता है। यदि आप भी 12वीं कक्षा के बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हैं, तो आप इन दोनों का अंतर आज ही जान लें। आपको निर्णय लेने में आसान रहेगा कि आपको कौन-से कोर्स का चूज करना चाहिए।

**क्या है बीई और बीटेक?**- आपको बता दें कि, बीई और बीटेक कोर्स दोनों ही चार वर्ष की अवधि के लिए होते हैं और इन दोनों ही कोर्स में आठ सेमेस्टर होते हैं। बीई का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग और बीटेक का फुल फोर्म बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी है। वैसे यह दोनों ही कोर्स इंजीनियरिंग कोर्स के लिए डिजाइन किए गए हैं।

**बीई का स्वरूप**- बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) चार साल का स्नातक पाठ्यक्रम है। यह कार्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त माना जाता है जिनकी रुचि प्रैक्टिकल कार्य की अपेक्षा थ्योरी अध्ययन में अधिक होती है। बीई में विषयों की गहन और ज्ञान-आधारित पढ़ाई कराई जाती है, जहां छात्र पारंपरिक इंजीनियरिंग सिद्धांतों को विस्तार से समझते हैं। क्योंकि यह कोर्स मुख्य रूप से सैद्धांतिक ज्ञान पर केंद्रित होता है, इसलिए इसके पाठ्यक्रम में बार-बार बदलाव नहीं किए जाते।

**बीटेक पर भी एक नजर**- बीटेक, बीई से थोड़ा अलग होता है। बीटेक कोर्स कौशल आधारित होता है। बीटेक कोर्स उन छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है, जिन्हें प्रैक्टिकल नॉलेज में ज्यादा दिलचस्पी है। यह कोर्स स्किल आधारित है। इसलिए इस कोर्स को टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री के अनुसार बार-बार अपडेट किया जाता है। इसके साथ ही इस कोर्स को इंडस्ट्रियल-ओरिएंटेड के आधार पर ही डिजाइन किया गया है, इसे पूरा करने के बाद छात्र किसी भी कंपनी में आसानी से इंटर्नशिप के लिए भी अप्लाई करते हैं।

### बीई और बीटेक में अंतर

बीई कोर्स में थ्योरी पढ़ाई जाती है, जबकि बीटेक कोर्स में थ्योरी के साथ ही प्रैक्टिकल पर जोर दिया जाता है।

- बीई कोर्स ज्ञानवर्धक बेस्ड, जबकि बीटेक कोर्स स्किल बेस्ड है।
- जैसा कि ऊपर बताया है कि, बीई में पारंपरिक इंजीनियरिंग सिद्धांतों और बीटेक कोर्स में इंडस्ट्रियल-ओरिएंटेड के आधार पर पढ़ाई कराई जाती है।
- बीई कोर्स की तुलना में बीटेक कोर्स को समय के अनुसार बार-बार अपडेट करा जाता है।

### कोर्स में दाखिले के लिए जरूरी एंट्रेंस टेस्ट

यदि आप भी इंजीनियर बनना चाहते हैं, तो बीई और बीटेक कोर्स में दाखिले के लिए छात्रों को जेईई मेन परीक्षा को पास करना होगा। आपको बता दें कि, जेईई मेन परीक्षा साल में 2 बार आयोजित की जाती है। जो अभ्यर्थी सफल होते हैं उनको जेईई एडवांस्ड परीक्षा में शामिल होते हैं। आपको बता दें कि, जेईई मेन परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को जेईई मेन में ढाई लाख के अंदर रैंक प्राप्त करना जरुरी होता है। इसके बाद जो उम्मीदवार जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में सफल होंगे, वे आईआईटी, आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला ले सकते हैं।

# बोर्ड परीक्षा- समाज के दायित्वों की न हो अनदेखी




प्रशांत श्रीधर
शिक्षक
पिंडरई मंडला

हर वर्ष जब बोर्ड परीक्षाओं का समय आता है,तो हमारे घरों में एक अलग-सा माहौल बन जाता है,माता पिता की चिंता और उम्मीद एक साथ दिखायी देती है,दीवारों पर टाइम-टेबल चिपक जाते हैं,खेलने का समय समाप्त कर दिया जाता है और बातचीत में परीक्षा और टॉपर की बातें अधिक सुनाई देने लगती है,परंतु एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या बोर्ड परीक्षाएं केवल विद्यार्थियों की होती हैं?क्या यह सिर्फ उनकी मेहनत,उनका तनाव और उनकी जिम्मेदारी है?

वर्ल्ड कप टी20 और बोर्ड परीक्षाओं का समय एक साथ चल रहा है,चलिए दो परिस्थितियों में विचार करते हैं,पहली स्थिति में एक कमरे में भारत का टी20 मैच सारा परिवार मजे से देख रहा हो और दूसरे कमरे में 10वीं या 12वीं के विद्यार्थी से पढ़ने को कहा जाए तो क्या विद्यार्थी पूरे मनोयोग से अध्ययन कर सकेगा वहीं दूसरी स्थिति में परिवार के सभी सदस्य टीवी बंद रखते हुए विद्यार्थी के त्याग में अपना हिस्सा अर्पण करते हैं तो विद्यार्थी का आत्मविश्वास

स्वतः ही बढ़ जाएगा और जिम्मेदारी का भाव उच्चतम होगा,

घर का वातावरण परीक्षा की तैयारी में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है,यदि घर में शांति,अनुशासन और सहयोग हो,तो विद्यार्थी बेहतर ढंग से पढ़ सकता है,माता-पिता की परीक्षा के समय पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे परीक्षा के दिनों में परिवार या रिश्तेदारी में किसी बड़ी आयोजन में सम्मिलित होने हेतु स्पष्ट तौर पर ना कह दें क्योंकि यदि आप किसी ऐसे समारोह में सम्मिलित होंगे जिसमें बच्चों का भी भावनात्मक लगाव है तो बच्चों का मन भी वहीं लगा रहेगा,दूसरी ओर यदि आप फरवरी से अप्रैल के बीच किसी बड़े आयोजन की योजना बना रहे हैं तो अपने परिवार और रिश्तेदार के बच्चों की परीक्षाओं का भी ध्यान रखें तो बेहतर होगा,यही नहीं आपके किसी आयोजन से पड़ोस में बोर्ड परीक्षा दे रहे किसी छात्र को परेशानी तो नहीं हो रही है इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए,सोचिए यदि शोर शराबे से किसी बच्चे का रिजल्ट बेहतर नहीं आया तो यह टीस उसके मन में जिंदगी भर रहेगी और यदि उसका अनुभव यह रहा कि




मेरी परीक्षाओं की वजह से मेरे रिश्तेदारों ने या पड़ोसियों ने आयोजन को स्थगित किया या संयमित रूप से आयोजित किया तो भविष्य में उसके मन में इसी तरह के जिम्मेदारी के भाव अंकुरित होंगे,दूसरी ओर यदि हम यह विचार करें कि हमारे आस पड़ोस या परिचित के किसी घर में कोई विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट हो रहा है तो हम किस प्रकार उसकी मदद कर सकते हैं,हम अपने शब्दों से उसे प्रोत्साहित कर सकते हैं,उससे एकांत में बात कर उसकी वर्तमान मन- स्थिति का आकलन कर सकते हैं,आवश्यकता पड़ने पर यदि हमारे पास थोड़ा समय है तो हम अपनी विषय विशेषज्ञता अनुसार कठिनाइयों के निराकरण हेतू प्रयास कर सकते हैं,यह सोच की विद्यार्थी केवल स्कूल शिक्षक या ट्यूशन शिक्षकों की जिम्मेदारी है,ठीक नहीं है,इसके अतिरिक्त विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कुछ नोट्स या पुरानी किताबें या फिर यूट्यूब से परीक्षा की तैयारी हेतु अच्छे वीडियो उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा सकता है,यदि आप अपनी कार या बाइक से यात्रा कर रहे हैं और रास्ते में आपको विद्यार्थी दिखायी देते हैं तो उनसे बात कर उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में भी मदद की जा सकती है,आपके घर में ही बच्चा बोर्ड परीक्षा दे रहा है तो भोजन,पर्याप्त नींद और व्यवधान रहित अध्ययन हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए,केवल पढ़ाई-पढ़ाई का दबाव बनाना उचित नहीं है,एक स्वस्थ शरीर और शांत मन ही अच्छे परिणाम ला सकता है,विद्यार्थी मशीन नहीं है वह भावनाओं से भरा एक संवेदनशील व्यक्तित्व है,जब वह पढ़ाई के दबाव में होता है,तब उसे केवल किताबों की नहीं,बल्कि भावनात्मक सहारे की भी आवश्यकता होती है,यदि परिवार और समाज उसका साथ दें, तो उसका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है।

बोर्ड परीक्षाएं केवल अंकों की होड़ नहीं हैं,बल्कि यह हमारे सामाजिक मूल्यों की भी परीक्षा हैं,यह देखने का अवसर है कि हम अपने बच्चों को किस प्रकार का समर्थन देते हैं,डर और दबाव का,या विश्वास और सहयोग का,यदि घर, परिवार,विद्यालय और समाज मिलकर सकारात्मक वातावरण बनाएंगे,तो विद्यार्थी न केवल अच्छे अंक प्राप्त करेगा,बल्कि एक आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक भी बनेगा,अंततः हमें यह समझना होगा कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है,अंतिम मंजिल नहीं,विद्यार्थियों की सफलता में उनका परिश्रम जितना महत्वपूर्ण है,उतना ही महत्वपूर्ण है हमारा सहयोग,जब हम सब अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे, तभी बोर्ड परीक्षा सच मायने में एक सामूहिक सफलता का उत्सव बन सकेगी।

# अमेरिका के साथ दूसरे दौर की बातचीत बेहतर, रचनात्मक : अराघची

काहिरा, (वार्ता)

अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और :यादा :रचनात्मक: थी।

श्री अराघची ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गयी है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। श्री अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा।

श्री अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे।



बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में :अ:छी प्रगति: की है। साथ ही अंतिम समझौते के :मार्गदर्शक सिद्धांतों: को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गयीं।

इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि :सब कुछ अभी भी टेबल पर है।:

श्री ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर :अधिकतम दबाव: बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा।

इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, तो ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज की खाड़ी में :स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज: नाम का एक अभ्यास शुरू कर दिया था। इस अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया। इसमें तटीय एवं द्वीपीय बिन्दुओं से मिसाइल लॉन्च, त्वरित हमलों और समुद्री लक्ष्यों पर हमलों की नकल करने वाली ड्रोन इकाइयां शामिल थीं।

आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ ने कहा कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले की योजना का अभ्यास करना था।

उल्लेखनीय है कि श्री ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड और यूएसएस अब्राहम लिंकन को पश्चिमी एशिया में तैनात किया जा रहा है, जो तीन हफ्ते से इस इलाके में हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपनी :शांतिपूर्ण: परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए :किसी भी तरह के सत्यापन: के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका और तरराष्ट्रीय समुदाय उन :अफवाहों: को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है।

सर्वो:च नेता अली खामेनेई ने श्री ट्रंप की सैन्य हमलों की हालिया धमकियों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तरह श्री ट्रंप भी ईरान के इस्लामिक गणरा:य को हराने में नाकाम रहेंगे।

# शांति वार्ता के बीच रूस ने कीव पर दागे 29 मिसाइलें, 400 ड्रोन

कीव, (वार्ता)

स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नये सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है।

बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत 'तनावपूर्ण' थी और छह घंटे तक चली। बातचीत बुधवार को आखिरी दिन तक जारी रहेगी।

यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत 'व्यावहारिक मुद्दों और संभावित समाधानों की कार्यप्रणाली' पर केंद्रित रही। उन्होंने वार्ता से पहले किसी बड़े घटनाक्रम की उम्मीदों को कमतर बताते हुए कहा था कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल जिनेवा वार्ता में 'अत्यधिक अपेक्षाओं के बिना' पहुंचा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेडिन्स्की कर रहे हैं। रूसी मीडिया के मुताबिक पहले दिन की बातचीत छह घंटे चली और माहौल 'तनावपूर्ण' रहा। वार्ता का अंतिम सत्र बुधवार को होना है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मॉस्को की 'वास्तविक मंशा' को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि रूस के नवीनतम हमलों में बच्चों सहित नौ लोग घायल हुए हैं। श्री ज़ेलेंस्की के अनुसार यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने रूश्री ज़ेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा वीडियो संदेश में कहा, जिस दिन जिनेवा में त्रिपक्षीय और द्विपक्षीय नये प्रारूप शुरू हुए, उसी दिन रूस ने हमले किये। लगभग 400 ड्रोन भी छोड़े गये। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि रूस वास्तव में क्या चाहता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ चर्चा में इन हमलों का मुद्दा जरूर उठाएगा। उन्होंने कहा, यूक्रेन युद्ध नहीं चाहता। हम अपने राज्य और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं और हम न्यायपूर्ण समझौते की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। इस बीच ज़ेलेंस्की ने बताया कि ओडेसा में हमलों के बाद हजारों लोग पानी और हीटिंग से वंचित हो गये हैं तथा करीब 10 आवासीय इमारतों और रेलवे अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। कुल मिलाकर 12 क्षेत्रों को निशाना बनाया गया।

जिनेवा वार्ता अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे व्यापक कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य फरवरी 2022 से जारी संघर्ष का समाधान निकालना है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों पक्षों पर युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते का दबाव बना रहे हैं, जबकि श्री ज़ेलेंस्की का कहना है कि कीव पर असमान रूप से रियायतें देने का दबाव डाला जा रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि स्थायी और न्यायपूर्ण शांति के लिए रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव, प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करना और यूक्रेन की वायु रक्षा एवं सैन्य सहायता को मजबूत करना आवश्यक है।

## कूनो नेशनल पार्क में तीन शावकों के जन्म से चीता की संख्या बढ़कर 38 हुई

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कूनो नेशनल पार्क में तीन शावकों के जन्म के बाद चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गयी है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनी गामिनी के तीन चीते के बच्चों के जन्म की घोषणा की। श्री यादव ने सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए ने लिखा, कूनो में तीन नये शावकों का स्वागत हुआ, दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आने के तीन साल पूरे होने के मौके पर कुनो में एक नया अध्याय शुरू हुआ। कूनो में गामिनी ने दूसरी बार शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले मार्च 2024 में उसने छह शावकों को जन्म दिया था। भारत में अफ्रीकी मूल के चीतों से पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गयी है, जिससे भारत में चीतों की कुल संख्या 38 हो गयी है। इस महीने की शुरुआत में, सात फरवरी को, नामीबिया की चीता आशा ने कूनो में पांच शावकों को जन्म दिया, जिससे संख्या और बढ़ गयी। भारत में चीतों को फिर से लाने की कोशिश, प्रोजेक्ट चीता के तहत शुरू की गयी है, मकसद उस प्रजाति को फिर से ज़िंदा करना है जिसे 1952 में देश में विलुप्त घोषित कर दिया था।प्रोजेक्ट को सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ चीतों को लाने के साथ औपचारिक रूप से शुरू किया गया था।

## 2027 में बसपा अकेले दम पर लड़ेगी चुनावः मायावती

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन की अटकलों को सिरे से खारिज करते हुये एक बार फिर साफ किया कि उनकी पार्टी 2027 का चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेगी।



सुश्री मायावती ने गुरुवार को कहा कि कुछ राजनीतिक दल और मीडिया के कुछ वर्ग जानबूझकर यह भ्रम फैला रहे हैं कि बसपा किसी गठबंधन की तैयारी में है। उन्होंने इसे पूरी तरह फेक न्यूज बताते हुए कहा कि इस प्रकार की खबरें जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि नौ अक्टूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजनिक रूप से ऐलान किया था कि बसपा आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। इसके बावजूद गठबंधन की चर्चा को उन्होंने विरोधियों की साजिश करार दिया।

मायावती ने कांग्रेस, सपा और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों की सोच संकीर्ण है और वे परमपूज्य भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप राजनीति नहीं करते। उन्होंने कहा कि बीएसपी का मूल एजेंडा सामाजिक न्याय और बहुजन समाज के सशक्तिकरण पर आधारित है, जबकि अन्य दल केवल राजनीतिक स्वार्थ साधने में लगे हैं।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसी भी तरह की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और 2007 की तरह पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करें। मायावती ने दिल्ली में उन्हें टाइप-8 का बंगला आवंटित किए जाने को लेकर चल रही चर्चाओं को भी गलत और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारणों से यह आवंटन किया गया है और इसे लेकर फैलाई जा रही बातें निराधार हैं। बसपा अध्यक्ष ने दोहराया कि पार्टी 2027 के मिशन में पूरी मजबूती से जुटी है और किसी भी प्रकार के गठबंधन की चर्चा का कोई आधार नहीं है।



## हड्डी टूटी न हो और स्किन कटी न हो... तालिबानी कानून में पत्नी और बच्चों को पीटने की इजाजत

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार ने एक नया क्रिमिनल कोड लागू किया है, जिसके बाद ह्यूमन राइट्स ग्रुप्स में चिंता बढ़ गई है। इस कानून के आने के बाद महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने इस पर साइन भी कर दिए हैं। 90 पेज के क्रिमिनल कोड में इस्लामी धर्मग्रंथों की पुरानी शर्तें शामिल हैं। इससे ऊपर बैठे धार्मिक नेताओं को क्रिमिनल केस से लगभग छूट मिल जाती है और मजदूर वर्ग के लोगों के लिए सबसे कड़ी सजा तय हो जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह कानून प्रभावी रूप से महिलाओं को दासों के बराबर रखता है। इसमें कहा गया है कि या तो दास मालिक या पति अपनी पत्नियों को मारपीट के रूप में विवेकाधीन दंड दे सकते हैं। यह कानून समाज को सख्त वर्गों में बांटता है, धार्मिक विद्वानों को कानूनी जांच से ऊपर रखता है और पतियों और पिताओं को तय लिमिट में महिलाओं और बच्चों को शारीरिक रूप से सजा देने की इजाजत देता है। इस कानून में अपने पति की इजाजत के बिना रिश्तेदारों से मिलने जाने वाली महिलाओं के लिए तीन महीने तक की जेल का भी नियम है और %गुलामी% कहे जाने वाले रिवाजों को मान्यता देता है। कानून में कहा गया है कि गंभीर अपराधों के लिए शारीरिक सजा सुधार सेवाएं नहीं, बल्कि इस्लामी मौलवी देंगे। इसके साथ ही कम गंभीर अपराधों में पति अपराधी पत्नी को पीट के सजा दे सकता है। यह कानून उन महिलाओं को न्याय दिलाने का रास्ता तो देता है जिन पर हमला होता है, लेकिन उन्हें जज को अपने घाव दिखाकर यह साबित करना होता है कि उन्हें गंभीर शारीरिक नुकसान हुआ है और साथ ही उन्हें पूरी तरह से ढका रहना होता है। इतना ही नहीं, नए कोड के तहत अगर कोई अफगान महिला सभी कानूनी और सामाजिक मुश्किलों को पार करके यह साबित कर देती है कि उसके पति ने उस पर गंभीर हमला किया है तो भी पति को ज्यादा से ज्यादा 15 दिन की सजा दी जाएगी।

# अभिषेक ने निर्वाचन आयोग पर लगाया आरोप

नयी दिल्ली/ कोलकाता, (वार्ता)

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से संबंधित गतिविधियों में वैधानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन हो रहा है और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी हो रही है।

श्री बनर्जी ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में सवाल किया कि क्या चुनाव निकाय का यह मानना है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शीर्ष अदालत ने बार-बार पारदर्शिता, उचित प्रक्रिया और संचार के आधिकारिक माध्यमों के पालन पर बल दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि औपचारिक और जवाबदेह तंत्र के बजाय व्हाट्सएप के जरिए निर्देश भेजे जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता ने एक विशेष रोल ऑब्जर्वर सी मुरुगन की भूमिका पर भी चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि जन्म प्रमाण पत्रों की स्वीकार्यता के संबंध में सीधे माइक्रो ऑब्जर्वर को एक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि मतदाता सूची से नाम हटाने की संख्या को बढ़ाया जा सके। उन्होंने



उच्चतम न्यायालय के उस निर्देश का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि माइक्रो-ऑब्जर्वर की भूमिका केवल सहायक होनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि किसके निर्देश पर वैधानिक प्रक्रिया को दरकिनार किया जा रहा है।

श्री बनर्जी ने जिला स्तर पर ऑब्जर्वर्स को दिए गए लॉगिन क्रेडेंशियल के उपयोग में भी अनियमितता का आरोप लगाया। उनके अनुसार, हालांकि पर्यवेक्षक जिलावार नियुक्त किए गए हैं, लेकिन उनके लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग कोलकाता में एक केंद्रीय स्थान से किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में बैठे राजनीतिक आकाओं के इशारे पर एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने के लिए लॉगिन डेटा का दुरुपयोग किया जा रहा है।

संस्थान की साख पर जोर देते हुए श्री बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग अपनी वैधता लोक विश्वास से हासिल करता है, न कि राजनीतिक संरक्षण से। उन्होंने चेतावनी दी कि वह इस मामले को देश की उच्चतम न्यायालय में ले जाएंगे और दिल्ली के %जमींदारों% के इशारे पर काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची संशोधन और चुनाव पर्यवेक्षकों के कामकाज को लेकर राजनीतिक तनाव के बीच ये आरोप सामने आए हैं। निर्वाचन आयोग पहले भी यह कहता रहा है कि वह मतदाता सूची संशोधन और चुनाव निगरानी में स्थापित प्रक्रियाओं और न्यायिक निर्देशों का सख्ती से पालन करता है।

## चीनी रोबोटिक कुत्ते को लेकर गलगोटिया को एक्सपो से बाहर जाने के निर्देश

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** चीन में बने रोबोटिक कुत्ते को दिखाने को लेकर उठे विवाद के मद्देनजर गलगोटिया विश्वविद्यालय को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो में अपने स्टाल को खाली करने के लिए कहा गया है हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार की किसी भी सूचना से इंकार किया है। विश्वविद्यालय के खिलाफ यह कार्रवाई तब की गई जब ऐसी खबरें आई कि चीन में बना रोबोट इवेंट में दिखाया गया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब आरोप लगे कि यूनिट्री जीओ2 रोबोटिक कुत्ते को ओरियन नाम से दिखाया गया था, जिसकी सोशल मीडिया पर आलोच

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

## युवराज सिंह की बायोपिक में काम करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत चतुर्वेदी भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक में काम करना चाहते हैं। अपनी आगामी फिल्म दो दीवाने सहर में को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने



उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज़ इनसाइड एज से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। अमेज़ॉन प्राइम विडिओ के वेब सीरीज़ इनसाइड एज में क्रिकेट की चमक-दमक के पीछे की अंधेरी दुनिया को सिद्धांत ने बखूबी उकेरा था। बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत ने कहा, मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौक़ा मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी। वाकई वे एक आइकन हैं, और दुनिया को उनकी कहानी ज़रूर जाननी चाहिए। सिद्धांत जल्द ही दिग्गज फिल्ममेकर वी. शांताराम का चुनौतीपूर्ण बायोपिक में नज़र आनेवाले हैं और इसके फर्स्ट लुक के साथ ही वे अपने दर्शकों की सराहना भी पा चुके हैं। फिलहाल अपने करियर में वास्तविक जीवन से जुड़ी, विरासत-प्रधान कहानियों के प्रति अपने जुड़ाव को सिद्धांत जिस खूबसूरती से मजबूत करते जा रहे हैं, इससे ये विश्वास और पक्का हो जाता है कि यदि कभी युवराज सिंह की बायोपिक बनी, तो उसके लिए सिद्धांत चतुर्वेदी एकदम परफेक्ट कलाकार होंगे।



## 'द लल्ला एंथम' में फिर गूंजा सूबेदार का संदेश, शिखर धवन ने अनिल कपूर से मिलाया हाथ!

प्राइम वीडियो :लल्ला एंथम- अ वार्निंग फ्रॉम सूबेदार: की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एक नया दमदार वीडियो लेकर आया है। इस बार इसमें टीम इंडिया के पूर्व ओपनर शिखर धवन, अनिल कपूर के साथ उनके सूबेदार अर्जुन मौर्य वाले रौबदार अवतार में नजर आ रहे हैं। गर्व, संकल्प और अटूट सम्मान से जुड़ा यह वीडियो फिल्म के मुख्य संदेश अपनी जगह डटे रहना और कभी पीछे न हटना को भारतीय क्रिकेट टीम के अपने :गब्बर: के साथ आगे बढ़ाता है।

क्रिकेट के इस जबरदस्त जुनून के बीच, अनिल कपूर और शिखर धवन फिल्म की भावना और मैदान की तीव्रता को एक साथ लाते हुए संकल्प का एक साफ संदेश देते हैं- भिड़ेंगे, लड़ेंगे, आगे बढ़ेंगे।

सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित, :सूबेदार: का निर्माण विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और सुरेश त्रिवेणी ने किया है, जो :ओपनिंग इमेज फिल्म्स: का प्रोडक्शन है और :अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क: के सहयोग से बना है। इसमें अनिल कपूर और राधिका मदान मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैसल मलिक और मोना सिंह महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## खेसारीलाल यादव की फिल्म 'अग्नि परीक्षा' का ट्रेलर हुआ रिलीज

खेसारीलाल यादव की बहुप्रतीक्षित एक्शन पैक्ड फिल्म अग्नि परीक्षाका ट्रेलर सुर म्यूजिक के आधिकारिक यूट्यूब चैनल रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत खेसारीलाल यादव के खतरनाक एक्शन स्टंट से होती है, जो दर्शकों को तुरंत बांध लेती है। ट्रेलर में लंबे समय बाद सुशील



सिंह का दमदार अंदाज भी देखने को मिला है। कहानी में सस्पेंस का तड़का देते हुए खेसारी के कई अलग-अलग शेड्स दिखाए गए हैं। इसके बाद रोमांस का रंग चढ़ता है, जहां आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी के साथ उनके भावनात्मक और नाटकीय दृश्य नजर आते हैं।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि खेसारी की शादी आकांक्षा पुरी से तय होती है, लेकिन कहानी में बड़ा ट्विस्ट तब आता है जब वे मंदिर में नीलम गिरी के साथ विवाह करते दिखाई देते हैं। इसके बाद कहानी में संघर्ष, बदला, परिवार और न्याय की लड़ाई का सिलसिला शुरू होता है, जो फिल्म को पूरी तरह मसाला एंटरटेनर बनाता है। निर्माता सुरेंद्र यादव ने बताया कि अग्नि परीक्षा को बड़े पैमाने पर तैयार किया गया है, जिसमें दमदार एक्शन, भावनात्मक कहानी और भरपूर मनोरंजन का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि होली जैसे बड़े त्योहार पर चार मार्च को फिल्म की रिलीज इसलिए तय की गई है जिससे दर्शक परिवार के साथ सिनेमाघरों में इसका आनंद ले सकें। फिल्म अग्नि परीक्षा में सुशील सिंह, जे नीलम, प्रकाश जैस, समरथ चतुर्वेदी, सोनू पांडेय, रितु चौहान, विंद मिश्रा, सोनिया मिश्रा, महेश आचार्य, प्रियंका सोनी और दीपक सिन्हा जैसे कई दमदार कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं । फिल्म के सह निर्माता महेंद्र यादव और लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। फिल्म के सह-निर्माता महेंद्र यादव हैं, जबकि छायांकन की जिम्मेदारी आर. आर. प्रिंस ने निभाई है.



## श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने 'ईथा' की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म ईथा की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। यह शेड्यूल इस हफ्ते की शुरुआत में खत्म हुआ। शहर और उसके आसपास कई जगहों पर लंबे समय तक शूटिंग की गई। इससे पहले फिल्म की मुंबई शेड्यूल की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है, जो जनवरी के अंत से फरवरी तक चली थी। पुणे शेड्यूलखम होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद थे। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी इस मौके पर शामिल हुए। इस खास पल का एक वीडियो भी फिल्म के सेट पर बनाया गया।ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है, जो प्रसिद्ध मराठी तमाशा कलाकार विठाबाई नरायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। इस फिल्म को मैडॉक फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी, जबकि रणदीप हुड्डा उनके साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पुणे शेड्यूल पूरा होने के बाद अब टीम फिल्म की अगली चरण की शूटिंग शुरू करेगी।

# जिला युवा कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित




नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

जिला युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय मुशरान भवन में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी शिवी चौहान एवं नरसिंहपुर सहप्रभारी हिमांशु बर्वे ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार के कारण बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है। सरकार की जन विरोधी नीतियों और कांग्रेस की सर्वहारा वर्ग हित की नीति को जन जन पहुंचने के लिए ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं वार्ड स्तर तक ले जाने के लिए सभी को यात्रा करना होगी ।जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ने जिले की संरचनात्मक जानकारी देकर प्रदेश सरकार के बजट को युवा विरोधी बताया और कहा कि इसमें रोजगार के लिए युवाओं के लिए संभावना नहीं है।

उक्त मौके पर रोहित पटेल, अतुल चौरसिया, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष धनीराम पटेल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राहुल ठाकुर, प्रदेश सचिव जितेंद्र लोधी, प्रदेश सचिव राज नेमा नरसिंहपुर विधानसभा अध्यक्ष शुभम ठाकुर, गाडरवारा विधानसभा अध्यक्ष शाश्वत राय, गोटेगांव विधानसभा अध्यक्ष सूर्यप्रताप सिंह, तेंदूखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष अनुज कौरव, एन एस यू आई जिला अध्यक्ष ईशान राय, ब्लॉक अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, विक्रांत लोधी, मोहित रजक, मयंक पटेल ,अंकुर प्रियंक कहार, पलाश पटेल, संजय मेहरा, यश राय , महेंद्र लोधी, सोमनाथ पटेल, मिलिंद साहू, समीर खान ,हर्ष पटेल, प्रिंस पतेरिया, यश, राहुल, धीरज विश्वकर्मा, नीरज मेहरा, अमन श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, अरविंद पांडा,नीतेश पटेल, अमित पटेल, मयंक पटेल, ललित कुशवाहा, सत्यम पटेल, विकास पटेल के अलावा व्हीके की समस्त विधानसभा के पदाधिकारी एवं संबंधित युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित रहे ।

## प्रदेश के सर्वहारा वर्ग के विकास को समर्पित है बजट

**नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने प्रस्तुत हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है। वह प्रदेश के सर्वहारा वर्ग के विकास को समर्पित है। यह विकसित भारत 2047 के अंतर्गत विकसित एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का बजट है। आज प्रस्तुत बजट 438317 लाख करोड़ का है। जो अब तक प्रस्तुत बजट में सबसे बड़ा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की चार जाति गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी को ळ्ल्‍छ से रेखांकित किया है। मोहन यादव जी ने इसे आगे बढ़ाते हुए इसमें इंडस्ट्री और इन्फ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर संज्ञा दी है। बजट में जहां एक ओर अधोसंरचना के विकास के साथ साथ रोजगार के सृजन के लिए इडस्ट्रीजयों को आकर्षित करने हेतु बजट में घोषणाएं की गई है। साथ ही नगरीय निकायों के आधारभूत विकास हेतु 5000 करोड़ की द्वारका योजना लाई गई है।



## खैरी में रासेयो सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर के तृतीय दिवस का सफलता पूर्वक किया गया आयोजन , स्वच्छता पर निकाली गई रैली

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

ग्राम खैरी में आयोजित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर के तृतीय दिवस का सफल आयोजन किया गया शिविर के तृतीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठक श्री दिलीप कुमार पाठक , शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की छात्रवृत्ति शाखा से बंटी केवट , हर्षित एवं खेल विभाग से अर्पित सक्सेना , दीपक कुशवाहा , दीपचंद कहार साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी , सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव एवं श्री प्रमेश कौरव उपस्थित रहे शिविर के तृतीय दिवस का प्रारंभ प्रभात फेरी से किया गया तत्पश्चात योग किया गया एवं दलनायिका मनीषा राजपूत के द्वारा चारों ग्रुप को अपने-अपने कार्य सौंप गए जिसमें प्रथम ग्रुप को परियोजना कार्य , द्वितीय ग्रुप को बौद्धिक सत्र , तृतीय ग्रुप को स्वच्छता एवं चतुर्थ ग्रुप को भोजन का कार्य सौपा गया ।

बौद्धिक सत्र का विषय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं स्वच्छता रखा गया जिसमें स्वयं सेवकों के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं स्वच्छता पर रैली निकाली गई साथ ही मुख्य अतिथि डॉ.दिलीप पाठक के द्वारा स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को जन - जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के तृतीय दिवस में मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता, दलनायिका मनीषा राजपूत, सह दलनायिका गरिमा पाण्डेय, पिंकी मेहरा , तनु नौरिया , मुस्कान बी, शिवानी जाटव , रुचि जाटव , आसना यादव , दीक्षा वर्मा , शालिनी चढार, शिखा साहू , याशिका सोनी , दीक्षा सेन, सबिया खान , करीना जाटव , साक्षी रजक , खुशी , रजनी चढार, सविता ठाकुर , ज्योति वर्मा , आकांक्षा वर्मा , रमा भारिया , संजना जाटव , किरण मेहरा आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत खमतरा के निवासी अत्यंत विषम परिस्थितियों में कर रहे हैं जीवन यापन

### ग्रामीणों ने की कलेक्टर सहित मीडियाकर्मियों से मांग

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

ग्राम पंचायत खमतरा के वार्ड क्रमांक 09 मोहल्ला वासियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण एवं पंचायत की निष्क्रियता के विरुद्ध ग्राम पंचायत खमतरा, वार्ड क्रमांक 09 के निवासी अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सहित मीडिया को आवेदन देकर ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा हमारे क्षेत्र की निरंतर उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाया । ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन में उन्होंने बताया कि मार्गीय संरचना एवं सुरक्षा संबंधी समस्या: हमारे मोहल्ले से संलग्न ह.॥. 44 की सर्विस रोड का निर्माण दोषपूर्ण है। मोहल्ले की मुख्य सड़क को सर्विस रोड से सही ढंग से नहीं जोड़ा गया है, जिसके कारण वहां अत्यधिक तीव्र ढलान उत्पन्न हो गई है। सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर न होने के कारण वाहनों की गति अनियंत्रित रहती है, जिससे स्कूली बच्चों और वृद्धों के लिए दुर्घटना का सदैव भय बना रहता है।बुनियादी ढांचे का अभाव: जब से वर्तमान ग्राम पंचायत का गठन हुआ है, वार्ड क्रमांक 09 में विकास कार्य शून्य रहा है। मोहल्ले में पक्की सड़कें, नालियां और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं का पूर्णत: अभाव है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव और गंदगी की स्थिति बनी रहती है। स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन: वार्ड में कचरा प्रबंधन हेतु कोई निश्चित स्थान नियत नहीं है। लोग कहीं भी कचरा फेंकने को विवश हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। यह स्थिति केंद्र सरकार के च्स्वच्छ भारत मिशनज्ज के उद्देश्यों की सरेआम अवहेलना है। प्रशासनिक निष्क्रियता: ग्राम पंचायत को कई बार मौखिक एवं लिखित सूचना देने के उपरांत भी वार्ड के विकास हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जो कि लोक सेवा गारंटी एवं पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। वार्ड क्रमांक 9 में पानी निकासी की विकट समस्या है नाले पर हुए कब्जे को मुक्त कराया जाये आदि की मांग की है ।

### किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे : जालम सिंह

**नरसिंहपुर स्वतंत्रमत।** म.प्र.सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत है यह बजट जनकल्याण और विकास को समर्पित यह बजट प्रदेश के हर वर्ग-किसान, युवा, महिला और गरीब-को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है उक्ताशय के विचार अपने जारी में बयान में जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री नरसिंहपुर ने कहा कि बजट में कृषि क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधान किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। सिंचाई, सड़क और ग्रामीण अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिलेगी युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख योजनाओं और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों की भी सराहना करता हूं महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ाया गया बजट समाज के कमजोर वर्गों को मजबूत आधार प्रदान करेगा।

# शासकीय आईटीआई बाबई चीचली में नए व्यवसाय प्रारंभ करने के निर्देश

### पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत संचालित व्यवसायों से सम्पर्क करने व वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर चैम्बर में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक में कौशल उन्नयन, जिले की शासकीय आईटीआई में संचालित व्यवसायों एवं पीएम विश्वकर्मा योजना व मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से संबंधित आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय आईटीआई बाबई चीचली आरएसी, सोलर टेक्नीशियन, पीतल इंडस्ट्रीज से संबंधित फाउंड्रीमैन, शीटमेटल एवं एनटीपीसी की मांग के अनुसार नये व्यवसाय प्रारंभ करने के निर्देश दिये। जिले की समस्त शासकीय आईटीआई के प्राचार्यों, नगरपालिका सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न व्यवसायों जैसे कुम्हार, बढ़ाई, मोची, वास्केट मेकर के सामाजिक प्रतिनिधियों से संपर्क करने एवं वर्कशॉप आयोजित किये जायें। कलेक्टर/सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में पीतल निर्माण से संबंधित कारीगरों के कौशल प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता के लिए एक समिति गठित की जाए, जिसमें जीएम डीआईसी, प्राचार्य शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर/ बाबई चीचली व एलडीएम सदस्य के रुप में रखे जायें। उक्त समिति की नियमित बैठक आयोजित की जाये।

कलेक्टर ने जिले में संचालित योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश एनएसडीसी को दिये। उन्होंने समस्त शासकीय आईटीआई को प्रत्येक संस्था से कम से कम तीन व्यवसायों का चयन कर प्रशिक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजनांतर्गत जीएम एनटीपीसी एवं सुगर मिल संचालकों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को संलग्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एनटीपीसी गाडरवारा को योजनाओं के संबंध में प्राचार्य शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर को पत्र जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासकीय आईटीआई बाबई चीचली को फर्नीचर की मांग के संबंध में संचालक कौशल विकास संचालनालय को मांग पत्र लिखने के निर्देश दिये।

बैठक में प्राचार्य आईटीआई श्री एसआर पाराशर, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी, लीड बैंक अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड में 32 होनहार विद्यार्थी सम्मानित



नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

ओलंपियाड सत्र 2025/26 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में विषयवार कक्षा दूसरी से आठवीं तक के प्रथम स्थान प्राप्त 32 विद्यार्थियों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की गरिमामय उपस्थिति में डाइट सभागार में सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव एवं डीपीसी मनीष कुमार चौकसे द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों की ओर से स्वागत करने आई शासकीय कन्या प्राथमिक शाला धमना की छात्रा भूमिका लोधी का कलेक्टर द्वारा आत्मीय स्वागत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया ।जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त सभी 32 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पानी की बोतल, लंच बॉक्स, ट्रैक सूट, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया ।अपने प्रेरक संबोधन में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विद्यार्थियों और पालकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा समाज में परिवर्तन लाने का सबसे सशक्त माध्यम है। शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ इच्छाशक्ति एवं निरंतर मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ।उन्होंने माताओं से विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। बच्चों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए आगे भी निरंतर पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी गई ।डाइट प्राचार्य ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई देते हुए उनके भविष्य के लक्ष्यों की जानकारी ली। डीपीसी श्री मनीष चौकसे द्वारा ओलंपियाड प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक आनंद शर्मा द्वारा एवं एपीसी समीर त्यागी ने आभार व्यक्त किया ।समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को भोजन वितरण किया गया।

इस अवसर पर व्याख्याता प्राचार्य गोविंद बड़कुर, एल.एस. उप्रैलिया, डॉ. जी.एल. उप्रैलिया, जिला सह समन्वयक साक्षरता अखलेश राजोरिया सहित डाइट स्टाफ, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में जन्मी 35 नवजात बालिकाओं को किट वितरित कर किया स्वागत

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में जन्मी 35 नवजात बालिकाओं स्वागत किट वितरित कर उनका स्वागत किया। किट में नवजात बालिकाओं के लिए एक जोड़ी वस्त्र, बेबी कंबल, क्रीम, ऑयल एवं अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी। जिले में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान सहायक संचालक सुश्री प्रांजलि मर्सकोले ने नवजात बालिकाओं एवं उनकी माताओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप पोषण एवं देखभाल संबंधी आवश्यक सलाह दी। स्वागत किट प्राप्त करने वाली नवजात बालिकाओं के परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना की सराहना की। यह पहल समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर श्री शिवकुमार रैकवार, श्री महेश नेमा, श्रीमती प्रिया चौहान, श्री अमृतांश दुबे, श्री आशीष विश्वकर्मा, सुश्री रश्मि व विभाग का स्टाफ, महिला सशक्त वाहिनी की छात्राएं और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि घटते शिशु लिंगानुपात पर प्रभावी नियंत्रण एवं बालिकाओं के समग्र सशक्तिकरण के उद्देश्य से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत जिले में निरंतर जागरूकता एवं प्रोत्साहनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य जन्म के समय लिंगानुपात में प्रतिवर्ष 2 अंकों का सुधार करना, संस्थागत प्रसव दर को 95 प्रतिशत या उससे अधिक बनाए रखना, गर्भावस्था की प्रथम तिमाही में एएनसी पंजीकरण में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत वृद्धि करना, माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन एवं कौशल विकास में एक प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित करना तथा माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं की ड्रॉपआउट दर को रोकना है। साथ ही सुरक्षित माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाना भी इस योजना का महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

## पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की दो छात्राएं राष्ट्रीय खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए हुई चयनित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की दो प्रतिभावान छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। भारत सरकार द्वारा पहली बार आयोजित किए जा रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए महाविद्यालय की महिला फुटबॉल खिलाड़ी खैरी कामती गाडरवारा की नंदिनी ठाकुर और ग्राम उसरी- गोरखपुर की रवीना ठाकुर का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित जिले में हर्ष का वातावरण है। चयनित खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर 14 से 19 फरवरी तक टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इसके उपरांत वे 20 से 24 फरवरी 2026 तक भावनगर- गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जहाँ देशभर की उत्कृष्ट आदिवासी महिला फुटबॉल टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने इस उपलब्धि को जिले की खेल प्रतिभा का प्रमाण बताते हुए दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी श्री अर्पित सक्सेना के मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं। फुटबॉल कोच श्री दीपचंद कहार के अनुशासित प्रशिक्षण तथा वरिष्ठ खिलाड़ियों करुणा मिश्रा एवं वंदना यादव के सहयोग ने इन छात्राओं को इस मुकाम तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाविद्यालय व शिक्षकगण और खिलाड़ियों व नागरिकों ने दोनों छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# सत्तार खान के पिता जरदार खान व उनकी मां मुमताज बी उमराह के लिए हुए रवाना



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

रेलवे स्टेशन उस समय गुंजायमान हो गया था जब अल मदीना चल मदीना आज नही कल मदीना के नारे गूंज रहे थे जब सोमवार को गरीब रथ एक्सप्रेस से जगदीश वार्ड निवासी सत्तार खान के पिता जरदार खान व उनकी मां मुमताज बी रमजान के पावन महीने में मक्का मदीने की उमराह करने के लिए मक्का मदीना रवाना हो रहे थे। मुस्लिम समाज द्वारा उमराह यात्रा पर जाने वालों को खुशनुमा अंदाज में जुलूस की शक्ल में स्टेशन लाया गया । जगह जगह फूल माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।

हाफिज जुबेर आलम की विशेष उपस्थिति में सरकार मोहम्मद मुस्तफा की शान में नात पढ़कर सलाम पेश किया गया वतन की तरक्की खुशहाली की दुआए की गई ।

उमराह यात्रियों का सभी ने गर्म जोशी के साथ स्वागत करते हुए कहा कि मदीने वाले से मेरा सलाम कहना । उमराह पर जाने वाले पूरे रमजान शरीफ मक्का मदीने में उमराह के दौरान इहराम बांधना ,तवाफ करना ,सई करना, मक्का मदीने की जियारत कर ओर अरकान करेंगे व ईद के बाद वापस आयेगे । रेलवे स्टेशन पर सभी वर्ग के लोगो ने पवित्र उमराह यात्रा की बधाई दी । इस मौके पर पूर्व पार्षद विकास जैन, जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के अब्दुल फिरोज खान, पूर्व अध्यक्ष मेंहमूद पहलवान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सोहेल खान, आशिक हुसैन,आशिक अली, फारूक खान, शेख सलमान, अफजल खान, फैजाने मदीना मस्जिद से मेहबूब अत्तारी, मकसूद खान, बड़ेवली लंगर कमेटी से सप्पू खान, लाईक खान, सहित अनेको लोग उपस्थित रहे । रमजान के महीने में उमराह करने वाले बहुत खुश नसीब है जिन्हें सरकार मोहम्मद मुस्तफा के रोजे की जियारत नसीब होती है उमराह यात्री गरीब रथ एक्सप्रेस से मुम्बई पहुँचकर हवाई जहाज से मक्का मदीने के लिए रवाना होंगे ।

मुस्लिम समाज द्वारा उमराह यात्रा पर जाने वालों के हक में दुआएं कर सलाम पेश कर करते हुए कहा कि हाजियो मुस्तफा से कह देना गम के मारे सलाम करते हैं । उमराह यात्रा के लिए कोई विशिष्ट समय नहीं है, लेकिन रमजान के महीने में उमरा करने का अधिक सबाब माना जाता है।

# बड़ा हादसा : सरकारी स्कूल की जर्जर बाउंड्रीवाल गिरी, कक्षा पांचवीं के छात्र की मौत



कटनी (स्वतंत्रमत)।

कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्हनगवां स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बॉउंड्री वॉल गिरने की वजह से 10 वर्षीय छात्र राजकुमार बर्मन की मौत हो गई। बताया जाता है कि रपटा स्थित एमपीईबी कार्यालय से लगी बस्ती में रहने वाला 10 वर्षीय छात्र रोज की तरह आज भी स्कूल गया था। दोपहर में स्कूल परिसर के भीतर स्थित शौचालय के समीप की बॉउंड्री वॉल अचानक भरभरा कर गिर गई, जिससे मासूम छात्र इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद तत्काल एम्बुलेंस को कॉल किया गया। समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने से उसे ऑटो में शासकीय चिकित्सालय विजयराघवगढ़ ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

हादसे के बाद एक बार फिर जिला शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया विशान लग गया है। बताया जाता है कि छात्र राजकुमार बर्मन के पिता नहीं थे। एक डेढ़ साल पहले ही टीबी की बीमारी ने उनकी जान ले ली थी। मां लोगों के घरों में काम करके और शाम को फुल्की चाट बेचकर अपने बच्चे की परवरिश कर रही थी।

### मासूम की मौत का जिम्मेदार कौन : राकेश जैन कक्का

कैमोर क्षेत्र के बम्हनगवां स्थित शासकीय विद्यालय में हुई दर्दनाक घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। जर्जर बाउंड्री वाल गिरने से कक्षा 5वीं के छात्र राजकुमार बर्मन की मौत ने न केवल एक परिवार का चिराग बुझाया, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की खामियों को भी बेनकाब कर दिया है। सवाल सीधा है क्या सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जान की कोई कीमत नहीं। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय की दीवार लंबे समय से कमजोर और जर्जर थी। कई बार शिकायतें और अनुरोध किए गए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आखिर कब तक लापरवाही के नाम पर मासूमों की जान जाती रहेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि यह केवल दुर्घटना नहींए बल्कि सिस्टम की संवेदनहीनता का परिणाम है। यदि समय रहते मरम्मत कार्य किया गया होता तो आज एक मासूम छात्र जीवित होता। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के नाम पर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्कूल भवनों की हालत खस्ताहाल है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि बच्चे पढ़ने जाएं और असुरक्षित भवनों की वजह से अपनी जान गंवा दें। राकेश जैन कक्का ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिले के सभी शासकीय स्कूलों की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए। जहां भी भवनए छतए दीवार या बाउंड्री वाल जर्जर स्थिति में हैंए वहां तत्काल मरम्मत या



पुनर्निर्माण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई अधिकारी लापरवाही करने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों की सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा नहीं हो सकता। सरकार को शिक्षा बजट में विशेष प्रावधान कर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों को प्राथमिकता देनी चाहिए। हर वर्ष अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट लागू किया जाए और उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। बम्हनगवां की यह घटना केवल एक खबर नहींए बल्कि चेतावनी है। राजकुमार बर्मन की असमय मौत पूरे समाज के लिए पीड़ा का विषय है। प्रशासन को अब संवेदनशीलता और जवाबदेही दोनों दिखानी होगी, तभी इस मासूम को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकेगी।

फोटो : विकास गुप्ता

# मैं तो केवल अपने माता-पिता का सेवक हूँ : रंजन बाबू ग्रोवर

### 36वीं वर्षगांठ पर हृदय से व्यक्त किया आभार, हर सहयोगी को मंच से किया नमन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विजयराघवगढ़ नीलकंठेश्वर भक्ति धाम की 36वीं वर्षगांठ के भव्य आयोजन के समापन अवसर पर जब आयोजक बाबू ग्रोवर मंच पर पहुँचे तो शब्दों से अधिक उनकी आँखें बोल रही थीं। वातावरण में भक्ति कृतज्ञता और पुत्रधर्म का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा था। बाबू ग्रोवर ने अत्यंत विनम्र स्वर में कहा मैं कोई आयोजक नहीं केवल अपने माता-पिता का सेवक हूँ। यह जो कुछ भी हो रहा है वह उनकी दी हुई संस्कारों की पूँजी और भोलेनाथ की असीम कृपा का परिणाम है।

मैंने जो भी किया उनकी खुशी के लिए किया। उनके इन शब्दों ने उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के हृदय को छू लिया। एक पुत्र के रूप में अपने पिता द्वारा रखी गई धर्म की नींव को आगे बढ़ाने का संकल्प और माता-पिता के प्रति समर्पण का भाव उनके व्यक्तित्व को और भी ऊँचा बना दिया।



ऐसा प्रतीत हुआ मानो यह आयोजन केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि पुत्रभक्ति की सजीव प्रतिमा बन गया हो।

उन्होंने कहा कि नीलकंठेश्वर भक्ति धाम की यह यात्रा अकेले संभव नहीं थी।आप सभी का स्नेह आशीर्वाद और सहयोग ही हमारी शक्ति है। कहते हुए उन्होंने हाथ जोड़कर समस्त श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। बाबू ग्रोवर ने विशेष रूप से पुलिस प्रशासन का सुरक्षा व्यवस्था हेतु, सजावट दल एवं अर्श टेंट हाउस का भव्य व्यवस्थाओं के लिए, पत्रकार बंधुओं का प्रचार-प्रसार हेतु, जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन व उपस्थिति के लिए तथा नीलकंठेश्वर भक्ति धाम समिति और समस्त सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।उनकी वाणी में अहंकार नहीं केवल कृतज्ञता थी उनके शब्दों में प्रदर्शन नहीं केवल समर्पण था। समापन क्षणों में जब उन्होंने कहा यदि भोलेनाथ की कृपा और आप सभी का साथ बना रहा तो यह सेवा निरंतर चलती रहेगी। यह सुन पूरा पंडाल हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। नीलकंठेश्वर भक्ति धाम की यह वर्षगांठ केवल एक आयोजन नहीं रही बल्कि यह संदेश दे गई कि जब पुत्र अपने माता-पिता के संस्कारों को धर्म और सेवा के पथ पर आगे बढ़ाता है तब समाज के लिए प्रेरणा का दीपक प्रज्वलित होता है।

# डोमिनाज में फूड विभाग की दबिश



### पनीर-चीज-मायोनेज सहित कई खाद्य पदार्थों के सैंपल जब्त

कटनी (स्वतंत्रमत)।

माधवनगर क्षेत्र स्थित डोमिनाज रेस्टोरेंट फूड पॉइंट को लेकर खाद्य गुणवत्ता संबंधी शिकायत अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला महिला इकाई के पास की गई पूरी टीम रेस्टोरेंट पहुंची और निरीक्षण किया खाद्य पदार्थ पर शुद्धता नही पाई फुल इंस्पेक्टर ओम प्रकाश साहू को फोन किया गया और सामने आने के बाद फूड विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अमन आशु सुहाने द्वारा फूड इंस्पेक्टर ओमप्रकाश साहू को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद फूड इंस्पेक्टर ओमप्रकाश साहू मौके पर पहुंचे और नियमानुसार जांच करते हुए खाद्य सामग्री के सैंपल कलेक्ट किए। कार्रवाई के दौरान विभाग द्वारा चीज पनीर, मियाउनेज लिक्विड सामग्री, पिज्जा-बर्गर सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। सैंपल को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया की गई है। इस दौरान मौके पर जिलाध्यक्ष प्रीति सेन, सचिव स्वेता अग्रवाल, जिला वाइस प्रेसिडेंट आशा सुहाने, सुनिता कनकने, नीता बिचपुरिया, सिटी अध्यक्ष सपना सेन, लीगल एडवाइजर सभ्या दुबे सहित नीति वर्मा एवं देवांश वर्मा अमन सुहाने भी मौजूद रहे। फूड विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि लैब रिपोर्ट आने के बाद यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट या मानक से कम गुणवत्ता पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

फोटो : विकास गुप्ता



### टीवी सीरियल व बेब सीरीज में अभिनय कर जिले का नाम रोशन कर रहे विक्रम द्विवेदी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के स्लीमनाबाद निवासी दिनेश द्विवेदी के पुत्र विक्रम द्विवेदी बॉलीवुड में अभिनय कर अभिनय के क्षेत्र में कटनी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। निजी शादी समारोह में बहोरीबंद आये अभिनेता ने बताया की अभी तक बॉलीबुड में 6 साल की जर्नी हुई है। शुरुआत मैंने जिंग चैनल में एपिसोडिक शो से की थी। इसके बाद कुछ एड करने का बाद पहला ब्रेक एनटीवी के शो एक महानायक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, भीमा में मिला। इसके बाद जी 5 की भृम बेब सीरीज में काम किया।

# नहीं रुक रही गांजा की तस्करी

### कोतवाली एवं आरपीएफ ने की कार्यवाही, 18 किलो गांजा बरामद

### ट्रेनों से हर दिन आ रहा करोड़ों का गांजा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ स्मैक, गांजा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए अवैध मादक पदार्थ के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थी कि ट्रेन के माध्यम से अवैध रूप से गांजा की तस्करी की जा रही है। प्राप्त सूचनाओं को रेल्वे सुरक्षा बल से



साझा करते हुए कटनी रेल्वे स्टेशन व मुड़वारा रेल्वे स्टेशन में संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कटनी रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर पानी की टंकी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति के बैठे होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए रामगोपाल पिता मगनलाल गुप्ता निवासी बिरसिंहपुर जिला सतना को घेराबंदी करते हुए पकड़ा। आरोपी युवक अपने साथ एक ट्राली बैग रखे हुए था, जिसे खोलकर चैक कराने पर बैग के अंदर पीले रंग की प्लास्टिक की बोरी में 18.2 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसकी कीमत 2 लाख 16 हजार रूपए आंक गई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से अवैध मादक पदार्थ से संबंध में विस्तृत पूछताछ एवं आरोपी का पूर्व अपराधिक रिकार्ड के बारे में भी जानकारी एकत्रित की जा रही है। अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कोतवाली पुलिस की कार्यवाहियां लगातार की जा रही है।

फोटो : विकास गुप्ता

### कैलाश मानसरोवर तिब्बत की आजादी के लिए किए जा रहे प्रयास



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कैलाश मानसरोवर, तिब्बत मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरण के लक्ष्य और उद्देश्य में कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रवर्तित संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच जिसके मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉक्टर इंद्रेश कुमार पालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य रूपेश राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंकज के निर्देश अनुसार 17 फरवरी को भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, शैलेंद्र बरुआ से भारत तिब्बत सहयोग मंच के शिष्ट मंडल ने भेंट की और भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा कैलाश मानसरोवर तिब्बत की आजादी के लिए किए जा रहे प्रयासों कार्यों की जानकारी दी। सभी ने मुक्त कंठ से बाबा भोलेनाथ के धाम कैलाश मानसरोवर और तिब्बत की चीन के कब्जे से मुक्ति की आवश्यकता का समर्थन कर यथासंभव सहयोग करने का संकल्प व्यक्त किया। शिष्ट मंडल में भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कटनी के पूर्व विधायक वरिष्ठ समाजसेवी गिरिराज किशोर राजू पोद्दार युवा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पित मुदगल मध्य भारत प्रांत के मंत्री भोपाल के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर तिवारी, राधे महाराज सक्रिय युवा अधिवक्ता श्रीकांत पोद्दार उपस्थित रहे।

# 783 युवाओं का हुआ फिजिकल व मेडिकल टेस्ट

### अगले सत्र की अग्निवीर भर्ती रैली के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, अंतिम तिथि 1 अप्रैल

कटनी (स्वतंत्रमत)।

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में सतना जिले के 783 युवाओं का फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट हुआ अग्निवीर सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू है इसकी अंतिम तिथि 1 अप्रैल है। इस दौरान युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा जांच के साथ-साथ



दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कटनी में 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले अग्निवीर भर्ती में 15 जिलों के 5 हजार 374 उन युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिन्होंनें सेना द्वारा आयोजित कामन इंट्रेंस टेस्ट की लिखित परीक्षा को पास कर लिया है। जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया, अनुपपूर को मिलाकर 785 युवा तथा गुरूवार 19 फरवरी को सभी जिलों के 730 युवा तथा शुक्रवार 20 फरवरी को 638 युवा एवं सोमवार 23 फरवरी को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य की महिला अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होंगी और दस्तावेजों का सत्यापन करांएगी इसके साथ ही फिजिकल एवं मेडिकल परीक्षण भी होगा। अग्निवीर भर्ती रैली के माध्यम से सेना में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लर्क और ट्रेडसमेन आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा।

इस बार सेना भर्ती के लिए आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। इसमें 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के बीच जन्में युवा अग्निवीर पद के लिए और स्थाई पद के लिए 01 जुलाई 2004 से 01 जुलाई 2009 के बीच जन्में युवा ही पंजीकरण कर सकेंगे।



# स्वसहायता समूहों को चिन्हित कर उन्हे प्रशिक्षित करने सौंपी जिम्मेदारी

कटनी (स्वतंत्रमत)।

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष डा.एम शिवाकुमार अपने प्रदेश पदाधिकारियो के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल से मिलने कटनी पहुचे, कटनी राष्ट्रीय कार्यालय मे संगठनात्मक चर्चा हुई, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शुक्ल ने देश मे सशक्त उपभोक्ता आन्दोलन खडा करने, गुणवत्तापूर्ण साम्रगी एवं सेवा आम जन समुदाय को मिले, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानक अनुरूप सामग्री तथा सेवाओ का निर्माण कराने पर बिस्तार से जानकारी दिया, ग्राम पंचायत स्तर तक संगठन की इकाई स्थापित करने पर निर्देश दिए।

इसी अवसर पर कटनी मे विधानसभा अध्यक्ष पद पर श्रीमती शीतल पांडेय को नियुक्त कर स्वसहायता समूहो को चिन्हित कर उन्हे प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी सौपी गई। बैठक मे तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के अलावा एम कन्नन, के.पी.साल्वे, के.बैजू, पी.परवीना, डा.एम. ए खान, के.एल.पांडेय, सुमन सैनी, शीतल पांडेय, एचवी, सपना सेन, रितू मंडल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक में राहत शक्ति अभियान की सराहना

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विजयराघवगढ़ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ एवं जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक सावंद योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की प्रगति समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित की गई जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संचालित अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में नवांकुर राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत शक्ति अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। समिति की ओर से अवगत कराया गया कि अभियान




के माध्यम से विजयराघवगढ़ क्षेत्र के लगभग 70 ग्रामों में 28 हजार से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता स्वास्थ्य जागरूकता पोषण स्वच्छता एवं आत्मनिर्भरता संबंधी विषयों पर नियमित रूप से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण एवं स्वास्थ्य परामर्श के माध्यम से महिला स्वास्थ्य सुधार की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू द्वारा सुझाव दिया गया कि अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु ग्राम स्तर पर महिलाओं द्वारा सेनेटरी पैड निर्माण एवं विक्रय की व्यवस्था विकसित की जाए। इससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा सस्ती एवं सुलभ स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होने से ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार होगा।उन्होंने नवांकुर सखी के माध्यम से महिला समूहों को संगठित कर इस पहल को चरणबद्ध रूप से प्रारंभ करने की कार्ययोजना तैयार करने का प्रस्ताव भी रखा।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने अभियान की प्रगति की सराहना करते हुए इसे महिला स्वास्थ्य सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि योजना के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु क्षेत्रीय स्तर पर सतत निगरानी एवं समन्वय बनाए रखा जाए। राहत समर्पण सेवा समिति का राहत शक्ति अभियान ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने एवं सामाजिक झिझक को समाप्त करने की दिशा में एक संगठित प्रयास के रूप में उभर रहा है।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/जेम-निविदा/2026/1421 कटनी दिनांक-14/02/26

**निविदा सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी जिले की अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 में Comprehensive primary health Care हेतु आपूर्ति की जाना हैं। अतः स्थानीय क्रय हेतु निविदाकारों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा क्रय जेम पोर्टल के यूआरएल-https://mkp.gem.gov.in/market से दिनांक-17.02.2026 से 03.03.2026 तक निविदा क्रय की जावेगी, तकनीकी निविदा की तिथि 04.03.2026 एवं प्राईज बिड खोलने की तिथि 05.03.2026 को खोला जाना निर्धारित/प्रस्तावित हैं। निविदा की शर्तें, नियम एवं ईएमडी ऑनलाईन देखी जा सकती हैं। उपरोक्त में नमूना एवं ईएमडी अंतिम तिथि के पूर्व कार्यालय में जमा कराना होगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला कटनी (म.प्र.)**

# टीम इंडिया ने जड़ा जीत का चौका

## टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड्स को 17 रन से हराया

दुबई (वार्ता)



अहमदाबाद। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार चौथा मैच जीत लिया है। टीम ने बुधवार के तीसरे मैच में नीदरलैंड को 17 रन से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रुप ए के इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट झटके। शिवम दुबे को 2 विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के हिस्से एक-एक विकेट आया। टीम इंडिया की ओर से शिवम दुबे ने 66 रन बनाए। यह वर्ल्ड कप में उनकी पहली फिफ्टी है। हार्दिक पंड्या ने 30 रन बनाए। लोगन वान बीक ने 3 विकेट झटके। आर्यन दत्त को 2 विकेट मिले। इस जीत के साथ ही भारत इस वर्ल्ड कप में अपने चारों मैच जीत चुका है। वहीं नीदरलैंड्स की टीम का टी20 वर्ल्ड कप से सफर खत्म हो गया है, उसको इस वर्ल्ड कप में एकमात्र जीत नामीबिया के खिलाफ मिली थी। इस मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से ओपनिंग करने के लिए अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आए। अभिषेक शर्मा एक बार फिर अनलकी साबित हुए और पहले ही ओवर में नीदरलैंड्स के आर्यन दत्त की गेंद पर 0 पर आउट हो गए। अभिषेक शर्मा महज 3 गेंद ही फेज कर पाए। यह उनका इस वर्ल्ड कप में 0 की हैट्रिक रही। इसके बाद ईशान किशन भी 7 गेंदों पर 18 रन पर जड़कर बोल्ड हो गए। ईशान के आउट होते ही टीम इंडिया का स्कोर 39/2 हो गया। एक समय तिलक वर्मा (31) और कप्तान सूर्या टीम को संभाले हुए लग रहे, लेकिन फिर रोएलोफ वैन डेर मर्व ने शानदार डाइविंग कैच लोगान वैन बीक की गेंद पर पकड़कर उनको पवेलियन की दिशा दिखा दी। इसके बाद आउट होने वाले अगले बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रहे जो 28 गेंदों पर 34 रन बनाकर काइल क्लेन की गेंद पर आउट हुए। सूर्या के आउट होते ही भारतीय टीम का स्कोर 110/4 हो गया। इसके बाद शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या ने अंतिम ओवर्स में अच्छी बल्लेबाजी की, एक समय लग रहा था कि भारत आसानी से 200 रन क्रॉस कर लेगा। लेकिन अंतिम ओवर शिवम दुबे (31 बॉल, 4 चौके, 6 छक्के, 66 रन) और हार्दिक (30 रन, 21 गेंद) के आउट होने से ऐसा नहीं हो पाया। दुबे और पंड्या दोनों ही लोगन वैन बीक की गेंदों पर आउट हुए। लोगन नीदरलैंड्स की टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 3 विकेट झटके। 194 रनों के जवाब में उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत ठीक ठाक रही। पहला झटका उसे छठे ओवर में लगा जब मैक्स 35 के स्कोर पर आउट हुए। इसके बाद 51 के स्कोर पर उसे दूसरा झटका लगा जब माइकल लेविट आउट हुए।

# दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को छह विकेट से हराया

### कॉर्बिन बॉश को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला

नयी दिल्ली (वार्ता)





कॉर्बिन बॉश (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवाल्ड ब्रेविस (36 ), रायन रिकलटन (30) और कप्तान एडन मारक्रम (28) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 40 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला हारे बिना सुपर आठ में जगह बना ली है। कॉर्बिन बॉश को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मारक्रम और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 32 रन जोड़े। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैदरअली ने एडन मारक्रम को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। मारक्रम ने 11 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाये। छठे ओवर में मुहम्मद जवादुल्लाह ने क्विंटन डी कॉक (14) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद रायन रिकलटन ने डेवाल्ड ब्रेविस ने तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका की जीत पक्की कर दी। 11वें ओवर में मोहम्मद फारूक ने रायन रिकलटन को आउटकर यूएई को तीसरी सफलता दिलाई। रिकलटन ने 16 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट डेवाल्ड ब्रेविस के रूप में गिरा। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 36 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट पर 123 रन बनाकर मुकबला छह विकेट से अपने नाम किया। यूएई के लिए हैदर अली, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद इरफान और मोहम्मद फारूक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आलीशान शराफू (45) और कप्तान मुहम्मद वसीम (22) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने वर्षा प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 122 रनों का स्कोर बनाया।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आलीशान शराफू ने 38 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 45 रनों की पारी खेली। कप्तान मुहम्मद वसीम ने 12 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 22 रन बनाये। आर्यंश शर्मा (13) और मुहम्मद इरफान (11) रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई के चार बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने तीन विकेट लिये। एनरिक नॉर्टजे को दो विकेट मिले। जॉर्ज लिंडे ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# साहिबजादा फरहान के शतक से पाकिस्तान सुपर आठ में

कोलम्बो (वार्ता)



सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के शानदार शतक की बदौलत पाकिस्तान ने नामीबिया को बुधवार को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंद कर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ दौर में प्रवेश कर लिया। पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद नामीबिया को 17.3 ओवर में 97 रन पर ढेर कर दिया। उस्मान तारिक ने 16 रन पर चार और शादाब खान ने 19 रन पर तीन विकेट लेकर नामीबिया का पुलिंदा बांध दिया।साहिबजादा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लिए पाकिस्तान का स्कोर बहुत बड़ा साबित हुआ। लॉरेन स्टीनकैंप ने 23 और अलेक्जेंडर ब्युसिंग वॉल्सचैंक ने 20 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान के स्तरीय स्पिनरों के सामने नामीबिया के बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सके। इससे पहले साहिबजादा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के पाकिस्तान के फैसले को सही ठहराते हुए 58 गेंदों पर नाबाद 100 रन में 11 चौके और चार छक्के लगाए। साहिबजादा ने सैम अयूब के साथ पहले विकेट के लिए 40 रन ,सलमान आगा के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन और शादाब खान के साथ चौथे विकेट की अविजित साझेदारी में 40 गेंदों में 81 रन जोड़े। पाकिस्तान के चरमड़ा के रहने वाले साहिबजादा फरहान ने बड़े दिन अपनी टीम की मदद की। उन्हें ऐंठन हो रही थी और उन्हें मेडिकल मदद की जरूरत थी। एक समय वह 27 गेंदों पर 30 रन पर थे, लेकिन उसके बाद उन्होंने तेज़ी से रन बनाए। उस पॉइंट से, उन्होंने गेंद को ज़बरदस्त तरीके से मारा और अपना 5वां टी20 शतक बनाया। साथ ही, 2014 में अहमद शहज़ाद के बाद टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के लिए यह सिर्फ़ दूसरा शतक है। सैम अयूब जल्दी आउट हो गए, लेकिन फरहान और सलमान अली आगा के बीच पार्टनरशिप ने पाकिस्तान को बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर कर दिया। आगा के विकेट के बाद नफ़ो को प्रमोट किया गया, लेकिन वह ज़्यादा देर तक नहीं टिके और फिर शादाब ने अच्छा योगदान दिया। शादाब ने नाबाद 36 रन की अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए। लेकिन आज सब कुछ फरहान का ही था। वह एक ताकतवर, मजबूत, मस्कुलर खिलाड़ी हैं और उनके हाथ पेड़ के तनों जैसे दिखते हैं। उन्होंने उनका बहुत अच्छे से इस्तेमाल किया और शानदार 100 रन बनाए।

# टॉप सीड सेरुंडोलो रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंचे

रियो डी जेनेरो (वार्ता)



अर्जेंटीना के टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो मंगलवार को अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए। वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने पहले सर्व पर 72 परसेंट पॉइंट जीते और जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर एक घंटे 32 मिनट में पांच में से चार ब्रेक पॉइंट बदलकर जीत हासिल की। नवोन ने अपने पहले सर्व पर 67 परसेंट पॉइंट जीते लेकिन 12 ब्रेक पॉइंट मौकों में से सिर्फ दो को ही बदल पाए। इस नतीजे का मतलब है कि सेरुंडोलो एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एक और अर्जेंटीना के थियागो टिरांटे से भिड़ेंगे। सेरुंडोलो के भाई, जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने भी इटली के दूसरे सीड लुसियानो डॉर्डेरी पर 6-1, 3-6, 6-4 से जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 78 सेरुंडोलो ने आठ में से छह ब्रेक पॉइंट बचाए और नेट पर 13 में से नौ पॉइंट लेकर दो घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की।

# दो दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 26 ट्रिलियन डॉलर और जोड़ेगा भारत: गोयल

मुंबई (वार्ता)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अगले दो दशक में भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में 26 ट्रिलियन डॉलर (26 लाख करोड़ डॉलर) और जोड़ेगा। श्री गोयल ने यहां वैश्विक आर्थिक सहयोग (जीईसी) 2026 सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा, अब से 2047 के बीच भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 26 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि होने की अपेक्षा है - यह विकास का ऐसा अवसर है जो इतिहास में अद्वितीय है और दुनिया में कहीं और दोहराया जाना कठिन है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अलगाव का युग अब पीछे छूट चुका है। यही कारण है कि भारत गठबंधन बना रहा है, दूसरे देशों के साथ मित्रता गहरी की जा रही है और व्यापार समझौते किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले चार साल में नौ समझौते किये गये हैं और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हर व्यापार वार्ता में राष्ट्रीय हित का ध्यान रखा जाता है, किसानों, उद्यमियों, छोटे तथा मझौले उद्यमों, महिलाओं और उद्योगों के लिए सुरक्षित अवसर सुनिश्चित किया जाता है और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा की जाती है। फ्यूचर इकोनॉमिक कोऑपरेशन काउंसिल (एफईसीसी) द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित जीईसी में फ्रांस, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सेशेल्स, श्रीलंका, सिंगापुर सहित प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के वरिष्ठ मंत्री और व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं। श्री गोयल ने कहा, हमारे लिए, मुक्त व्यापार समझौते भारत के भविष्य में साझेदारी का निमंत्रण है, उस यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर है, जो देश को आज की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले विकसित राष्ट्र में परिवर्तित करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार वार्ताओं में किसानों की सुरक्षा, छोटे तथा मझौले उद्यमों के विकास, मछुआरों की रक्षा और देश में रोजगार को ध्यान में रखा गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां लंबे समय से चली आ रही धारणाओं पर प्रश्न उठाये जा रहे हैं और प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं। स्रोत से लेकर उत्पादन और बाजार तक हर स्तर पर जोखिम कम करने और विविधीकरण का तर्क लगातार प्रबल हो रहा है। साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भारत न केवल वैश्विक विकास में योगदान देना चाहता है, बल्कि वैश्विक स्थिरता, नीतियों में स्थिरता और विश्वास में भी योगदान देना चाहता है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वैश्विक व्यापार में बड़ा बदलाव हो रहा है, आपूर्ति श्रृंखलाएं बदल रही हैं और सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, खाद्य, दुर्लभ खनिज और एआई जैसे रणनीतिक क्षेत्र अब राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांतों में शामिल हो चुके हैं। आर्थिक कूटनीति के इस युग में भारत का उदय विकास और समृद्धि पर केंद्रित एक संरचनात्मक खाके पर आधारित है। भारत फोर्ज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बाबा कल्याणी ने कहा कि विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के बीच भारत स्थिरता, विकास और संसाधन प्रदान करता है।

# इंडिगो ने एक्सिस बैंक के साथ पेश किये को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड



नयी दिल्ली (वार्ता)

निजी विमानन सेवा कंपनी इंडिगो ने एक्सिस बैंक के साथ दो को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश करने की घोषणा की है। दोनों कंपनियों की साझा प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड रुपे और वीजा नेटवर्क पर उपलब्ध हैं। ग्राहकों को इंडिगो के लॉयल्टी प्रोग्राम इंडिगो ब्लूचिप का भी लाभ मिलेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ग्राहक रोजमर्रा की खरीदारी और यात्रा से संबंधित लेनदेन पर सुविधाजनक और बिना किसी झंझट के रिवॉर्ड प्वाइंट अर्जित कर सकेंगे। इंडिगो की उड़ानों के टिकट बुक कराने और संबंधित खर्चों पर अधिक रिवॉर्ड मिलते हैं। ग्राहकों को शुरुआती और नवीनीकरणीय लाभ, माइलस्टोन रिवॉर्ड्स तथा लाइफस्टाइल विशेषाधिकारों का एक व्यापक पैकेज भी मिलेगा जिसमें लाउंज एक्सेस, एंटरटेनमेंट के ऑफर, डाइनिंग पर छूट और कार्ड वेरिएंट के अनुसार विदेशी मुद्रा विनिमय में लाभ शामिल हैं। इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड की कीमत 799 रुपये रखी गयी है और यह खुदरा ग्राहकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जबकि समृद्ध ग्राहकों को ध्यान में रखकर इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड की कीमत पांच हजार रुपये तय की गयी है।

### जब दलित और आदिवासी आगे बढ़ेंगे तभी विकसित भारत बनेगा: डीआईसीसीआई

नयी दिल्ली (वार्ता)। दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को समावेशी विकास का उपकरण बनाने की मांग करते हुए बुधवार को कहा कि दलित और आदिवासियों के विकास के बिना विकसित भारत नहीं बन सकता। चैम्बर के यहां समावेशन के लिए एआई एवं रोजगार का भविष्य विषय पर आयोजित सम्मेलन में डिक्की के संस्थापक चेयरमैन मिलिंद कांबले ने यह सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया कि एआई सशक्तिकरण का जरिया बने न कि पहले से मौजूद सामाजिक खाई को बढ़ाने का। उन्होंने कहा कि अब तक देश ने काफी तरक्की की है, अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन इसके बने अवसरों का समान वितरण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, हमें सांकेतिक समावेशन से ढांचागत समावेशन की बढ़ना चाहिए। क्या समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल किये बिना भारत विकसित हो सकता है? विकसित भारत की यात्रा में विकसित दलित और विकसित आदिवासी की यात्रा को भी शामिल करना चाहिये। श्री कांबले ने कहा कि जब दलित और आदिवासी आगे बढ़ेंगे, तभी भारत आगे बढ़ेगा।

# अमेरिका को पांच हजार टन बासमती चावल भेजने पर समझौता



नयी दिल्ली (वार्ता)

भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) ने गुरुवार को ऐलान करते हुए कहा कि उसकी एक सदस्य कंपनी ने अमेरिका को 5,000 टन प्रीमियम भारतीय बासमती चावल निर्यात करने का एक व्यावसायिक समझौता किया है । यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कृषि व्यापार को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है । संघ ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए दावा किया कि यह निर्यात आदेश प्रामाणिक भारतीय बासमती चावल की बढ़ती वैश्विक मांग और भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नयी गति को दर्शाता है । आईआरईएफ के अनुसार, यह समझौता भारतीय बासमती चावल की गुणवत्ता, सुगंध और प्रामाणिकता को दर्शाता है और वैश्विक खरीदारों के भारतीय निर्यातकों पर निरंतर विश्वास को प्रकट करता है । गौरतलब है कि भारत वर्तमान में बासमती चावल का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक बना हुआ है । विशेष रूप से सुगंधित चावल की किस्मों के प्रति बढ़ती उपभोक्ता पसंद के कारण अमेरिकी बाजार भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश के रूप में देखा जाता है। संघ ने यह भी कहा कि वह देश की कृषि-निर्यात अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने के लिए नीति निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा ।

### रुपया चार पैसे मजबूत

मुंबई (वार्ता)

अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 3.50 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.6850 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया दो पैसे चढ़कर 90.72 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया 12 पैसे की मजबूती के साथ 90.60 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सीमित दायरे में रहते हुए यह ऊपर 90.5925 रुपये और नीचे 90.7150 रुपये प्रति डॉलर तक गया। भारतीय पूंजी बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिवाल रहने और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक 0.2 प्रतिशत की तेजी से रुपया मजबूत हुआ है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।

# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

### प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई (वार्ता)





बैंकिंग, धातु और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में अच्छी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक (0.34 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,734.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत ऊपर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 11 फरवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। शेयर बाजार में आरंभ में गिरावट थी, लेकिन दोपहर बाद लिवाली बढ़ने से सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स नीचे 83,164 अंक और ऊपर 83,770 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.54 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। निफ्टी आईटी सूचकांक 1.23 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी, धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, निजी बैंक, रियल्टी और तेल एवं गैस समूहों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,280 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,714 के शेयर हरे निशान में और 1,457 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में क्वालिटी वॉल का शेयर सबसे अधिक 4.92 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.90 फीसदी, एक्सिस बैंक में 1.51 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.18 और एलएंडटी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, सनफार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। इटरनल में सबसे अधिक 1.53 प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर 1.34 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.27, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.06 और अडानी पोर्ट्स का एक प्रतिशत लुढ़क गया। अन्य आईटी कंपनियों के साथ टीसीएस में भी 0.84 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.02 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट 1.26 प्रतिशत फिसल गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.03 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.04 प्रतिशत ऊपर था।

# समृद्ध और सुखद मध्यप्रदेश का सपना पूरा करेगा बजट

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर दी प्रतिक्रिया



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान आधारित विकास के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण के ज्ञान के संकल्प में हमारी सरकार ने अब इंडस्ट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर के आई को भी शामिल किया है। वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का यह बजट ज्ञानी के मार्गदर्शी सिद्धान्त पर तैयार किया गया है। जिसमें गरीब कल्याण, युवा शक्ति के कौशल विकास एवं रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण, अन्नदाता की आय में वृद्धि, नारी सशक्तिकरण, आधारभूत सुविधाओं का विकास एवं प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने का संकल्प है। वर्ष 2026-27 के 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए के बजट में विकास के लिए पर्याप्त धन राशि रखी गई है, यह विकास और जनकल्याण के संकल्प की पूर्ति का परिचायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट समृद्ध मध्यप्रदेश, सम्पन्न मध्यप्रदेश, सुखद मध्यप्रदेश, सांस्कृतिक मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने वाला है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी प्रदेश की जनता पर किसी नए कर बोझ नहीं डाला गया है। सुशासन और सुप्रबंधन के लिए निरंतर नवाचार और विकास के सभी पैमानों को पूरा करता यह बजट अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा में वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत होने के बाद यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने रोलिंग बजट को अपनाते हुए वार्षिक बजट को दीर्घकालिक दृष्टि से जोड़ा गया है। रोलिंग बजट प्रस्तुत करने वाला संभवत: मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है। इस बजट से अगले तीन वर्ष के विकास का खाका खीचा जाएगा और यह बजट विकास के लिए सतत् रूप से पर्याप्त धन राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा। यह बजट अमृतकाल 2047 के लिए विकास का पैमाना सिद्ध होगा। वर्ष 2026-27 में राज्य का सकल घरेलु उत्पाद 18 लाख 48 हजार 274 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो वर्ष 2025-26 के अनुमान में 10.69 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2026-27 में पूंजीगत परिव्यय राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 4.80 प्रतिशत अनुमानित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता वृद्धि के लिए 28 हजार 158 करोड़ रूपए, आदान व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 64 हजार 995 करोड़ रूपए, उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए 8 हजार 91 करोड़ रूपए, सुरक्षा चक्र के लिए 13 हजार 769 करोड़ रूपए सहित कृषि कल्याण के लिए कुल 1 लाख 15 हजार 13 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है, जो किसान कल्याण वर्ष के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि बहुआयामी गरीबी सूचकांक आधारित बजट व्यवस्था राज्य की एक अभिनव और दूरदर्शी पहल है।

***अधोसंरचना विकास हेतु एक लाख करोड़***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार अधोसंरचना विकास में बजट अनुमान 2026-27 का पूंजीगत परिव्यय रुपये 1 लाख करोड़ रूपये से अधिक है। राज्य सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के समुचित प्रावधान किए हैं। प्रदेश के गठन के बाद पहली बार इतनी बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा फोकस सर्वस्पर्शी, समावेशी विकास, सुशासन, पर्यावरण, पर्यटन एवं सांस्कृतिक पुनर्उत्थान पर है। सभी क्षेत्रों में विकास के लिए पर्याप्त प्रावधान है।

***अधोसंरचना विकास की द्वारका योजना***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व से संबंधित 13 हजार 851 करोड़ के कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसके अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए 3 हजार 60 करोड़ रूपये का प्रावधान है। शहरों में अधोसंरचना विकास के लिए द्धारका योजना में आगामी तीन वर्षों में 5 हजार करोड़ रूपये का निवेश संभावित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आबादी भूमि पर मालिकाना अधिकार की योजना है, जिसमें मुद्रांक एवं पंजीयन का समस्त शुल्क राज्य शासन वहन करेगा। यह देश में अपने तरह का पहला नवाचार है। इसके लिए 3 हजार 800 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

***यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चों को बेहतर पोषण मिले, इसके लिए यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के लिए 700 करोड़ रूपये का प्रावधान है। इस योजनातंर्गत आगामी पांच वर्षों में 6 हजार 600 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार 883 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। किसी भी लाड़ली बहना को उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा और सरकार निर्धारित समय-सीमा में लाड़ली बहनाओं को दी जाने वाली राशि का लक्ष्य प्राप्त करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत-गांरटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए 10 हजार 428 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

***युवाओं के लिए विशेष प्रावधान***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना के लिए पर्याप्त धनराशि दी जा रही है। मध्यप्रदेश देश के सबसे युवा तीन प्रदेशों में से एक है। युवा कल्याण के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय, पीएम श्री महाविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य में औद्योगिक विकास के साथ हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जोर दिया जा रहा है। पर्यटकों के लिए प्रदेश में पहली बार पीएमश्री हेली सर्विस शुरू की गई है, जिसमें पर्यटकों से सामान्य किराये का मात्र 1/10वां हिस्सा ही लिया जा रहा है। शेष खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है।

***वित्तीय संसाधनों का बेहतर प्रबंधन***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वन संपदा एवं वन्यजीवों से समृद्ध है। प्रदेश की धरती पर चीतों का पुनर्स्थापन किया गया है। श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में नए शावकों के आगमन से स्वदेशी चीतों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यहां चीतों की संख्या अब 38 पहुंच गई है। इसी माह 8 व्यस्क चीते बोत्सवाना से लाए जाएंगे। असम से जंगली भेंसा मध्यप्रदेश के वनों में जल्द लाए जाएंगे।

## लीनेस मैत्री क्लब का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजन हुआ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता अत्यंत प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने भारतीय नारी के विविध रूपों को मंच पर जीवंत प्रस्तुत करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में तालियों की गूंज, उत्साह और सराहना का वातावरण बना रहा। इस प्रतियोगिता की विशेषता रही कि प्रतिभागियों ने समाज, इतिहास, राजनीति और कला जगत की प्रसिद्ध महिलाओं के किरदारों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंच पर जब फूलन देवी का साहसी और संघर्षशील रूप सामने आया तो दर्शक भावुक हो उठे। वहीं मंजुलिका के रहस्यमयी और दमदार अभिनय ने सभी को रोमांचित कर दिया। फिल्मी जगत की लोकप्रिय अभिनेत्रियों जैसे अनुष्का शर्मा, मुमताज, साधना, रेखा, दिव्या भारती, जयाप्रदा एवं माधुरी दीक्षित के लोकप्रिय गीतों और अंदाज की प्रस्तुति ने पूरे मंच को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। राजनीतिक क्षेत्र की सशक्त हस्तियों के रूप में स्मृति ईरानी, जे जयललिता एवं कंगना रनौत के किरदारों ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया।

# छद्म नारों और झूठे नजारों का बजट : कांग्रेस

## मजदूर आधे, कार्य दिवस आधे, कार्यों की संख्या तीन चौथाई, खर्चा डेढ गुना

भोपाल (स्वतंत्र मत)



प्रदेश के ताजा बजट को छद्म नारों और छूठे नजारों का बजट बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि मार्गदर्शी सिद्धांतों के नाम पर भाजपा ने करप्शन के लिए नए स्लाट तैयार कर लिए हैं। गुप्ता ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए नाम पर नारे तो गढ़े गए हैं लेकिन अकेले मनरेगा में ही रोजगार पाने वाले जाब होल्डर में 50प्रतिशत की कमी है और आधे श्रम दिवस के बावजूद भी खर्च 2276 करोड़ बढ़ गया है। सरकार को बताना चाहिए कि जब काम मांगने वाले 105 लाख से घटकर 56 लाख रह गये हैं। श्रम दिवस 3418 लाख से घटकर 1653 लाख बचे हैं। कार्यों की संख्या 7.26 लाख से घटकर 5.46 लाख रह गई है तब खर्च 4143 करोड़ से बढ़कर 6419 करोड़ कैसे हो गया यह तो रिडक्शन और करप्शन का नया मार्गदर्शी सिद्धांत है। गुप्ता ने कहा कि उच्च शिक्षा लोगों की पहुंच से बाहर हो गई है। गरीब के बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं। उच्च शिक्षा में 1 लाख19 हजार से ज्यादा सीटें खाली पड़ीं हैं। केवल एमबीए में 20 हजार और बीटेक में ही 27 हजार सीटें खाली हैं। मध्य प्रदेश में दलहन उत्पादन का नारा लगाया गया है लेकिन दलहन का उत्पादन 29 परसेंट घट गया है और गौ माता की रक्षा के नारा लगाने वालों के राज में मांस का उत्पादन 9 प्रतिशत बढ़ गया है। किसानों की बात तो की जा रही है लेकिन हर किसान 74 हजार.420 रुपये का कर्जदार है। फसल बीमा कंपनियों को 4324 करोड़ का मुनाफा हुआ है लेकिन केवल 46 करोड़ के क्लेमों का भुगतान हुआ है। 23 परसेंट बीमा करने वाले घट गए हैं। उपार्जन की हालत यह है कि लोगों से फसल जमा तो कर ली गई है और रसीद उन्हें दी नहीं जा रही है। पीने के पानी के हालात किसी से छुपे नहीं है। प्रदेश हर गांव हर शहर भी एक भागीरथपुरा जिंदगी से लड़ रहा है। प्रदेश में 5961 उद्योग बिना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति के चल रहे हैं और जहरीला पानी नदियों में छोड़ा जा रहा है। कांग्रेस के राज में मध्य प्रदेश में 1500 दाल मिलें चल रहीं थी जो अब 20 साल की कड़ी मेहनत के बाद घटकर मात्र 800 ही रह गईं हैं। आखिर बजट के माध्यम से छद्म मार्गदर्शी सिद्धांत गढ़कर भाजपा किसे ठगना चाहती है उसे बताना चाहिए। गुप्ता ने अपेक्षा कि है सरकार स्पष्ट,पारदर्शी और उत्पादक स्वरूप बजट को देगी।

# अनाहत से अनावरण तक मूर्तियां ही सनातन का स्तंभ: वेदांताचार्य

दमोह (स्वतंत्र मत)

धर्मनगरी में आयोजित भव्य प्रतिमा अनावरण समारोह ने एक बार पुन: यह सिद्ध किया कि मूर्तियां केवल शिल्प नहीं बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा का साकार स्वरूप हैं। अनाहत अर्थात् हृदय की दिव्य ध्वनि से लेकर अनावरण अर्थात् प्रतिमा के प्रकट होने तक की यह यात्रा श्रद्धा, साधना और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक बनकर उभरी। यह पावन अनावरण भागवतदास त्यागी एवं रामायणी की दिव्य प्रतिमा का था, जिनका जीवन त्याग, भक्ति और रामकथा सेवा की अखंड साधना का अनुपम उदाहरण रहा है। उनकी स्मृति में स्थापित यह प्रतिमा न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए धर्मनिष्ठ जीवन का प्रेरणास्त्रोत भी बनेगी। इस विराट आयोजन में विख्यात संत-पुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विष्णुसंप्रदाय प्रमुख जगतगुरु संतोषाचार्य महाराज मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान रहे। समारोह की अध्यक्षता जगतगुरु नरेंद्रनंद सरस्वती ने की। आयोजन का संचालन महामंडलेश्वर अवध बिहारी दास महाराज के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जबकि मंच संचालन महंत भगवान रसिक वेदांताचार्य ने अत्यंत प्रभावपूर्ण शैली में किया। वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन के मध्य जब प्रतिमा का अनावरण हुआ, तो वातावरण हरि बोल और जय श्री राम के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा। संतों एवं विद्वानों ने अपने उद्बोधनों में प्रतिपादित किया कि मूर्ति पूजन भारतीय दर्शन की वह धुरी है, जो निराकार ब्रह्म को साकार प्रतीकों के माध्यम से जनजन तक पहुंचाती है। समारोह में भक्तश्रेष्ठ शुक्ला रानी गुप्ता कोलकाता, रतन, रामेंद्र, दीप नारायण, पवन, शरद, डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, विजय शंकर त्रिपाठी, मदन मोहन, डॉ. श्रवणदास, शिवदास, मोहनदास कोतवाल, काशी की जनता जनार्दन सहित अनेकानेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड पर विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

जबेरा (स्वतंत्र मत)

बस स्टैंड जबेरा पर विद्युत विभाग की डीपी ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग बढ़ती जा रही थी। लोगों द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी। विद्युत विभाग के अभियंता एमके महतो के निर्देशन में विद्युत विभाग के कर्मचारी संदीप पटेल, देवेंद्र ठाकुर एवं स्थानीय युवक गौरव यादव की सूझबूझ व प्रयास से आग पर काबू पाया गया। नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। जानकारी देते हुए कनिष्ठ अभियंता एमके महतो ने बताया कि बस स्टैंड पर वर्तमान में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जो कि ओवरलोड ब स्पार्किंग के कारण जल गया। वरिष्ठ अधिकारियों से कहकर अतिरिक्त 100 केवीए का ट्रांसफार्मर और रखवाया जा रहा है ताकि लोड डायवर्ट हो सके। वहीं आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर मैं व मेरा स्टाफ पहुंचा था आग पर काबू पा लिया गया है।

# हटा-बटियागढ़ क्षेत्र में औषधि निरीक्षक की कार्रवाई

दमोह (स्वतंत्र मत)




कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर निर्देश पर औषधि निरीक्षक महिमा जैन द्वारा हटा, बटियागढ़ ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बालाजी मेडिकल, पाठक मेडिकल एवं खुशी मेडिकल मगरोंन, रजपुरा स्थित संजीवनी मेडिकल एवं कुंदन मेडिकल, सादपुर में डिम्हा मेडिकल बंद पाया गया एवं तिवारी मेडिकल की जांच की गईए जांच के दौरान कोडीनयुक्त सिरप भी कुछ मेडिकल स्टोर्स पर पाए गए जिनका क्रय विक्रय देखा गया। उन्होने बताया शेड्यूल एच१, नारकोटिक्स दवाइयों के क्रय विक्रय की जांच की गई एवं अबॉर्शन किट की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रजपुरा ग्राम से 4 दवाइयों के नमूने जांच हेतु लिए गए। समयावधि मे कार्यालय दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर केंद्र अध्यक्षों की बैठक

दमोह (स्वतंत्र मत)

दमोह जिले के पटेरा विकासखंड अंतर्गत आयोजित होने वाली कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ हो चुकी हैं। इस मामले में विकासखंड पटेरा के समस्त कक्षा पांचवी एवं आठवीं के केंद्र अध्यक्षों और सहायक केंद्र अध्यक्षों की विकास खंड स्त्रोत समन्वयक दिलीप उपाध्याय तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आईएल अठ्या ने बैठक आयोजित की गई।

# हटा में बढ़ती वारदातें : बैंक, दुकान और मंडी प्रकरणों में गिरफ्तारी न होने से बढ़ी चिंता

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हटा शाखा में घुसा चोर अब तक बेनकाब नहीं

हटा (स्वतंत्र मत)



नगर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 10 दिन पूर्व सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया की हटा शाखा में देर रात एक चोर के घुसने की घटना से हड़कंप मच गया था। बैंक का सायरन बजते ही डायल 112 टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे जिससे आरोपी वारदात को अंजाम दिए बिना ही भाग निकला। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स के साथ बैंक का निरीक्षण भी किया था लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रारंभिक सक्रियता के बाद जांच ठंडी पड़ती नजर आ रही है जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। इसी क्रम में चण्डी जी मंदिर के पास स्थित एक किराना दुकान में हुई 13 लाख रुपये से अधिक की बड़ी चोरी का मामला भी अब तक अनसुलझा है।

दुकानदार द्वारा 181 पर शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन आरोप है कि पुलिस चोरी का खुलासा करने के बजाय शिकायत बंद कराने में अधिक रुचि दिखा रही है। बताया जा रहा है कि घटना के लगभग 24 घंटे बाद व्यापारी संघों के ज्ञापन और दवाव के बाद चोरी की एफआईआर दर्ज की गई और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी अगले दिन बुलाया गया। मामले में चोर को भागने भरपूर ढील दी गई। व्यापारियों का कहना है कि यदि तत्काल कार्रवाई की जाती तो संभवत: आरोपियों तक पहुंचा जा सकता था। इस देरी को लेकर व्यापारिक वर्ग में खासा आक्रोश है।

***मंडी प्रकरण में भी कार्रवाई सुस्त***- हटा मंडी में भावांतर में गड़बड़ी करने वाले तीन गल्ला व्यापारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। किसानों का भुगतान रुकने पर आंदोलन आदि का मामला भी सामने आया था लेकिन अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस अग्रिम जमानत प्रक्रिया का इंतजार कर रही है। थाना प्रभारी टीआई सुधीर बेंगी का कहना है किए पुलिस को अभी तक चोर का कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जांच जारी है।

***नगर में बढ़ी असुरक्षा की भावना***- लगातार हो रही वारदातों और धीमी जांच से नगरवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। व्यापारिक संगठनों ने शीघ्र खुलासे की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। नगरवासियों का कहना है कि पुलिस को गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी फुटेज की गंभीरता से जांच करने और तकनीकी साक्ष्यों का शीघ्र विश्लेषण कर मामलों का खुलासा करना चाहिए ताकि जनता का विश्वास बहाल हो सके।

## खैरी सिंगोरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में पहुंचे जनसंपर्क अधिकारी

जबेरा (स्वतंत्र मत)

जबेरा शासकीय महाविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का आयोजन ग्राम खैरी सिंगौरगढ़ में किया जा रहा है। शिविर की थीम डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर आधारित है। शिविर में दैनिक प्रार्थना, प्राणायाम योगासन, नाश्ता, परियोजना कार्य, भोजन व्यवस्था इसके उपरांत बौद्धिक सत्र के साथ ग्राम से संपर्क, ग्रामीण खेलकूद, सांस्कृतिक संध्या आदि आयोजित की जाती है। शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र में जिला जनसंपर्क अधिकारी वाईए कुरैशी पहुंचे। जिन्होंने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए जीवन में सफल होने के लिए तीन मूल मंत्र बतलाएं। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन शैली किस प्रकार की होनी चाहिए, समय का हमारे जीवन में क्या महत्व है क्योंकि सभी को बराबर एक सा समय मिलता है। सभी के पास 24 घंटे होते हैं वह समय का किस प्रकार से उपयोग करते हैं। वही समय उनकी सफलता निर्भर करती है। इसके साथ उन्होंने बताया कि सभी को हमेशा सकारात्मक सोच रखना चाहिए। सभी एक सपना देखते हैं उसे हमें पूर्ण करने के लिए लगन से एकाग्र होकर मेहनत करनी चाहिए। हमेशा माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति लीला कोरी पति स्व. गोपाल प्रसाद तंतुवाय का दिनांक 09/02/2026 को भवन क्रमांक एम.आई.जी.-II D/C 229 धनवंतरी नगर जबलपुर म.प्र. की मूल रजिस्ट्री को विक्रय अनापत्ति प्रमाण हेतु म.प्र. गृह निर्माण मण्डल धनवंतरी नगर जबलपुर कार्यालय लेके जा रही थी जो कि धनवंतरी चौक में प्रतिलिपि कराने हेतु रुकी थी तत्पश्चात मूल रजिस्ट्री के कुछ पन्ने धनवंतरी नगर चौक से म.प्र. गृह निर्माण मण्डल कार्यालय के बीच रास्ते में गिर गये हैं। उक्त रजिस्ट्री दिनांक 16/10/1995 का पन्ना जिसमें अंकित पुस्तक क्रमांक A-1, ग्रंथ क्रं. -8104, पृष्ठ नंबर 69 से 75 दस्तावेज क्रमांक 2149 अंकित हैं। इसकी सूचना दिनांक 17/02/2026 को पुलिस चौकी धनवंतरी नगर थाना संजीवनी नगर जबलपुर को दे दी गई हैं। अगर किसी को उक्त दस्तावेज मिलते हैं तो दिये गये उक्त पते पर आज दिनांक से 7 दिवस तक पहुंचाने का कष्ट करें। 7 दिवस के पश्चात अगर कोई उजर, दावा प्रस्तुत करता हैं तो उसको झूठा माना जावे।

जबलपुर दिनांक- 18/02/2026

संजय शर्मा (एडवोकेट)
पता-एच.आई.जी-05
धनवंतरी नगर जबलपुर
संपर्क मो.-7000227925

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा नगर कालोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक Jr. LIG-230 श्री ज्ञानचंद साहू पिता श्री शिवचरण साहू के नाम आवंटित है, को आंवटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13.03.2019 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री ज्ञानचंद साहू पिता श्री शिवचरण साहू ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.12.2024 के माध्यम से श्रीमती मिनी जैन पति श्री रोहित जैन को विक्रय किया है। अत: श्रीमती मिनी जैन पति श्री रोहित जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 18/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मानसमणि वर्मा पिता श्री भोला प्रसाद वर्मा ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 400 ए-1 संपत्ति के पिन क्रमांक 9000190038 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 964 व.फु. प्रथम तल 550 व.फु. द्वितीय तल 500 व.फु. निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री पदम कुमार, रतन मेलानी पिता स्व. श्री होतचंद मेलानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 18/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार कनौजिया पिता श्री बालक राम कनौजिया ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 2023/23 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000386203 मे से नया पिन न. पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 200 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 170 दुकान व.फु. प्रथम तल 170 दुकान व.फु. निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री विनोद कुमार खत्री पिता अमरचंद खत्री का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 18/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक मानिकम पिता जॉन राव ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक पी- 183 रामा रेसीडेंसी संपत्ति के पिन क्रमांक 1002872640 में से नया नम्बर पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 800 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री मनीष रिछारिया एवं कु. स्मिता रिछारिया पिता स्व. रमाकांत रिछारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 18/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सांक्षी गोगिया पति श्री राकेश कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक पी- 146 अशियाना ग्रीन संपत्ति के पिन क्रमांक 1002953027 से नया पिन पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1330 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री आशियाना बिल्डर्स द्वारा पार्टनर श्री मनीष जायसवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# भोजशाला विवाद: 23 फरवरी को खुलेगी एएसआई की रिपोर्ट

## मप्र हाईकोर्ट ने दिया आदेश, इंदौर खंडपीठ करेगी सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट में धार के भोजशाला विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने क्षेत्राधिकार को देखते हुए स्पष्ट किया कि यह मामला धार जिले से संबंधित है, जो इंदौर खंडपीठ के दायरे में आता है। उन्होंने आदेश दिया है कि अब इस मामले की सुनवाई इंदौर हाईकोर्ट में की जाएगी। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच इंदौर हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई करेगी। इसके लिए 23 फरवरी की तारीख तय की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाओं से संबंधित सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा। मप्र हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 23 फरवरी को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट खोली जाएगी। दरअसल मप्र के धार स्थित भोजशाला परिसर विवाद मामले को मप्र हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ से जबलपुर प्रिंसिपल बेंच में ट्रांसफर कर दिया था। पूजा के अधिकार बनाम नमाज की अनुमति से जुड़े इस संवैधानिक प्रकरण पर बुधवार को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और



जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की।

### ये है पूरा मामला

दरअसल मप्र हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस समेत अन्य पक्षों ने याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि 1010 से 1055 ईस्वी के बीच राजा भोज द्वारा निर्मित भोजशाला मूलत: देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर और संस्कृत शिक्षा का प्रमुख केंद्र था, जहां वेद, शास्त्र, ज्योतिष और खगोल जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। याचिका में यह भी कहा गया है कि यह स्थल सनातन परंपराओं के संरक्षण वाला आदर्श गुरुकुल था। बाद के मुस्लिम शासकों द्वारा परिसर को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि इसकी धार्मिक पहचान नहीं बदली और हिंदू श्रद्धालु पूजा करते रहे। वहीं ब्रिटिश काल में इसे कमाल मौला मस्जिद के रूप में प्रचारित करने की कोशिश की गई, जिसे याचिका में तथ्यों के विपरीत बताया गया है।

### एएसआई के आदेश पर विवाद

इस मामले में सबसे बड़ा विवाद वर्ष 2003 के उस आदेश को लेकर है, जिसमें पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय को नमाज की अनुमति दी गई थी, जबकि हिंदुओं के पूजा अधिकारों पर सीमाएं तय कर दी गईं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 25 में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में अनुच्छेद 29 के तहत सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और अनुच्छेद 49 के तहत ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा की राज्य की जिम्मेदारी का भी हवाला दिया गया है। अब यह मामला धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक पहचान और संवैधानिक अधिकारों की सीधी टक्कर के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर अदालत का फैसला बेहद अहम माना जा रहा है।

## सूने घरों में चोरों ने लगाई सेंध

जबलपुर

शहपुरा थाने में मनोहर सिंह परिहार उम्र 58 वर्ष निवासी नर्मदा कालोनी शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह किराना दुकान चलाता है। माताजी के शांत हो जाने पर घर मे ताला लगाकर वह सपरिवार कूडाकला बेलखेडा गये थे। इसी बीच पडोसी ने फोन कर बताया कि तुम्हारे घर के ताले टूटे है। वह घर वापस लौटा तो देखा कि घर के अंदर रखी 2 अलमारियों के लॉक टूटे व सामान बिखरा था। अलमारी मे रखी सोने की 2 लाक पट्टी, चांदी की 18 चूडी, 2 बाजूबंद, नहीं थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। इसी प्रकार रांझी थाने में जयकिशन खरे उम्र 39 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती ने बताय कि उसकी मां बीमारी के कारण आगा चौक लाईफ मेडीसिटी अस्पताल में भर्ती थी। मां की देखरेख में पत्नि बच्चे सहित अस्पताल में रहते थे। इसी बीच चोरों द्वारा उनके घर से आलमारी में रखे चांदी का हाफ करधन, चांदी के हाथ के छलबल, सोने की झुमकी, सोने का हार चोरी कर लिया गया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## दुर्घटनाओं में कमी लाने कलेक्टर एसपी ने देखे जिले के ब्लैक स्पॉट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ जिले के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पनागर के पास कुश्रे तिराहा और बम्हणनौदा बाईपास का स्थल निरीक्षण कर एनएचएआई के अधिकारी अमृत साहू को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनएचएआई में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, ब्लिंकर्स, रिफ्लेक्टर्स और प्री-फेब्रिकेटेड डिवाइडर लगाये जायें, डिवाइडर की रंगाई-पुताई व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करें। साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां सर्विस रोड भी बनायें। इस दौरान एसडीएम अभिषेक सिंह एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## विद्यालयों के आस-पास ना हो मादक पदार्थों से संबंधित दुकानें

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीएमश्री विद्यालयों के प्रबंधन एवं क्रियान्वयन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी व संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों का क्रमबद्ध क्रियान्वयन हो और इसमें जो भी आवश्यकताएं हैं उनकी पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने टिंकरिंग लैबए विद्यालयीन स्टाफ व विद्यार्थियों की आईडी, रचनात्मक रूप से सीखने के लिए की जा रही गतिविधियां, गणित एवं विज्ञान टीचर लर्निंग मटेरियल, खेल गतिविधियां, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, विशेषज्ञ वार्ता, टंकियों की सफाई आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय के आस-पास मादक पदार्थों से संबंधित दुकान न हों, विद्यालय में फर्नीचर व किचन व्यवस्था अच्छी हो, विद्यार्थियों के लिए खेल मैदान व उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता रहे।

# दहेज लोभियों से परेशान होकर महिला ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एमडी नागोतिया ने बताया कि थाना गोरखपुर में नेशनल हस्पिटल से सूचना मिली थी कि मानसी राजपूत पति राकेश राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी पीपल मोहल्ला थाना गोरखपुर को जहरीली वस्तु खाने के उपरांत इलाज हेतु पति राकेश राजपूत द्वारा भर्ती कराया गया था। दौरान उपचार मानसी राजपूत की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मृतिका मानसी राजपूत के मायके पक्ष के कथन लेख किये गये। जिसमें पता चला कि मानसी की शादी पीपल मोहल्ला गोरखपुर निवासी राकेश राजपूत के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। मायके पक्ष ने उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान दिया था। मानसी की मां बचपन में ही खत्म हो गयी थी जबकि पिता सुनील राजपूत बिकलांग हैं। मानसी को ससुराल वालों ने एक वर्ष तक ठीक से रखा। जिसके बाद पति राकेश राजपूत, सास सोमबती बाई दहेज कम लाने की कहकर मानसी को मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे, मानसी को मायके जाने नहीं देते थे बीमार होने पर उचित इलाज नहीं करवाते थे इसी प्रकार कई तरीके से प्रताड़ित करने लगे, प्रताड़ना से परेशान होकर मानसी राजपूत ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया।

# आधी रात घर पर घुसे हथियारबंद बदमाश, तोड़फोड़ कर की फायरिंग

### गोरखपुर थाना क्षेत्र के मांडवा बस्ती में वारदात

### आरोपियों की तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मांडवा बस्ती में बुधवार तड़के लगभग 3.50 बजे 8 से 10 हथियारबंद युवकों ने एक घर पर



हमला कर तोड़फोड़ की और फायरिंग की। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने सुबह रामपुर चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपे। इस मामले में पीड़ित इब्राहिम शाह ने बताया कि हमलावर क्षेत्र में रहने वाले करन और उसके साथियों थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

***बाइक टकराने से शुरू हुआ विवाद***- मंगलवार को इब्राहिम का छोटा भाई बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में करन के पिता से टक्कर हो गई, जिससे उनके चेहरे पर चोट आई। आरोप है कि इसके बाद मारपीट हुई। आसपास के लोगों ने पहुंचकर विवाद शांत कराया। रात में करन अपने पिता के साथ रामपुर चौकी पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। रात में पुलिस ने इब्राहिम और उसके भाई मोनू को चौकी बुलाया। दोनों भाई पड़ोस में रहने वाली एक महिला के साथ जोगनी मंदिर के पास पहुंचे। आरोप है कि वहां करन और उसके साथियों ने हमला किया। इस घटना में दोनों भाई और महिला घायल हुए। तीनों वापस घर लौट गए। इसी बीच कई युवक बेसबॉल बैट और हथियार लेकर इब्राहिम के घर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने करीब 10 मिनट तक दरवाजे पर तोड़फोड़ की। हमलावरों ने बिल्डिंग की लाइट भी बंद कर दी थी। बुधवार सुबह रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घटनास्थल से खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। स्थानीय लोगों ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपे हैं। इस मामले में सीएमपी भगत सिंह गठोरिया ने बताया कि गोरखपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फायरिंग करने वालों की पहचान की जा रही है।

# जबलपुर से होकर गुजरेगी पुणे गाजीपुर सिटी सहित 2 स्पेशल ट्रेने



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01431/01432 पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01431 पुणे से गाजीपुर सिटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 24 एवं 27 फरवरी 2026 एवं होली के अवसर पर 03 एवं 06 मार्च 2026 को पुणे स्टेशन से सुबह 06.40 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए पिपरिया 22.10 बजे, नरसिंहपुर 23.05 बजे, पहुंचकर अगले दिन मदनमहल मध्यरात्रि 00.40 बजे, कटनी 02.45 बजे, मैहर 04.10 बजे, सतना 06 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए रात में 19.05 बजे गाजीपुर सिटी स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01432 गाजीपुर सिटी से पुणे स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 26 फरवरी एवं 01 मार्च 2026 एवं होली के अवसर पर 05 एवं 08 मार्च 2026 को गाजीपुर सिटी स्टेशन से भोर 04.20 बजे प्रस्थान कर सतना 17.25 बजे, मैहर 17.58 बजे, कटनी 18.50 बजे, मदनमहल 20.25 बजे, नरसिंहपुर 21.43 बजे, पहुँचकर अगले दिन पिपरिया मध्यरात्रि 00.18 बजे और सायं 16.20 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर जंक्शन (अहमदनगर), कोपरगाँव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर एवं औंड़िहार जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

### एलटीटी-समस्तीपुर जंक्शन स्पेशल ट्रेन

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी से समस्तीपुर जंक्शन स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 24 फरवरी 2026 एवं होली के अवसर पर 03 मार्च 2को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 23.45 बजे, पहुँचकर अगले दिन जबलपुर 03.10 बजे, सतना 07.10 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए रात्रि 23.45 बजे समस्तीपुर जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर जंक्शन से एलटीटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 26 फरवरी 2026 एवं होली के अवसर पर 05 मार्च 2026 को समस्तीपुर जंक्शन स्टेशन से 03 बजे प्रस्थान कर सतना 18.40 बजे, जबलपुर रात 22.15 बजे, पहुंचकर अगले दिन इटारसी 02 बजे पहुंचकर और सायं 16.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

## गुड्स ट्रैफिक से पमरे ने कमाया अरबों का ओरजिनेटिंग रेवन्यू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात से माह जनवरी 2026 में 618 करोड़ 06 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी माह में 454 करोड़ 67 लाख रूपये की तुलना में लगभग 36 प्रतिशत अधिक है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 393 करोड़ 20 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से लगभग 57 प्रतिशत अधिक है।

## शराब के लिये रूपए न देने पर की मारपीट

जबलपुर। लॉर्डगंज थाने में फरीद अहमद उम्र 47 वर्ष निवासी नानक नगर मानेगांव रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह डॉ मेहता के पास उसकी पान की दुकान है। दोपहर को वह अपनी दुकान पर था तभी पिन्टू महाराज दुकान पर आया और बोला कि तू बहुत कमाई कर रहा है शराब पीने के लिये 500 रुपये दे, उसने पैसे देने से मना किया तो पिन्टू महाराज ने पेन्ट की जेब से चाकू निकाल कर उसके दाहिने हाथ की हथेली में मार दिया और गाली गलौज करने लगा। गालिया देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से भाग गया।





# नन्हे छात्रों को बताए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व

### कस्तूरचंद हितकारिणी चिल्ड्रन्स अकादमी में जिनसार के विद्यार्थियों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कस्तूरचंद हितकारिणी चिल्ड्रन्स अकादमी, जोन्सगंज में जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) की बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयी बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। यह गतिविधि बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में संपन्न की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत बच्चों की ऊंचाई एवं वजन का मापन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा बच्चों को हाथों की स्वच्छता, संतुलित आहार, दंत स्वच्छता तथा नियमित व्यायाम के महत्व के विषय में स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई।

***विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग***- विद्यालय प्रशासन ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। जांच के दौरान पाए गए मामूली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को संबंधित शिक्षकों को आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचित किया गया। यह कार्यक्रम नर्सिंग विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान एवं नैदानिक कौशल को सुदृढ़ करने के साथ-साथ प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन में भी सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रबंधन एवं संकाय सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी साहजी (प्राचार्य-प्रभारी) के मार्गदर्शन में तथा भानुप्रिया राजक एवं काजल साहू के समन्वयन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लोकार्पण की तैयारी में खितौला रेलवे फाटक पर बना आधा-अधूरा ब्रिज

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

सिहोरा वासियों की वर्षों पुरानी समस्या के निराकरण हेतु केन्द्र सरकार ने रेल्वे क्रासिंग 1029/4-5 मझगवां रेल्वे फाटक 336 पर ओवर ब्रिज की सौगात तो दी। लेकिन बगैर रोशनी वाले ओवर ब्रिज की सौगात ने लूटपाट एंव संभावित दुर्घटनाओं की आशंका से लोगों को भयभीत कर दिया है। लम्बे इंतजार के बाद खितौला रेलवे फाटक में बनकर तैयार हुआ ओवर ब्रिज लोकार्पण के लिए तैयार है और इससे शहरवासियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। लेकिन इसमें अभी तक विद्युत की व्यवस्था न होने से दुर्धटनाएं तो होंगी ही साथ ही यात्रा करने वाले आम लोगों को आधे अधूरे ब्रिज से भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

***23 करोड़ की लागत से बना है ब्रिज***- सिहोरा से उमरियापान ढीमरखेड़ा एंव मंझगवा सिलोडी सहित दर्जनों ग्रामों के यात्रियों के लिए करीब 22 करोड़ 28 लाख की लागत से 1200 मीटर लम्बे एंव 31 स्पान का ओवर ब्रिज करीब तीन शाल में बनकर तैयार हुआ है। वैसे इसका वर्चुअल भूमि पूजन तो बहुत पहले 2019 हो गया था लेकिन भूमि अधिग्रहण करने में लम्बा समय लगा जिसके चलते कार्य देर से 2023 प्रारम्भ हुआ।सिविल कंशटक्शन कंपनी ने अपना कार्य समय सीमा में पुर्ण कर विभाग को अवगत भी करा दिया है लेकिन विधुत कंपनी के ओ एण्ड एम द्वारा विधुत पोल एंव केवल की शिफ्टिंग के कारण वर्षों पुरानी सौगात अभी अधर में लटकी है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**